Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

आरबीसी के लिए सबसे ज्यादा छक्के अब कोहली के नाम, 80 प्लस की पारी खेलकर...

अरविंद केजरीवाल पर ईडी का चौतरफा वार, दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में चार्जशीट दायर

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष ज्येष्ठा संवत 2080

• औरंगाबाद • रविवार • 31 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 109 • पृष्ठ 12

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹68, 450	₹78,000

आज का इतिहास

- 1774 : भारत में डाक सेवा शुरू हुई, पहला डाकघर खुला।
- 1972 : भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मीना कुमारी का निधन हुआ।

न्यूज बाइट्स

आचार संहिता उल्लंघन मामले में मीसा भारती को मिली जमानत

पटना (नि.सं.)। आचार संहिता उल्लंघन के लंबित मामले में शनिवार को राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी और पाटलिपुत्र से लोकसभा राजद प्रत्याशी मीसा भारती दानापुर न्यायालय में हाजिर हुईं। लोकसभा चुनाव 2019 में आचार संहिता को लेकर मनेर थाना कांड संख्या 216/19 दर्ज की गई थी। उसी मामले में पाटलिपुत्र लोकसभा राजद प्रत्याशी मीसा भारती आज दानापुर व्यवहार न्यायालय के जेएम फर्स्ट क्लास एडीडीएल मुंसिफ थर्ड प्रिया कुमारी के समक्ष पेश हुई, जहां सुनवाई करते हुए 10 हजार मुचलके पर उन्होंने उन्हे जमानत दे दी।

बिहार में एक बार फिर मौसम बदलने की संभावना

पटना (नि.सं.)। बिहार में एक बार फिर से मौसम बदलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पटना सहित प्रदेश के कुछ जिलों में शनिवार को बादल छाए रहने और बारिश की संभावना है। विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है, जिसमें पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, अररिया और किशनगंज शामिल हैं। वहीं पटना सहित दक्षिण बिहार के कई जिलों में बूंदाबांदी की भी संभावना है। हालांकि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अगले दो से तीन दिनों तक कुछ खास बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।

सक्षमता परीक्षा: 9,835 शिक्षक परीक्षा में फेल

पटना (नि.सं.)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा सक्षमता परीक्षा (प्रथम) प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 1 से 5 के शिक्षकों का रिजल्ट जारी हुआ है। 9,835 शिक्षक सक्षमता परीक्षा (प्रथम) में पास नहीं हो पाए हैं। इन्हें 'विशिष्ट शिक्षक' बनने के लिए आगामी परीक्षाओं में पास होना होगा। स्थानीय निकायों के शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक का दर्जा पाने के लिए कुल 5 परीक्षाओं में से एक परीक्षा में पास होना अनिवार्य है। सक्षमता परीक्षा में सम्मिलित कुल 148,845 शिक्षकों में से 1,39010 उत्तीर्ण हुए हैं।

भारतीय नौसेना ने 23 पाकिस्तानियों को समुद्री डाकुओं से बचाया

नई दिल्ली (ए.)। नभारतीय नौसेना इन दिनों अपनी समुद्री सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ अन्य दूसरे देशों के नागरिकों की लुटेरों से जान बचा रही है। ताजा मामले में नौसेना ने 9 सशस्त्र समुद्री डाकुओं को सफलतापूर्वक आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने कर दिया। जांबाज नेवी के जवानों ने समुद्री डाकुओं को नेस्तनाबूद करते हुए 23 पाकिस्तानी नागरिकों बचा लिया। जान बचने वाली भारतीय नौसेना को पाकिस्तानी नागरिकों ने धन्यवाद दिया। साथ ही भारतीय नौसेना की विशेषज्ञ टीम द्वारा उन्हें डाकुओं से बचाने और एफवी अल-कंबर की स्वच्छता और समुद्री योग्यता जांचें पूरी करने के बाद 'भारत जिंदाबाद' के नारे लगाए।

लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बनाई घोषणा पत्र समिति

राजनाथ अध्यक्ष, संयोजक समिति में चार राज्यों के सीएम समेत 27 सदस्य

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मेनिफेस्टो कमेटी (घोषणापत्र समिति) का ऐलान किया। कमेटी में कुल 27 मेंबर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संयोजक होंगी, पीयूष गोयल सह संयोजक बनाए गए हैं। इसके अलावा कमेटी में चार राज्यों के सीएम भी शामिल हैं। मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय कमेटी का हिस्सा हैं। कमेटी में अर्जुन मुंडा, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे और स्मृति ईरानी जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी ने दो दिन पहले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राज्यों के चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी की लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में 10 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों के नाम शामिल हैं। कुल 18 नाम हैं। जिनमें 10 प्रभारी और 8 सह-प्रभारियों के नाम शामिल हैं। दिल्ली से ओ.पी धनखड़ को प्रभारी बनाया गया है। डॉ. अलका गुर्जर को दिल्ली का सह-प्रभारी बनाया गया है। महाराष्ट्र का प्रभार सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को सौंपा गया है। साथ ही यहां दो सह-प्रभारी बनाए गए हैं, जिसमें निर्मल कुमार सुराना और जयभान सिंह पवैया के नाम शामिल हैं। एमपी के लिए बीजेपी के स्टार प्रचारकों की सूची जारीः पीएम मोदी और 7 केंद्रीय मंत्री समेत 6 राज्यों के सीएम करेंगे प्रचार। बीजेपी ने मध्यप्रदेश के लिए अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। 40 नाम वाली इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 7 केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा बीजेपी शासित 6 राज्यों के मुख्यमंत्री भी एमपी में पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करते नजर आएंगे। मध्यप्रदेश से सीएम डॉ. मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा जैसे बड़े नाम भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल हैं। वहीं प्रदेश सरकार के कई मंत्री और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को भी प्रचार का जिम्मा सौंपा गया है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की सातवीं लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में दो राज्यों के दो कैंडिडेट का नाम है। महाराष्ट्र के अमरावती से नवनीत राणा को टिकट दिया गया है। वहीं दूसरा नाम गोविंद करजोल का है, जो कर्नाटक के चित्रदुर्ग से चुनाव लड़ेंगे। अमरावती से सांसद नवनीत कौर राणा एक्ट्रेस रह चुकी हैं। उन्होंने तेलुगु और पंजाबी फिल्मों में काम किया है। 2019 में महाराष्ट्र के अमरावती से निर्दलीय चुनाव लड़ा था। 2014 में उन्होंने राकांपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह निर्दलीय इस सीट से खड़ी हुई थीं। लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी अब तक 7 लिस्ट में 407 नामों का ऐलान कर चुकी है।

आगामी चुनाव की तैयारी तेज

बता दें कि इस चुनाव घोषणा पत्र समिति में जिन लोगों के नाम शामिल किए गए हैं, ये सभी राजनीति के धुरंधर माने जाते हैं। सभी नेताओं के पास राजनीति का अच्छा अनुभव रहा है और ये कई वर्षों ने राजनीति में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी अपने घोषणा पत्र में बुनियादी सुविधाओं को शामिल करने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। ये सभी लोग मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र तैयार करेंगे, जिसके आधार पर जनता के बीच जाकर पार्टी वोट मांगेगी।

बिहार बोर्ड इंटरमीडियट में एडमिशन की तैयारी शुरू, दो अप्रैल तक दर्ज करा सकते हैं आपत्ति

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर में एडमिशन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इंटर सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए विषयवार और संकायवार सीटों की संख्या से संबंधित सूची ओएफएसएस वेबसाइट www.ofssbihar.in पर अपलोड कर दी गयी है। समिति ने इंटर स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, इंटर कॉलेजों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। जिन शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक को समिति द्वारा अपलोड की गई सूची के संबंध में कोई आपत्तियां है वो 2 अप्रैल शाम पांच बजे तक इमेल bsebjsofss@gmail.com पर भेज सकते हैं। दो अप्रैल के बाद किसी भी प्रकार के आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। समिति ने कहा कि जारी किए गए शिक्षण संस्थान के तरफ से अगर कोई आपत्ति नहीं आती है, तो समझा जाएगा कि समिति द्वारा जारी विषवार और संकायवार सीटें सही है।

समिति से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के विषयवार और संकायवार सीटों की संख्या से संबंधित पूरी सूची को देखने के लिए वेबसाइट www.ofssbihar.in पर जाकर 'College Information' पर क्लिक करना होगा तथा उसके बाद 'Intermediate' लिंक पर क्लिक करते हुए पूरी सूची देखी जा सकती है। समिति ने कहा है कि एक अप्रैल से राज्य के डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई की व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है। इस कारण इस सूची में डिग्री कॉलेजों को शामिल नहीं किया गया है।

आज घोषित हो सकते हैं बिहार बोर्ड 10वीं के नतीजे

निज संवाददाता | पटना

बिहार बोर्ड मैट्रिक रिजल्ट 2024 घोषित होने की घड़ी नजदीक आ गई है। बिहार बोर्ड की ओर से आज रविवार को 10वीं परीक्षा 2024 के नतीजे जारी किए जाएंगे। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने 23 मार्च को जानकारी दी थी कि मैट्रिक रिजल्ट 31 मार्च 2024 को घोषित किए जाएंगे। इससे पहले बिहार बोर्ड इंटर के नतीजे 23 मार्च को घोषित किए गए हैं जिसमें कुल 87.21 फीसदी छात्र सफल हुए हैं जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। बिहार बोर्ड इंटर रिजल्ट में पिछले 4 सालों से लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है। बिहार बोर्ड मैट्रिक रिजल्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in पर जारी होंगे।

आपको बता दें कि बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2024 का आयोजन 15 फरवरी से 23 फरवरी 2024 तक किया गया था। बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में 16 लाख से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया था। बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा दो पालियों में पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 तक और दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक हुई थी। कुल 1,548 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई थी।

बिहार में 4257 अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त, शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

- पिछले 6 साल से उच्च माध्यमिक विद्यालयों में थे कार्यरत

निज संवाददाता | पटना

बिहार के 4 हजार 257 अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। ये सभी शिक्षक पिछले 6 सालों से राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत थे। अब इनकी सेवा समाप्त करने का फैसला शिक्षा विभाग ने लिया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के निदेशक कन्हैया प्रसाद की ओर से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक पत्र भी जारी किया गया है।

पत्र में लिखा गया है कि 25 जनवरी 2018 से राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की सेवा ली जा रही है। वर्तमान में कक्षा 9वीं-10वीं के लिए 37 हजार 847, कक्षा 11वीं-12वीं के लिए 56 हजार 891 और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 94 हजार 738 शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्हें विद्यालयों में पदस्थापित किया जा चुका है। इस स्थिति में अतिथि शिक्षकों को सेवा में बनाये रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। 1 अप्रैल से किसी भी परिस्थिति में इनकी सेवा नहीं ली जाए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया गया है कि आपके जिले में एक भी अतिथि शिक्षक के सेवा में नहीं होने का प्रमाण पत्र विभाग को 3 अप्रैल तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग के फैसले के बाद अतिथि शिक्षकों ने प्रतिक्रिया दी है। अतिथि शिक्षक मनीष कुमार ओझा ने कहा कि आज बहुत दुख हो रहा है। राज्य के 4 हजार 257 अतिथि शिक्षकों की नौकरी छीन ली गई है। हमलोगों ने कौन सा कसूर किया था। सरकार से प्रार्थना करते हैं कि एक बार हमारे बच्चों और घर के बारे में सोचें।

लोजपा ने की अपने उम्मीदवारों की घोषणा

- चिराग हाजीपुर तो बहनोई जमुई से लड़ेंगे चुनाव, अशोक चौधरी की बेटी शांभवी को समस्तीपुर से बनाया उम्मीदवार

निज संवाददाता | पटना

लोजपा (आर)ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। हाजीपुर से खुद चिराग पासवान चुनाव लड़ेंगे, जबकि जमुई से चिराग के जीजा अरुण भारती ने नामांकन किया है। पार्टी ने सीएम नीतीश के करीबी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को समस्तीपुर, वैशाली से वीणा देवी और खगड़िया से राजेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। शांभवी चौधरी धार्मिक न्यास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व महावीर मंदिर न्यास के सचिव किशोर कुणाल की बहू हैं। फिलहाल, मगध यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहीं हैं। उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पीजी की पढ़ाई की है, जबकि दिल्ली यूनिवर्सिटी के ही लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया है। इसके साथ ही वे अपने पति सायण कुणाल के बिजनेस में भी सपोर्ट कर रही हैं। अभी वो ज्ञान निकेतन स्कूल में ऑनररी डायरेक्टर हैं। एनडीए में सीट शेयरिंग की घोषणा के बाद शांभवी चौधरी के पति सायन कुणाल और लोजपा (आर) सुप्रीमो चिराग पासवान की दिल्ली में मुलाकात हुई थी। तब ऐसी अटकले लगाई जा रही थी कि चिराग उन्हें जमुई से उम्मीदवार बनाएंगे, लेकिन दोनों के बीच उसी दौरान समस्तीपुर सीट को लेकर बात लगभग फाइनल हो गई थी। जमुई से चिराग पासवान ने अपने बहनोई अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है। तब अशोक चौधरी ने कहा था कि शांभवी को लोजपा (आर) से चुनाव लड़ाने का फैसला उनके ससुराल वालों का है। राजेश वर्मा की गिनती भागलपुर के बड़े व्यापारी के रूप में होती है। वे भागलपुर के डिप्टी मेयर भी रह चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने 2020 के विधानसभा चुनाव में एलजेपी के टिकट पर भागलपुर से चुनाव भी लड़े थे। इनकी गिनती चिराग के करीबी नेता के रूप में होती है। इन्होंने अपनी पढ़ाई विदेश से की है। लोजपा में टूट डालने और पशुपति पारस का साथ देने वालों को चिराग पासवान ने लगभग बाहर का रास्ता दिखा दिया है। पार्टी में टूट के दौरान पशुपति पारस गुट में एलजेपी के सिंबल पर चुनाव जीतने वालों में प्रिंस पासवान, महबूब अली कैसर, चंदन सिंह और वीणा देवी थीं। वीणा देवी पिछले ही साल पाला बदल कर चिराग के साथ आ गई थीं, लेकिन आखिरी समय तक पशुपति पारस का साथ देने वाले प्रिंस पासवान, महबूब अली कैसर और पशुपति पारस को बेटिकट कर दिया। चंदन सिंह सीट शेयरिंग के दौरान ही बाहर हो गए थे। नवादा सीट भाजपा ने अपने पाले में ले ली थी।

पशुपति पारस की 12 दिनों बाद मोदी परिवार में वापसी

निज संवाददाता | पटना

रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस की 12 दिनों बाद मोदी परिवार में वापसी हो गयी है। शनिवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट में फिर से 'मोदी का परिवार टैग करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपनी तस्वीर साझा की और कहा कि वे एनडीए का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निर्णय सर्वोपरि है। बताया कि वे पीएम के हर निर्णय के साथ हैं। उन्होंने इस संबंध में ट्वीट भी किया।

श्री पारस ने 400 पार का नारा भी लगाया और कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत होगी। उन्होंने बिहार में भी एनडीए को अपना समर्थन देने का एलान किया। दरअसल, एनडीए के सहयोगी दलों के बीच सीटों के बंटवारे में रालोजपा को हिस्सेदारी नहीं मिलने पर नाराज पशुपति कुमार पारस ने 19 मार्च को एनडीए छोड़ने की घोषणा की थी। उन्होंने दिल्ली में प्रेस कान्फ्रेंस करके इसकी विधिवत घोषणा भी की थी। उन्होंने तब यह भी कहा था कि वे शीघ्र ही अपने अगले कदम की जानकारी सार्वजनिक करेंगे। इसी बीच उनके महागठबंधन से बातचीत की अफवाह भी उड़ी, जिसका उनकी पार्टी ने तत्काल खंडन किया।

उधर, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा कि रालोजपा एनडीए का हिस्सा थी, है और रहेगी। इसमें कोई विवाद नहीं हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि जबतक वे जिंदा हैं, एनडीए के साथ रहेंगे। पार्टी ने उनको किसी तरह के निर्णय के लिए अधिकृत किया था। पार्टी उनके साथ है।

पप्पू यादव को कांग्रेस की चेतावनी, कहा

महागठबंधन के खिलाफ नॉमिनेशन करने वाला हमारा सदस्य नहीं

निज संवाददाता | पटना

पप्पू यादव के कांग्रेस में शामिल होने के 10 दिन के अंदर ही कांग्रेस से निकालने की तैयारी शुरू हो गई है। एक तरफ जहां पप्पू यादव पूर्णिया सीट पर कांग्रेस का झंडा फहराने और राहुल गांधी को पीएम बनाने का नारा बुलंद कर रहे हैं तो दूसरी तरफ पार्टी के भीतर उनके खिलाफ कार्रवाई की रणनीति बन रही है। पप्पू यादव की तरफ से शनिवार की सुबह घोषणा की गई कि वे 2 अप्रैल को पूर्णिया में अपना नॉमिनेशन करेंगे। इसके तुरंत बाद कांग्रेस के भीतर से उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात सामने आने लगी है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजेश राठौर ने बताया कि महागठबंधन की सीट शेयरिंग में कांग्रेस के कोटे में जो 9 सीटें आई हैं, पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार वहीं होगा। बाकी सीटों पर गठबंधन के सहयोगी दलों से अधिकृत उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। राजेश राठौर ने कहा कि इसके अलावा किसी भी सीट पर अगर महागठबंधन के किसी दल का कोई और कैंडिडेट नॉमिनेशन करता है तो वे पार्टी के सदस्य नहीं माना जाएगा। वहीं, फ्रेंडली फाइट के सवाल पर उन्होंने कहा कि कहीं पर कोई फ्रेंडली फाइट नहीं होगी। गठबंधन के तहत चुनाव होगा।

पप्पू यादव निर्दलीय भी लड़ सकते हैं चुनाव

कांग्रेस प्रवक्ता के बयान पर फिलहाल पप्पू यादव फिलहाल कोई बयान देने से मना कर दिया है। पप्पू यादव कैंडिडेट घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि वे निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में भी जुट गए हैं। यही कारण है कि कांग्रेस का झंडा फहराने की बात करने वाले पप्पू यादव ने नॉमिनेशन के रिलीज में खुद को जनता समर्थित उम्मीदवार बताया है। पप्पू यादव ने कहा था कि उन्हें मधेपुरा और सुपौल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया गया, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि मैं चुनाव लड़ूंगा तो पूर्णिया से।

भाजपा ने जारी की आठवीं लिस्ट

नई दिल्ली (ए.)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की आठवीं लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में तीन राज्यों के 11 कैंडिडेट का नाम है। ओडिशा में 3, पंजाब में 6 और पश्चिम बंगाल में 2 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। भाजपा ने पंजाब के गुरदासपुर से सनी देओल का टिकट काट दिया है। इस सीट से दिनेश सिंह उर्फ बब्बू का मैदान में उतारा है। जालंधर से आप के पूर्व सांसद रिंकू को टिकट मिला है। यह पहली बार है जब भाजपा पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 8 लिस्ट में 418 नामों का ऐलान कर चुकी है। भाजपा ने 28 मार्च को उम्मीदवारों की सातवीं लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में दो राज्यों के दो कैंडिडेट का नाम था। महाराष्ट्र के अमरावती से नवनीत राणा को टिकट दिया गया है।

चार हस्तियों को मिला भारत रत्न, आडवाणी को घर जाकर सम्मान देंगी राष्ट्रपति

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिंह राव, चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर और एमएस स्वामिनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। बता दें कि पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न दिया जाना है। हालांकि उनकी खराब सेहत और उम्र को देखते हुए रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खुद उनसे मुलाकात करने उनके आवास पर जाएंगी और यह सम्मान प्रदान करेंगी। 3 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने का ऐलान किया था। बता दें कि आडवाणी की उम्र 96 साल की है और वह बीमार भी रहते हैं। ऐसे में उनके आवास पर पहुंचकर 31 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें सम्मानित करेंगी। वाजपेयी और नानजी देशमुख के बाद आडवाणी ऐसे तीसरे आरएसएस से जुड़े नेता हैं जिन्हें भारत रत्न दिया जा रहा है।

वहीं बात करें पीवी नरसिम्हा राव की तो वह देश के नौवें प्रधानमंत्री थे। उनके कार्यकाल में ही उदारीकरण की नीति अपनाई गई थी और भारत की अर्थव्यवस्था का रास्ता पूरी दुनिया के लिए खोल दिया गया था। इसलिए उन्हें नए युग का प्रवर्तक माना जाता है। वहीं चौधरी चरण सिंह पांचवें प्रधानमंत्री थे। किसानों के हित में फैसले लेने के लिए उन्हें जाना जाता है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को जननायक के नाम से जाना जाता है। वह दो बार बिहार के सीएम और डिप्टी सीएम रहे। उनके साधारण जीवन और ऊंचे विचारों की वजह से आज भी उनका नाम सम्मान से लिया जाता है।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2 | MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है | सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें |

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

संक्षिप्त समाचार

26 हजार 642 रुपये हुए राजस्व की वसूली

नारदीगंज। बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह व बिजली विभाग के कार्यपालक सहायक नेहा कुमारी के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 11 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 14 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में 11 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे,जिसमे छह उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा।उन्होंने कहा 14 उपभोक्ताओं ने 26 हजार 642 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार ,अनन्त कुमार के अलावा उपभोक्ता श्री सत्यनारायण मिस्त्री, देवंती देवी,शकुन्ती देवी,दिलीप कुमार, जानकी देवी समेत अन्य शामिल हुए।

खाता खुलवाने जा रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने रौंदा मौत

नवादा। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान खराट गांव के पंकज पासवान का 23 वर्षी पुत्र अमन भारती के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक अपनी मां का खाता खुलवाने बैंक जा रहा था। इसी दौरान मड़रा मोड़ के पास तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक में पीछे से धक्का मार दिया जिसमें युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में युवक को पकरीबरांवा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के क्रम मौत हो गई। बताया गया कि अमन घर का इकलौता पुत्र था। मौत ने पूरे परिवार में कोहराम मचा दिया। मृतक के मामा ने बताया कि अपनी मां का खाता खुलवाने के लिए बैंक जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बालू लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस रोड में पुलिस की मिलीभगत से अवैध रूप से बड़े पैमाने पर लोग बालू का उठाव करते हैं जिसके कारण इस तरह की घटना घटती है। घर के इकलौते पुत्र की मौत ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। मृतक श एक बहन और एक भाई है। **बेटे को इंजीनियर बनाने का था सपनाः-** स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक काफी गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जख्मी हालत में स्थानीय लोग ने मदद किया और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के क्रम में युवक ने दम तोड़ दिया । मृतक के पिता किसानी का काम करते हैं और अपने पुत्र को इंजीनियर बनाने की कोशिश कर रहे थे। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है।

परीक्षा में छात्रों को क्यों अंक काटे गये अभिभावकों को मिली जानकारी

नारदीगंज। राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में शनिवार विभागीय आदेशानुसार वर्ग आठवीं व पांचवीं के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को प्रगति पत्रक एवं उनके उत्तर पुस्तिका सौपी गई।प्रभारी प्रधानाध्यपिका पल्लवी लिसा ने इस दौरान अभिभावकों को यह भी बताया कि उनके बच्चों ने किस प्रकार की गलती की है ,कहाँ ? और क्यों? अंक काटे गए हैं, और इसकी सुधार कैसे हो सकती है । प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने अभिभावकों को बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें उनके घर पर भी अभिभावकों के द्वारा विशेष ध्यान रखने को कहा ।

अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब एवं सुरक्षा को लेकर सख्ती बढ़ी

रजौली। नवादा लोकसभा का चुनाव आगामी 19 अप्रैल को होनी है।जिसको लेकर पुलिस-प्रशासन सख्त दिख रहे हैं।चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों व मजिस्ट्रेट के साथ-साथ बिहार पुलिस भी झारखण्ड की ओर से आनेवाली वाहनों की जांच सघन होने से शराब कारोबारी के साथ-साथ शराब पीकर बिहार में प्रवेश करने वाले लोगों की संख्या में काफी कमी आ गई है।जबकि पुलिस एवं उत्पाद बलों द्वारा हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के जंगली रास्तों,धमनी पंचायत के बुढ़ियासाख,फरका बुजुर्ग,सवैयाटांड़ एवं अन्य पंचायतों के दूर-दराज जंगली क्षेत्रों में लगातार शराब निर्माण, परिवहन,सेवन,बिक्री एवं भंडारण आदि के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है।हालांकि इसके पीछे झारखण्ड के कोडरमा पुलिस-प्रशासन द्वारा बिहार के प्रवेश द्वार पर अस्थाई जांच चौकी का होना भी माना जा रहा है।इसलिए भी लोग पहले की अपेक्षा थोड़ा ज्यादा सतर्क होकर चल रहे हैं।उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि शुक्रवार की शाम से लेकर शनिवार की सुबह तक कुल 12 शराब पीने वाले लोगों को हिरासत में लिया गया है।हिरासत में लिए लोगों में दो लोग नारदीगंज थाना क्षेत्र के मियां बिगहा गांव निवासी अनुज कुमार के पुत्र सोनल कुमार एवं हर्षवर्धन कुमार के पुत्र गौरव कुमार दुबारा शराब पीकर पकड़े गए हैं।जिनके विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।वहीं शेष 10 शराब पीने वाले लोगों ने न्यायालय में जुर्माना की राशि जमा कर अपने-अपने गंतव्य स्थान को चले गए हैं।

ग्यारह लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

नरहट। थाना क्षेत्र के गोवासा मोड़ के पास से स्थानीय पुलिस ने एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर लदे ग्यारह लीटर देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बताया कि अवैध शराब करोबारियों के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। गुप्त सूचना पर शनिवार को गोवासा मोड़ के पास की गई छापेमारी में बाइक पर ले जा रहे ग्यारह लीटर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति प्रह्लाद कुमार उम्र 19 वर्ष पिता बीरेंद्र राजवंशी ग्राम सुपाय थाना अकबरपुर को गिरफ्तार किया गया है। बाइक को भी जप्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब बरामद मामले में गिरफ़्तार युवक पर शराब बंदी कानून अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। आपको बताते चलें कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। फिर भी चोरी छुपे शराब कारोबारी इस धंधे में संलिप्त है। थानाध्यक्ष द्वारा शराब कारोबारी के खिलाफ लगातार छापेमारी कर शराब और कारोबारियों को धर पकड़ की कार्रवाई की जा रही है।

नामांकन पत्रों की की गयी संविक्षा

नवादा। लोक सभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री आशुतोष कुमार वर्मा के समक्ष 28 मार्च 2024 तक कुल 17 उम्मीदवारों का नाम निर्देशन/नामांकण किया गया था। आज दिनांक 30 मार्च 2024 को सभी नाम निर्देशन पत्रों की विधिवत संवीक्षा की गयी। नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा के उपरांत कुल 08 नाम निर्देशन/नामांकण पत्र सही पाये गए, जिनका नाम निम्नवत हैः- (1) श्रवण कुमार- राष्ट्रीय जनता दल (2) गौतम कुमार बब्लू-भागीदारी पार्टी (पी), (3) गनौरी पंडित- पिपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) (4) विवेक ठाकुर-भारतीय जनता पार्टी (5) रंजीत कुमार-बहुजन समाज पार्टी (6) आनन्द कुमार वर्मा- भारत जन जागरण दल (7) विनोद यादव-स्वतंत्र (8) गुंजन कुमार-स्वतंत्र। अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2024 (मंगलवार) को है।

शिक्षक अभिवावक मिलन समारोह

भगवानपुर/बेगूसराय। भगवानपुरप्रखंड के मध्य विद्यालय मेहदौली ,पाली डीह, अतरुआ,महेशपुर , चकदुल्लम, मल्हीपुर सहित अन्य प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में शनिवार को वर्ग 5 एवं वर्ग 8 की वार्षिक परीक्षा समाप्ति उपरांत शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों के प्रगति का शेयरिंग किया गया। मिडिल स्कूल प्रखंड कॉलोनी के एचएम मो.रईस उद्दीन ने बताया कि पांचवीं और आठवीं कक्षा के अनुर्तीण छात्र-छात्राओं की परीक्षाफल घोषित होने की तिथि के दो माह के अंदर परीक्षा आयोजित की जायेगी। वार्षिक परीक्षा में ग्रेड ई लाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक अप्रैल से विशेष कक्षा का संचालन किया जाएगा।मौके पर एचएम अशोक कुमार सिंह, विश्वनाथ साह, अवधेश कुमार, प्रमोद कुमार साह, विवेक कुमार, प्रकाश रंजन राय सहित अभिभावक व बच्चे मौजूद थे।

शोरुम के बाहर बिना रजिस्ट्रेशन एवं नम्बर प्लेट की गाड़ियां निकली तो होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। **नवादा**

राज्य में लगी आचार संहिता और कानून-व्यवस्था का पालन के मद्देनजर रखते हुए बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों पर सख्ती बरतने का परिवहन सचिव ने दिया निर्देश। जिलों के जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को दिया गया निर्देश। अपराधी भी बिना नम्बर की गाड़ियों का करते हैं उपयोग। बिना नंबर की गाड़ी शो रुम से निकलने पर संबंधित कंपनी के डीलर पर लगाया जायेगा जुर्माना। संबंधित डीलर का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की भी हो सकती है कार्रवाई। वाहनों पर हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने की जवाबदेही संबंधित कंपनी एवं डीलर की। परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने कार्रवाई के लिए सभी डीटीओ और एमवीआई को दिया निर्देश। बिना निबंधन और बिना एचएसआरपी लगाए वाहन शो रुम से निकालने पर संबंधित वाहन मालिक पर भी की जाएगी कार्रवाई।

ऐसे वाहनों पर जुर्माना और बिना नम्बर प्लेट के चलने वाले वाहन को किया जाएगा जब्त। चलाया जाएगा विशेष अभियान। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वाहनों पर एचएसआरपी अनिवार्य। शो रुम के बाहर बिना रजिस्ट्रेशन एवं बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) की गाड़ियां निकली तो संबंधित वाहन मालिक के साथ डीलर पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत वाहन कंपनी के डीलर से जुर्माना और रजिस्ट्रेशन निलंबित करने की भी कार्रवाई की जा सकती है। इस संबंध में परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने सभी जिलों के जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को राज्य में लगी आचार संहिता और कानून-व्यवस्था का पालन के मद्देनजर बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया है। अपराधी भी करते हैं बिना नंबर की गाड़ियों का उपयोग वाहन पर नंबर नहीं लगे होने की वजह से सड़क दुर्घटना, चोरी या अन्य घटना होने पर वाहन मालिक का सही से पता नहीं लग पाता है। शो रुम से बिना नंबर की गाड़ी निकलने की वजह से आए दिन अपराधी चोरी और अन्य अपराध की घटनाओं को भी अंजाम देते हैं। अभियान चला बिना नंबर की गाड़ियों पर की जाएगी कार्रवाई सड़कों पर बिना नम्बर की चलने वाली गाड़ियों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा एवं वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बिना लगे वाहन को बेचने वाले डीलर के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं एमवीआई को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही डीटीओ और एमवीआई को यह सुनिश्चित कराने को कहा है कि किसी भी परिस्थिति में बिना नंबर की गाड़ियां शो रुम से बाहर सड़क पर नहीं निकले। निबंधन और नम्बर प्लेट लगाने के बाद ही वाहन की करें डिलीवरी परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ डीलरों द्वारा बिना निबंधन और बिना एचएसआरपी प्लेट लगाए वाहन की डिलीवरी दी जा रही है। ऐसा किया जाना मोटरवाहन अधिनियम का उल्लंघन है। वाहन का निबंधन और एचएसआरपी प्लेट लगाने के बाद ही डीलर वाहन की डिलीवरी दें। इस संबंध में प्रावधान स्पष्ट है की वाहन विक्रेता अर्थात डीलर के द्वारा ही वाहन की डिलीवरी के समय एचएसआरपी एवं नंबर प्लेट सहित वाहन की सप्लाई खरीदार को की जाए। बिना रजिस्ट्रेशन व नंबर प्लेट वाहन की न लें डिलीवरी परिवहन सचिव ने लोगों से भी अपील की है कि बिना नंबर प्लेट लगे गाड़ी की डिलीवरी ना लें अन्यथा वाहन जब्त किया जा सकता है।

क्या है नियम- मोटर अधिनियम 2019 की धारा 41 की उपधारा 6 में प्रावधान है कि जिस गाड़ी के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया गया है तो डीलर वह वाहन स्वामी को तब तक नहीं दे सकता है, जब तक उस पर हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट और नंबर नहीं हो। ऐसा नहीं होने पर डीलर पर 192 बी के तहत जुर्माना लगेगा। वहीं धारा 192 के तहत वाहन मालिक पर कार्रवाई की जाएगी।

गाय में लम्पी रोग से बचाव को लेकर जागरूकता सह टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत

निज संवाददाता। **कौआकोल**

पशुपालन विभाग के निर्देश पर मवेशियों में खासकर गायों में लम्पी त्वचा रोग से बचाव को लेकर जागरूकता सह टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को की गई। इसकी जानकारी देते हुए भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० हरिशंकर शरण ने बताया कि पशुपालन विभाग के निर्देश पर व जिला पशुपालन पदाधिकारी की देखरेख में गायों में खतरनाक बीमारी लंबी त्वचा रोग से बचाव को लेकर प्रखण्ड में जागरूकता सह टीकाकरण कार्यक्रम 15 दिनों तक चलाया जाएगा। जिसके तहत टीकाकरण कर्मी घर घर जाकर पशुपालकों को लम्पी त्वचा रोग से बचाव को लेकर जागरूक करेंगे एवं गायों को टीकाकरण करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस बीमारी में पशुओं के त्वचा पर गांठ हो जाता है जो संक्रमण के द्वारा हवा पानी एवं लार से फैलने लगती है। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ० राकेश रंजन, टीकाकरण कर्मी संतोष कुमार, मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार आदि मौजूद थे।

मूल्यांकन प्रपत्र का किया गया वितरणः बी ई ओ

निज संवाददाता। **चौराही बेगूसराय**

प्रखंड क्षेत्र के पांचवी कक्षा एवं आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विद्यालय में एकत्रित कर मूल्यांकन प्रपत्र दिया गया है। उक्त बातों की जानकारी देते प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद नौशाद अहमद ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय बकारी परिसर में पांचवी कक्षा एवं आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को अभिभावक के समक्ष मूल्यांकन प्रपत्र का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में अपने-अपने पंचायत के उच्च विद्यालय में नामांकन की प्राथमिकता पंचायत में रहने वाले अस्थाई निवासी छात्र-छात्राओं को मिलेगी। जगह रिक्त रहने पर अन्य पंचायत के छात्र-छात्राओं की नामांकन किया जाएगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शमशेर पूर्व प्रधानाध्यापक सरफराज आलम समेत अन्य विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

पंचवीर की लड़की ने मुसफ्फिल थाना अंतर्गत अंतरजातीय विवाह भाग कर लेने का मामला प्रकाश में आया

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

बेगूसराय जिला अंतर्गत पंचवीर में हाल ही में एक अंतरजातीय विवाह का मामला देखने को मिल रहा है रिपोर्ट के अनुसार साहेब पुर कमाल थाना कांड संख्या 54/24 में पंचवीर निवासी राजगीर पासवान ने बताया कि उनकी पुत्री इंटरमीडिएट की परीक्षा 10.2.2024 को देने बेगूसराय गई थी! बेगूसराय से परीक्षा देने के बाद वह घर पर आई और घर से 7:00 बजे शाम को उसी दिन लापता हो गई !परिजनों ने पूरा पहल अपने स्तर से खोजबीन करने का प्रयास किया अंततः वह लड़की नहीं मिल पाई; इसके बाद उसने साहेब पुर कमाल थाना कांड संख्या 54/24 में केश दर्ज करवाया। केश दर्ज में यह बताया गया है कि लड़का सुजा गांव निवासी जो मुफस्सिल

थाना अंतर्गत पड़ता है लड़का का नाम बिरजू महतो पेशर विनोद महतो सूजा गांधी ग्राम वार्ड नंबर 8 बताया जा रहा है। बिरजू महतो फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से लड़की सहित अपना फोटो वायरल करके शादी का झांसा दिया है। पीड़ित परिवार अनहोनी होने की आशंका से थाना में एफआईआर दर्ज करवाया और पीड़ित परिजन ने बताया कि हो सकता है मेरे पुत्री के साथ अनहोनी ना हो जाए इसलिए हमने एफ. आई आर दर्ज की है अगर शादी का मामला उजागर होता है तो मेरे सामने कर दिया जाए हम सुरक्षा से उसे शादी कर देंगे। और हम मुक्त हो जाएंगे मीडिया संवाददाता के माध्यम से साहेब पुर कमाल थाना प्रशासन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस पर खोजबीन की जा रही है जल्द ही इस मामले का उद्वेदन किया जाएगा। उपर्युक्त मामले में लड़की के परिजन ने थाना प्रशासन में कार्रवाई में बिलंब होने के वजह से उन्होंने एसपी कार्यालय बेगूसराय से भी संपर्क किया और उन्होंने आवेदन देते हुए इस पर अभिलंब कार्रवाई की मांग की है।

शिक्षक एवम अभिवावक संगोष्टी का आयोजन

निज संवाददाता। **मंझौल बेगूसराय**

शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैलाशपुर में शिक्षक और अभिभावक गोष्ठी का आयोजन कर वार्षिक मूल्यांकन का परिणाम घोषित किया गया । बच्चों को प्राप्त ग्रेड के साथ प्रगति पत्रक उपलब्ध कराया गया स्कूलों में मूल्यांकन के बाद सीआरसी स्तर पर उत्तर पुस्तिका की जांच की गई थी। रिपोर्ट कार्ड पाकर छात्र/छात्रा खुशी से झूम उठे वहीं वर्ग 1 से 8 के छात्राओं के वार्षिक मूल्यांकन में 12 बिंदुओं पर कार्य भी किया गया था वर्ग में सक्रियता, साफ सफाई ,गीत गाना, चित्र बनाना ,नेतृत्व क्षमता , सृजनात्मक ,प्रश्न पूछना अभिव्यक्ति खेलकूद में सहभागिता इत्यादि शामिल है विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कृष्ण दास ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यालय में बेहतरीन माहौल बनती है उन्होंने सभी बच्चों को धन्यवाद दिए शिक्षक उपेन्द्र चौधरी ने बताया की इस प्रकार के

आयोजन करने से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है मूल्यांकन कार्य विशिष्ट उद्देश्यों के लिए किया जाता है मूल्यांकन द्वारा शिक्षकों एवं बच्चों का फीडबैक प्राप्त होता है यह कक्षा उन्नति का भी आधारभूत होता है विश्व में निश्चित समय उपरांत बच्चों की प्रगति जानने हेतु बच्चों के व्यवहार के पता लगाया जाता है। इस आयोजन में वर्ग पांच के कुल 126 एवं वर्ग 8 के 104 बच्चों को रिपोर्ट कर वितरण किया गया जिनमें पूजा कुमारी, अभिषेक कुमार, गिनती कुमारी, अंकित कुमार, नितीश कुमार, रूपम कुमारी ,सजनी कुमारी ,वर्षा कुमारी ,विष्णु कुमार, वैष्णवी कुमारी, प्रेम कुमार , सिंकेश कुमार ,निशा कुमारी, ज्योति कुमारी ,जसवंत कुमार, शिवम कुमार ,आयुषी कुमारी, सहित सभी बच्चे उपस्थित हुए मूल्यांकन कार्य में विद्यालय के शिक्षक मृत्युंजय कुमार ,प्रिया रंजन कुमार ,प्रेम कुमार, राज किशोर कुमार, सज्जन कुमार शर्मा ,राजहंस कुमार ,दिनेश कुमार, अभय शंकर आर्य ,अमिता कुमारी, कामिनी कुमारी, इंदु कुमारी ,लता कुमारी सहित आदि भाग लिए ।

मारपीट में महिला घयल, केश दर्ज

निज संवाददाता। **बरौनी/ बेगूसराय**

बरौनी थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिपरा देवस बाबा स्थान में मारपीट के मामले में एक पक्ष द्वारा मामला दर्ज कराये जाने के बाद दूसरे पक्ष की ओर से भी बाबा स्थान वार्ड-7 निवासी स्व हरेराम यादव के पुत्र गणेश यादव द्वारा बरौनी थाना कांड संख्या-137/24 के तहत मारपीट का मामला दर्ज कराया गया है.उन्होंने आवेदन में अपने ग्रामीण अशोक यादव की पत्नी हीरा देवी, विरेन्द्र यादव के पुत्र विकास कुमार एवं विशाल कुमार तथा अशोक यादव के पुत्र गोलू कुमार पर गाली-गलौज करते हुए मार-पीट करने का नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है.

वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए बरौनी थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है.।

राज्यपाल करेंगे 31 मार्च को राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

52वें सीनियर मेन्स राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन के लिए दिनांक 31 मार्च 2024 रविवार को संध्या 4 बजे बेगूसराय आ रहे हैं राज्यपाल महोदय।ज्ञात हो कि 31 मार्च से 4 अप्रैल तक हैंडबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियां विगत 15 दिनों से जोर शोर से चल रही है। मीडिया प्रभारी सुमित कुमार ने बताया कि बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र आर्लेकर जी को आयोजन समिति की तरफ से इस कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए आग्रह किया गया था, जिस पर राजभवन से सहमति प्रदान की गई है। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी टीमों का आना शुरू हो गया है। अहले सुबह से देश के विभिन्न राज्यों की टीमें बरौनी एवं बेगूसराय रेलवे स्टेशनों पर आ रही है, जिनका स्टेशन पर ही माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया जा रहा है और फिर उन्हें गाड़ियों में बिठाकर आयोजन स्थल पर लाया जा रहा है। अभी तक आसाम, छत्तीसगढ़, केरला, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, जम्मू कश्मीर, उड़ीसा, पोंडिचेरी आदि टीमें आ चुकी हैं।

आयोजन की पूर्व संध्या में आयोजन समिति द्वारा ट्रॉफी का भी अनावरण किया गया। अनावरण कार्यक्रम में बिहार हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा, महंत प्रणव भारती, सौरभ सिप्पी, पल्लव कुमार, प्रशांत कुमार, सुमन सौरभ, फंटूश, कुणाल आदि उपस्थित थे।

बछवाड़ा पुलिस ने छापेमारी कर अलग अलग मामलो के चार आरोपी को किया गिरफतार, भेजा जेल

निज संवाददाता। **बछवाड़ा(बेगूसराय)**

बछवाड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना कि पुलिस ने शुक्रवार की रात विभिन्न मामलों के चार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । मामले को लेकर थानाध्यक्ष अमित कुमार कांत ने बताया कि रानी एक पंचायत के नारेपुर पश्चिम गांव निवासी अर्जुन यादव के पुत्र दिलीप यादव व विपुल यादव, रानी दो पंचायत के बेगमसराय गांव निवासी जालिम सहनी के पुत्र उत्तम सहनी व रानी दो पंचायत के शिबुटोल गांव निवासी दयानंद साह के पुत्र प्रदीप साह को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार चारों अभियुक्त बछवाड़ा थाना का नामजद प्राथमिकी अभियुक्त है । उन्होंने बताया कि दिलीप यादव विपुल यादव के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज है । वही बेगमसराय गांव निवासी उत्तम सहनी और शिबूटोल गांव निवासी प्रदीप साह के विरुद्ध बछवाड़ा थाना में अवैध शराब कारोबार में संलिप्त रहने को लेकर बिहार शराबबंदी व मध निषेध अधिनियम उल्लंघन मामले के तहत प्राथमिकी दर्ज है । न्यायालय से फरार रहने के कारण सभी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चारों अभियुक्त को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है ।

एकदिवसीय कबीर पंथ संत सम्मेलन

निज संवाददाता। **दलसिंहसराय समस्तीपुर**

दलसिंहसराय प्रखंड के बुलाकीपुर पंचायत के वार्ड नं नौ में एक दिवसीय कबीर पंथ संत सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता अगुआ छोटे लाल दास ने किया। उद्घाटन सकरा, दलसिंहसराय के महंथ राम विलास दास ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया तथा संबोधित करते हुए कहा कि अगर हस्ती जिन्दा है तो मस्ती जिन्दा है वरना सारी दुनिया जबरदस्ती जिन्दा है। मुख्य अतिथि डा० राजकुमार आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस घर में संत या पतिव्रता का पैर पड़ जाता है,वह घर स्वर्ग बन जाता है। संत या पतिव्रता स्त्री के चरण छुने से बांझ को पुत्र, निर्धन को धन, रोगी को निर्मल काया प्राप्त होता है। मुख्य वक्ता महावीर हास्पीटल , दलसिंहसराय के डा० सत्येन्द्र कुमार साहेब। विशिष्ट अतिथिगण महात्मा सूरज दास, राम प्रकाश दास, राम सेवक दास, रामफल दास,डा० सिकंदर दास,रामवली दास,डा० दिनेश दास आदि संतों महंथो ने अपने प्रवचन एवं भजन से अध्यात्मिक माहौल उत्पन्न कर दिया। वैरागी रामनंदन दास ने सभी अतिथियों को पुष्पों की माला पहनाकर तथा चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा सभी अतिथियों तथा श्रोताओं को स्वादिष्ट पूर्ण भंडारा करवाकर कर सम्मानपूर्वक विदा किया।

रांची से तीर्थ यात्रियों की दो बस अयोध्या जा रही थी जिसमें एक खराब हो गई तो खड़ी थी सड़क किनारे

ट्रक ने खड़ी बस में मारी टक्कर, एक की मौत, छह से अधिक यात्री घायल

- ट्रक ड्राइवर को झपकी आ गई थी
- घायलों का अस्पताल में चल रहा है इलाज

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास के डेहरी नगर थाना क्षेत्र के पाली पुल के पास शनिवार की सुबह खड़ी बस में कोयला लदे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे एक यात्री की मौत हो गई। वहीं, छह से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। ट्रक चालक समेत तीन की हालत गंभीर है जिन्हें रेफर कर दिया गया है। रांची से तीर्थ यात्रियों की दो बस अयोध्या जा रही थी जिसमें एक खराब हो गई तो सड़क किनारे खड़ी थी तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। चालक को झपकी आने के कारण हादसा हुआ है। बताया जाता है कि एक बस 70 सीट वाली थी, दूसरी 35 सीट वाली थी। शनिवार की सुबह डेहरी पहुंचने पर बड़ी बस खराब हो गई, जिसके कारण दोनों बसों को सड़क किनारे खड़ी कर उसे ठीक किया जा रहा था। बस बन गई, तो सभी यात्री बारी-बारी से बैठ रहे। तभी पीछे से तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस में सवार लोग घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि छह से ज्यादा का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान 62 साल के बलेश्वर साहू के रूप में की गई है। वह रांची के गिंजो ठाकुर गांव का रहने वाला था। घायलों में कुंती देवी (45), अनिता देवी (46), गजेश साहू (50), सरिता देवी (55), तारकेश्वर साव (70), मालती देवी (60), लक्ष्मण उरांव (30) शामिल हैं। सभी के रांची के रहने वाले हैं। ट्रक चालक 28 साल का अलख निरंजन शेखपुरा जिले के शेखपुरा सराय का रहने वाला है। बताया गया कि ट्रक में वह अकेले था। झपकी आ जाने के कारण दुर्घटना हुई है। अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ विष्णुकांत ने बताया कि ट्रक चालक समेत तीन की हालत गंभीर है, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है।

पोखरा में गिरने से बाइक सवार युवक की मौत

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र के कमता गांव में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में पलट गई, जिससे बाइक सवार की तालाब के अंदर डूब कर मौत हो गई। जब लोगों ने तालाब में शव को देखा तो इसकी जानकारी भभुआ पुलिस को दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाल कर उसका पहचान करते हुए परिजनों को सूचना दी। कागजी कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भिजवा दिया। मृतक की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के कमता गांव के सरवन सिंह के 30 वर्षीय बेटे राजन पटेल के रूप में हुई है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कामता गांव के ग्रामीण ने बताया कि राजन अपनी बाइक को लेकर भभुआ की तरफ जा रहा था तभी कमता गांव के पश्चिमी छोर पर स्थित सड़क से सटा तालाब है और बाइक तालाब के पास अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरा, जिससे वह पानी के अंदर डूब गया। जब उसका शव ऊपर आया तो लोगों ने उसको देखने के बाद घटना की जानकारी भभुआ पुलिस को जानकारी दी। तब तक परिजन भी आ गए और पोस्टमार्टम करने के लिए शव लेकर हम लोग सदर अस्पताल भभुआ आए हैं। भभुआ थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि कामता गांव में तालाब में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। घटना स्थल पर पुलिस गई थी जहां शव को बाहर निकाल कर पहचान करते हुए पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया गया है।

शराब तस्कर का पीछा कर रही पुलिस गाड़ी पलटी, चालक सहित चार पुलिसकर्मी घायल

निज संवाददाता

रामगढ़ (कैमूर)। कैमूर के रामगढ़ थाना क्षेत्र में महुआरी गांव के पास बाइक से भाग रहे शराब तस्कर का पीछा करने के दौरान पुलिस वाहन का दुर्घटना हो गया। घटना में चालक सहित चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी को बाहर निकाला और रेफरल अस्पताल रामगढ़ में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया। घायलों में सब इंस्पेक्टर पप्पू कुमार यादव, सिपाही अंकुश कुमार, सिपाही आकाश कुमार, चालक देवव्रत पासवान शामिल है। जानकारी देते हुए पप्पू कुमार यादव ने बताया कि बाइक से शराब की तस्करी को लेकर सूचना मिली थी। जब उनका पीछा करने लगे तो रामगढ़ थाना क्षेत्र के महुआरी गांव के पास टर्निंग पर गाड़ी बेकाबू हो गई और पेड़ से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई।

एक घर में आग लगने से तीन बकरी की मौत

जहानाबाद (नि.सं.)। जहानाबाद के शकूराबाद थाना क्षेत्र में पंडितपुर गांव निवासी जीबु बिंद के घर में शुक्रवार की देर रात आग लग गई। इसमें तीन बकरी समेत घर में रखा अनाज जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को बुलाया। आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। घर के मालिक ने बताया कि घर से अचानक धुआं निकलने लगा और फिर अचानक आग बढ़ गई। आग के कारण 35 से 40 हजार का नुकसान हो गया।ग्रामीणों की ओर से जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की गई। पीड़ित ने कहा कि अब तो खाने की दिक्कत हो जाएगी।

श्री रामचरित मानस मानवीय गुणों को करता है परिलक्षित : राजन महाराज

निज संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। प्रखंड के खैरा भूधर में आयोजित रुद्र महायज्ञ सह श्री राम कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक राजन जी महाराज ने राम चरित मानस द्वारा मानवीय गुणों को परिलक्षित करना बताया। उन्होंने कहा कि जीवन जीने की पद्धति विकसित करने के लिए मानस श्रवण एवं वाचन दोनों हमारे लिए आवश्यक है और इस वांग्मय पुस्तक का सार तत्व भी यही है। सात दिवसीय राम कथा के माध्यम से श्रोता अपनी जीवन पद्धति को विकसित करें यही एक कथा वाचन का लक्ष्य होता है। इसके सुगम एवं सरल शब्दों से बने चौपाई लगभग प्रत्येक सनातनी को पढ़ते अथवा वाचन करते पाया जाता है। शायद ही कोई ऐसा सनातनी हो जिसे रामचरितमानस की एक चौपाई या एक श्लोक याद ना हो।

हर खेत में पानी जाए इसका रखूंगा ख्याल और इस पर करूंगा काम : शिवेश राम

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। सासाराम संसदीय क्षेत्र से बीजेपी के सांसद रहे छेदी पासवान का टिकट भाजपा ने काट दिया है। उनके जगह पूर्व सांसद मुन्नी राम के पुत्र को सासाराम संसदीय क्षेत्र से टिकट दिया गया है। टिकट मिलने के बाद पहली बार शिवेश राम कैमूर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फूल माला के साथ जोरदार स्वागत किया। शिवेश राम ने मीडिया से बताया बीजेपी की ओर से सासाराम लोकसभा का प्रत्याशी मुझे बनाया गया है। जो नरेंद्र मोदी के द्वारा काम हुआ है पिछले 10 सालों में किया हुआ उसको लेकर जनता के बीच जाऊंगा और मेरा मुद्दा गरीब, किसान, मजदूर का मुद्दा होगा। मैं गांव में अति पिछड़ा, पिछड़ा के बीच जाऊंगा। हर खेत में पानी जाए इसका ख्याल रखूंगा और इस पर काम करूंगा। मेरे पिताजी जब सांसद थे तो क्षेत्र के लिए काफी विकास का काम हुआ था। नरेंद्र मोदी जी पिछले 10 सालों में काम किए हैं वह हर घर में नरेंद्र मोदी का काम पहुंचा है। रसोई गैस का मामला हो, हर घर में अनाज हो और किसान को सम्मान निधि मिल रहा है। इस तरह से लोगों के बीच उनका काम बोल रहा है छेदी पासवान द्वारा शिवेश राम का विरोध करने के बात पर कहा की मुझे इस तरह की जानकारी नहीं है। वह बुजुर्ग है मैं उनका सम्मान करता हूं और उनको प्रणाम करता हूं। इस देश की जनता पहले ही इंडिया गठबंधन को नकार चुकी है। मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं। मेरा नाम संसदीय बोर्ड के लोगों द्वारा आगे बढ़ाया गया है मैं उनके विश्वास पर खरा उतारूंगा। जो भी चुनाव हुए हैं वह नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा गया है किसी कैंडिडेट के चेहरे पर नहीं, और आज भी एक ही चेहरा है जो नरेंद्र मोदी का है। मेरा मकसद है कि पिछडे ,दलित, वंचित लोगों का विकास हो। हर बच्चा शिक्षित हो, हर खेत में पानी जाए, बच्चे शिक्षित होने के बाद अच्छी नौकरियां पाएं, हर घर में आयुष्मान भारत का कार्ड पहुंचे इन सभी सपनों को साकार करना है।

झाड़ियों के बीच बोरे से शव बरामद

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। रोहतास के बघैला थाना क्षेत्र के माझियाव गांव में एक शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस ने शुक्रवार रात बोरा में बंद शव को बरामद किया। इसे कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम भेज दिया। बघैला थानाध्यक्ष अंकुश मंडल ने बताया कि मामला हत्या का है। मृतक की हत्या कर शव को फेंक दिया गया। हत्या कैसे हुई इसकी जानकारी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा। मृतक की पहचान उक्त गांव के ही राजगृह तांती उम्र 57 साल के रूप में की गई है। इसके अलावा कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं परिजनों के अनुसार मृतक होली के दिन से ही गायब था। इस संबंध में थाने में आवेदन दिया गया था। शुक्रवार को गांव के पास की झाड़ी से जब दुर्गंध आने लगी तो बोरे में बंद शव का पता लगा।

भाजपा के लोकसभा कैंडिडेट शिवेश राम ताराचंडी धाम में दर्शन-पूजन कर चुनाव प्रचार किया शुरू

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। सासाराम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने शिवेश राम को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद वह शनिवार को सासाराम पहुंचे। उनका काफिला सबसे पहले तारा चंडी धाम पहुंचा, जहां दर्शन-पूजन कर चुनाव प्रचार की शुरुआत की। इस मौके पर पूर्व भाजपा विधायक जवाहर प्रसाद,, प्रदेश कार्य समिति सदस्य त्रिविक्रम नारायण सिंह, सोनू सिंहा, डिंकू सिंह एवं बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने शिवेश राम का स्वागत किया। इसके बाद शिवेश राम का काफिला महावीर मंदिर, कुराइच पहुंचा, जहां पूजा-पाठ की। शिवेश राम का काफिला पोस्ट ऑफिस चौक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके बाद शिवेश राम कैमूर के लिए रवाना हो गए। बैठक में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, महामंत्री विजय सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। शिवेश राम के पिता मुनिलाल भी सासाराम संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं। वे लगातार तीन चुनाव 1996, 1998 और 1999 में सासाराम से भाजपा के टिकट पर विजयी रहे थे। 2004 के चुनाव में वो कांग्रेस की मीरा कुमार से हार गए थे। अब शिवेश राम अपने पिता की सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। कहा कि उनके पिता ने सबसे पहले सासाराम सीट से भाजपा के लिए जीती थी, वो अब पिता की तरह ही चुनाव में जीत हासिल करेंगे और सासाराम की जनता के विश्वास पर खरी उतरेंगे। शिवेश राम के पिता 1996 से लेकर 2004 तक तीन टर्म सासाराम से सांसद रहे हैं। शिवेश राम उसी समय से क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। पार्टी संगठन में भी वो युवा मोर्चा से जुड़े रहे हैं। वे प्रदेश के संगठन में भी महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। 2010 में वो भोजपुर के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। 2020 में अगिआंव सीट गठबंधन में दूसरे दल के हिस्से में चली गई इसलिए चुनाव नहीं लड़े।

हत्याकांड में पुलिस ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। कैमूर पुलिस ने सीएनजी ऑटो चालक के हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस हत्याकांड में पुलिस ने ऑटो चालक की प्रेमिका सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी पहले से ही शराब के मामले में जेल में बंद है। बता दें की बीते 25 जुलाई 2023 को चैनपुर थाना क्षेत्र के केवा नहर के पास चाकू से गोद कर ऑटो चालक की हत्या कर दी गई थी। मामले की जानकारी देते हुए कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया 25 जुलाई को ऑटो चालक शिवराम का चाकू से गोदा हुआ शव बरामद किया था। जहां मृतक शिवराम की पत्नी पुष्पा देवी के फर्द बयान पर चैनपुर थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। जिसमें मृतक की पत्नी ने मंजू देवी पर संदेह उत्पन्न किया था।

जांच में पता चला मंजू देवी का पहले से शिवराम के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसका पुष्पा ने विरोध किया, लेकिन वह नहीं मानी, तो दोनों मुंबई जाकर शिफ्ट हो गए। जिसके बाद मंजू देवी का उसके भांजे संतोष ने नजदीकियां बढ़ाना शुरू हो गया। फिर मंजू देवी ने अपने भांजे के साथ मिलकर शिवराम की हत्या का प्लान बनाया। जिसके बाद संतोष ने 25 हजार में उसकी हत्या की सुपारी अपने दोस्त विपिन सिंह को दिया। जहां विपिन अपने साथियों के साथ मिलकर शिवराम का ऑटो मोहनिया से चैनपुर थाना क्षेत्र के देवरजी खुर्द जाने के लिए बुक किया।

फिर सुनसान इलाके में ले जाकर चाकू से गोद कर हत्या कर दी। जिसके बाद संतोष अपने मामी मंजू देवी को लेकर नागपुर चला गया। फिर काफी दिनों के बाद दोनों वापस लौटे तो पुलिस को पता चला की दोनों गांव आए हैं। जहां पुलिस ने मंजू देवी सहित पांच को गिरफ्तार कर लिया और मुख्य आरोपी पहले से ही शराब मामले में जेल में बंद है। गिरफ्तार आरोपियों में मंजू देवी, उसका प्रेमी भांजा संतोष कुमार ,गोलू कुमार, शिवराज कुमार और अमित कुमार शामिल है। वहीं सुपारी किलर विपिन सिंह शराब मामले में जेल में बंद है। वहीं घटना प्रयुक्त चाकू को भी जब्त कर लिया गया है।

एक महीने से लापता नाबालिग लड़की का शव बरामद

जहानाबाद (नि.सं.)। जहानाबाद के टेहटा थाना क्षेत्र में मिल्कीपर गांव से एक 13 साल की बच्ची का शव बरामद किया गया है। बताया जाता है कि गांव के निवासी मुकेश कुमार की बेटी सुविता कुमारी का एक महीने पहले कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था। इसकी शिकायत भी पुलिस से की गई थी। प्राथमिक दर्ज कर लड़की की खोजबीन के लिए टीम काम भी कर रही थी। वहीं शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने बधार के साइफन में एक लड़की का शव देखा। इसकी सूचना स्थानी थाना को दी। मौके पर पहुंचकर पहचान के लिए जब लड़की के परिवार को बुलाया गया तो परिजनों ने उसे पहचान लिया। यह वही बच्ची थी जो एक महीने से लापता थी। परिजनों ने बताया कि एक महीने पहले बच्ची के साथ ससुराल जा रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने बच्ची का अपहरण कर लिया था। शनिवार को उसका शब बरामद हुआ है। वहीं पुलिस ने पहचान के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थाना

जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा देने की कोशिश

निज संवाददाता

जहानाबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर जिले में स्वीप गतिविधियों को बल देने की कोशिश की जा रही है। डीएम के निर्देश पर जिले के निर्वाचन आइकॉन अमित कुमार ने कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में अपने जागरूकता अभियान के फोकस को बढ़ा दिया है। उन्होंने बेहतर तरीके से मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर एवं स्वीप गतिविधि में तेजी लाने को लेकर नेहरू युवा केंद्र जहानाबाद के जिला युवा अधिकारी पामीर सिंह के साथ बैठक कर जरूरी उपायों पर विमर्श किया। उन्होंने सभी प्रखंडों के एनवाईवी के साथ साथ युवा क्लब तथा युवती क्लबों के माध्यम से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी ने भी सभी को निर्देशित किया कि जिला प्रशासन का जो दिशा निर्देश जारी किया गया है, उस पर सभी लोग काम करें। जिले के निर्वाचन आइकॉन ने उपस्थित सभी सातों प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों को बताया कि वे सभी अपने-अपने प्रखंड के जो प्रखंड जो विधानसभा में आता है, उसे प्रखंड में कम मतदान प्रतिशत वाले इलाकों में जीविका, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग एवं अन्य सभी जिनके द्वारा वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधि आयोजित किए जा रहे हैं। जिला से स्वीप कैलेंडर के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उसे कार्यक्रम में भी लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान से जोड़कर मतदाताओं को अपने मताधिकार के लिए आगे आने के लिए अपील करें। उन्होंने उपस्थित सभी प्रखंडों के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों को निर्देशित किया कि आप सभी राजनीतिक दलों से हटकर लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित करें। सभी अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। विधानसभा क्षेत्र जहानाबाद बूथ नंबर 232 एवं 233 के माधव नगर गली में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

वोटर कार्ड खो जाने पर 11 वैकल्पिक पहचान पत्र से कर सकेंगे मतदान

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। वोटर कार्ड खो जाने पर 11 वैकल्पिक पहचान पत्र से मतदाता आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान कर सकेंगे। बता दें कि यदि लोकसभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र नहीं होने या खो जाए ईपिक त्रुटि पूर्ण रहने पर वैकल्पिक पहचान पत्र के जरिए मतदान किया जा सकेगा। मतदान करने के लिए ईपिक यानी फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र को ही प्राथमिकता दी जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग ने इस बारे में दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान पहचान पत्र नहीं होने की त्रुटि पूर्ण रहने पर वैकल्पिक पहचान पत्र के जरिए मतदान की सुविधा मिलेगी। मतदाता अपनी पहचान के लिए 11 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक का उपयोग कर सकते हैं। जिसमें पासपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस राज्य और केंद्र सरकार के तहत अंडरटेकिंग लोक उपक्रम व स्थानीय निकाय द्वारा फोटो पहचान पत्र बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र पैन कार्ड मनरेगा जॉब कार्ड श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत निर्गत स्मार्ट कार्ड पेंशन कागजात फोटोग्राफ सहित सांसद, एमएलए व एमएलसी का आधिकारिक पहचान पत्र आधार कार्ड का इस्तेमाल मतदान के लिए किया जा सकता है।

ईपिक नहीं होने पर वैकल्पिक पहचान पत्र का इस्तेमाल जिन मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र निर्गत हो चुका है उन्हें अपने वोटर आईडी कार्ड से ही मतदान करना होगा। जिन्हें मतदाता पहचान पत्र नहीं मिला वही वैकल्पिक दस्तावेज का उपयोग कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदान करने के लिए अपने ईपिक यानी फोटो युक्त मतदान पहचान पत्र को ही प्राथमिकता देने पर बल दिया है। अगर कोई मतदाता ऐसा ईपिक प्रस्तुत करता है जो किसी दूसरे विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया है तो उन्हें पहचान पत्र के आधार पर भी मतदान करने दिया जाएगा। बस उसे मतदान केंद्र की मतदाता सूची में उसे मतदाता का नाम हो।भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव के समय मतदाताओं को अपनी पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र लाना अनिवार्य किया है।

52 लीटर शराब जब्त

भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)। उत्पाद विभाग की टीम ने लोकसभा चुनाव को ले चलाए जा रहे जांच अभियान के दौरान छज्जुपुर पोखरा के पास से 52 लीटर शराब व ऑटो के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में भभुआ थाना क्षेत्र के जद्दुपुर गांव निवासी कामेश्वर ठाकुर के पुत्र रंजन ठाकुर व रोहतास जिला के डालमियानगर थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव निवासी मोती सेठ के पुत्र दीपक कुमार सोनी शामिल हैं। दोनों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर सदर अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी दीपाली भारती ने बताया कि पुलिस ने 44 लीटर शराब के साथ रंजन ठाकुर को गिरफ्तार किया है। यूपी की ओर से आ रहे ऑटो को रोकवाकर जांच की गई, तो उसमें रखी 44 लीटर अंग्रेजी शराब मिली। शराब व ऑटो को अपने कब्जे में लेकर रंजन को पकड़ लिया गया।

पटना, सहरसा, समस्तीपुर एवं रक्सौल से आनंद विहार के लिए होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन

निज संवाददाता

हाजीपुर (वैशाली)। होली के उपरांत यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 03243 पटना-आनंद विहार टर्मिनल सुपर फास्ट होली स्पेशल दिनांक 01.04.24 को पटना से 15.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 07.00 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इस होली स्पेषल ट्रेन में 20 स्लीपर क्लास के कोच लगाए जाएंगे। 2. गाड़ी सं. 05575 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल दिनांक 01.04.24 को सहरसा से 09.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर छपरा सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 06.30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। 3. गाड़ी सं. 05585 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल 03.04.24 को सहरसा से 09.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर छपरा सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05.15 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इस होली स्पेषल ट्रेन में स्लीपर क्लास के 19 कोच लगाए जाएंगे। 4. गाड़ी सं. 05531 रक्सौल-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल 03.04.24 को रक्सौल से 22.25 बजे प्रस्थान करेगी तथा सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, पनियहवा, गोरखपुर सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 18.00 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। 5.गाड़ी सं. 05561 समस्तीपुर-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल दिनांक 02.04.24 को समस्तीपुर से 19.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा दरभंगा, सीतामढ़ी, नरकटियागंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 17.30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इस होली स्पेशल ट्रेन में स्लीपर क्लास के 20 कोच लगाए जाएंगे। 6. गाड़ी सं. 03435 मालदा टाउन-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल दिनांक 08.04.24 को मालदा टाउन से आनंद विहार टर्मिनल के लिए प्रस्थान करेगी। 7. गाड़ी सं. 03483 भागलपुर-नई दिल्ली होली स्पेशल दिनांक 02.04.24 एवं 06.04.24 को भागलपुर से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। 8. गाड़ी सं. 03413 मालदा टाउन-नई दिल्ली होली स्पेशल दिनांक 31.03.24, 04.04.24 एवं 07.04.24 को मालदा टाउन से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी।

संक्षिप्त समाचार

चौकीदारों को शरारती तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश

फतेहपुर। आसन्न लोकसभा चुनाव में शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए चौकीदारों को सख्त हिदायत के साथ निर्देश दिया गया है। उन्हें आदर्श आचार संहिता पालन करना भी आवश्यक बताया गया है। फतेहपुर व गुरपा थाना परिसर में चौकीदारों की बैठक में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह और राजेश पासवान ने यह निर्देश दिया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह और राजेश पासवान ने कहा कि सभी चौकीदार मतदान के पूर्व अपने-अपने सर्किल में बाधा उत्पन्न करने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखेंगे। अपने सर्किल में शराब बिक्री, शराब पीकर उधम करने वाले शरारती तत्वों की जानकारी देने का भी निर्देश दिया गया है। मतदान के लिए अर्द्धसैनिक बलों के ठहराव स्थल के लिए प्रतिनियुक्त अवधि के कार्य के बारे में बताया गया है। उन्होंने ने कहा कि चुनाव के दौरान उपद्रव मचाने के लिए गांवों में असामाजिक तत्वों द्वारा बनाई जा रही योजनाओं की जानकारी जुटाने के लिए चौकीदारों को विशेष जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर तमाम स्तरों पर सुरक्षात्मक कार्रवाई के मद्देनजर फीडबैक लिया जा रहा है।

CUSB की स्थापना में रामानंद शर्मा की अहम भूमिका

गया। बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय संघर्ष समिति के टिकारी अनुमंडल के संयोजक, पूर्व मुखिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य रहे रामानंद शर्मा की 12 वीं शहादत दिवस आज मनाया गया। जहां उनके चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू ने कहा 12 वर्ष पूर्व रामानंद शर्मा एवं श्रवण सिंह संघर्ष समिति के द्वारा ही पटना के गांधी मैदान के समीप कारगिल चौक पर आयोजित महा धरना में शामिल होने जाते समय पटना जिला के गौरी चक के समीप जीप एवं ट्रक की सीधी टक्कर में दोनों की मौत हो गई थी। तथा बाल्मीकी प्रसाद, बृजमोहन शर्मा प्रो. मुद्रिका सिंह नायक, तथा श्रीकांत शर्मा घायल हो गए थे। उन्होंने कहा कि टिकारी की ऐतिहासिक धरती पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण गया जिला के सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठन, एवं आमजन के संघर्ष का परिणाम है। क्योंकि उस समय जब संघर्ष चरम पर था तो सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के लोगों को कहे थे कि ज्यादा लार न टपकाए, गया जिला में किसी हाल में केंद्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण नहीं होगा...लेकिन गया वासियों का संघर्ष, रामानंद शर्मा एवं श्रवण सिंह की शहादत तथा तत्कालीन केंद्र की यूपीए सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति रंग लाया और गया जिला में रक्षा विभाग के 350 एकड़ भूमि में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। जो आज बिहार के प्रथम और देश के प्रमुख केन्द्रीय विश्वविद्यालय में एक है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

गया। गया पटना मुख्य मार्ग पर स्थित कंडी बाईपास के निकट सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए लोगों ने गया पटना मुख्य मार्ग जाम कर दिया। शव को सड़क पर रख कर उग्र प्रदर्शन करने लगे। टायर जलाए गए। करीब दो घण्टे तक मुख्य मार्ग जाम रहा। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में पहुंची चंदौती पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। इसके बाद गया पटना मुख्य मार्ग धीरे धीरे सुचारू हो सका। घटना शाम 5 बजे की बताई जा रही है। मृतक कंडी नवादा गांव का रहने वाला था। खास बात यह भी कि इधर शव का पुलिस पंचनामा भरने में जुटी रही और मृतक के परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने की जिद्द कर शव को अपने घर लेकर चले गए। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया गया कि रंजीत यादव ट्रैक्टर पर मजदूरी करने के लिए घर से निकला था। शाम के वक्त ट्रैक्टर से वह घर को लौट रहा था। कंडी के पास ट्रैक्टर का चालक अपना संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर पलट गया और उसके नीचे रंजीत दब गया। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। यही नहीं एक मजदूर भी जख्मी हो गया।

मेडिकल बोर्ड की जांच रिपोर्ट तय करेगी आपकी छुट्टी

गया। गया में लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर मतदान कार्य से जोड़े गए पदाधिकारियों, कर्मियों द्वारा दिए गए आवेदनों की चिकित्सकीय जांच के आधार पर ही उन्हें चुनाव कार्य से मुक्त कर रखा जा सकेगा। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से मेडिकल बोर्ड गठित किया जा रहा है। 30 मार्च और 31 मार्च को जिला स्कूल में मेडिकल बोर्ड बैठाया जा रहा है। बोर्ड ही तय करेगा कि किसे छुट्टी दी जा सकती है और किसे नहीं। दरअसल लोक सभा आम चुनाव 2024 के दरमियान निर्वाचन कार्य के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों,कर्मियों, दण्डाधिकारियों, माईक्रो ऑब्जर्वर, पीठासीन पदाधिकारियों, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी द्वारा चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर मतदान कार्य से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है। ऐसी स्थिति में उन आवेदनों की जांच मेडिकल बोर्ड द्वारा कराए जाने का निर्णय जिला प्रशासन की ओर से लिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पत्र जारी करते हुए असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गया को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन के आलोक में मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी एवं कर्मियों की चिकित्सा जांच के लिए 30 मार्च एवं 31 मार्च को 10 बजे सुबह से जिला स्कूल स्थित सभा कक्ष में मेडिकल बोर्ड गठित करते हुए चिकित्सीय दल की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच के बाद जाँच प्रतिवेदन उक्त तिथि को ही संध्या 5 बजे तक कार्मिक कोषांग को उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जाए। ताकि वास्तविक आवेदकों को चुनाव कार्य से मुक्त करने की कार्रवाई की जा सके।

शराब पीकर लोगों से बदतमीजी करने वाला होगा गिरफ्तार: एसएसपी

बीच सड़क कर रहा था अभद्र व्यवहार, वीडियो के आधार पर एसएसपी ने दिए कार्रवाई के आदेश

निज संवाददाता। गया

गया में नशे में धुत्त युवक का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में शराबी युवक बाइक सवार लोगों की बाइक रुकवा कर उनके साथ बदतमीजी कर रहा है। एक समुदाय विशेष को भी गालियां दे रहा है। वीडियो के आधार पर एसएसपी आशीष भारती ने मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश चाकन्द थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वायरल वीडियो चाकन्द थाना क्षेत्र के लखनो गांव का है। जो होली के दूसरे दिन का है। नशे में धुत्त होकर लोगों के साथ गाली-गलौज करने वाला युवक छोटू पासवान है। छोटू पासवान नशे में धुत्त होकर रोड पर आने जाने वाले लोगों को न केवल परेशान कर रहा है बल्कि उनके साथ गाली-गलौज भी कर रहा है। एक युवक ने वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। वायरल वीडियो को एसएसपी आशीष भारती ने संज्ञान लिया। हालांकि कुछ लोगों ने उक्त वीडियो पर आपत्ति जताते हुए एसएसपी से शिकायत भी की है। शिकायत में आशंका जताई गई है कि ऐसे लोग माहौल खराब भी कर सकते है।

'महागठबंधन के लोग दिखावा कर रहे': मांझी

जीतन राम मांझी ने विपक्ष पर साधा निशाना

निज संवाददाता। गया

गया लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में खम ठोकने वाले एनडीए के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने महागठबन्धन पर तंज कसा है। कहा कि महागठबन्धन की शीट शेयरिंग के मसले पर हम क्या कहें। वे तो दिखावा बेशक जो करें पर सच्चाई यह है कि वे आपस मे लड़ते रहेंगे और बिखरते रहेंगे। यही वजह है कि देश में आज सशक्त विरोधी पार्ट की भूमिका में भी वे नहीं है जबकि उन्हें होना चाहिए था। बावजूद इसके एनडीए नेता बेहतर काम करे हैं। हर मसले को गम्भीरता से लेकर देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह बातें जीतन राम मांझी ने शहर में एनडीए के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कहीं। एनडीए के चुनाव कार्यालय विसार तालाब शांति घर में खोला गया है। यहीं से चुनाव सम्बन्धी रणनीति तय की जाएगी और गतिविधियां मुकाम तक पहुंचाई जाएगी। इस मौके पर जीतन राम मांझी ने पीएम नरेंद्र मोदी के नाम के जमकर कसीदे पढ़े।

खुल गया एनडीए का चुनाव कार्यालयः कहा कि एनडीए नरेंद्र मोदी के पावन मुद्दे को लेकर आगे बढ़ रहा है। देश लगातार तरक्की कर रहा है। 2014 में भारत तरक्की के दृष्टिकोण आए 12 और 13 वें स्थान पर वह आज 5 वें स्थान पर है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एनडीए के चुनाव कार्यालय शुक्रवार को खुल गया है। अब हम सभी लोग यहीं से जीत के लिए चुनावी गतिविधियों को मुकाम तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर हम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष टिकारी के विधायक अनिल सिंह भी मौके पर मौजूद रहे।

क्लास में बेहोश हुए शिक्षक, हायर सेंटर रेफर

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शनिवार को बच्चों को पढ़ाने के दौरान एक शिक्षक क्लास में अचानक बेहोश होकर गिर गया। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मामला सरमेरा प्रखंड अंतर्गत आदर्श मध्य विद्यालय का है। शिक्षक मोहम्मद अबुलेश को इलाज के लिए सहकर्मियों ने सरमेरा पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद एंबुलेंस से बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। परिजन ने बताया कि शिक्षक अबुलेश हर दिन की तरह शनिवार को भी स्कूल गए थे। जहां बच्चों को पढ़ाने के दौरान अचानक से वह क्लासरुम में गिर गए। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मियों द्वारा अस्पताल में लाकर उन्हें भर्ती कराया गया है। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में कार्यरत डॉक्टर ने बताया कि मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए मो.अबुलेश को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती रखा गया है। खतरे जैसी कोई बात नहीं है। उनकी स्थिति सामान्य है। वहीं नूरसराय थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव में शनिवार को स्नान करने तालाब के पास गई एक बुजुर्ग महिला अचानक से डूबने लगी। इसके बाद उसे आसपास के लोगों ने किसी तरह से तालाब से बाहर निकाला और इलाज के लिए नूरसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां से प्राथमिक इलाज के बाद बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। महिला की पहचान वंशी साव की (70) साल की पत्नी पार्वती देवी के रूप में की गई है। घर में बुजुर्ग महिला अकेली रहती थी, बच्चे बाहर रहते हैं।

नहर में डूबने से युवक की मौत, जानवरों को नहाने गया था

निज संवाददाता। गया

15 घंटे बाद गोताखोरों ने निकाला शव

गया के चंदौती थाना क्षेत्र में नहर में जानवर धोने गए युवक की डुबकर मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल पहुंची। जिसके बाद युवक की तलाश SDRF की टीम से प्रयास किया जाने लगा। लेकिन काफी प्रयास के बाद युवक का शव बरामद नहीं मिला। फिर स्थानीय गोताखोरों ने शव को पानी से भरे नहर के अंदर से तकरीबन 15 घंटे बाद शव को निकाला जा सका। शव निकल जाने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घर की महिलाएं दहाड़ मार कर रो रही थी। शव निकाले जाने के बाद पुलिस टीम ने शव को कब्ज में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि डेल्हा थाना क्षेत्र के बड़की डेल्हा राजा कोठी के रहने वाले अरविंद यादव का बेटा अविनाश कुमार गुरुवार की देर शाम से ही लापता था। हालांकि घर से पशु लेकर धोने निकला था। लेकिन जब देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजन काफ़ी परेशान हो गए। परिजनों को जानकारी मिली वह जानवर लेकर धोने के लिए चंदौती थाना क्षेत्र के कुजापी स्थित नहर की ओर गया था। इसके बाद परिजन वहां पहुंचे उसकी तलाश करने लगे, लेकिन रात का अंधेरा होने से कुछ पता नहीं लग रहा था। सुबह से उसकी तलाश की जाने लगी। जिसके बाद उसका शव आज नहर से गोताखोरों के माध्यम से निकाला गया है। वही,चंदौती थाना थानाध्यक्ष रणविजय कुमार सिंह कुजापी स्थित ब्रह्मस्थान के समीप रहे नहर में पशु धोने के क्रम में एक युवक की डूबने से मौत हो गई है। शव को निकाला गया है। मृत युवक की पहचान डेल्हा के बड़की डेल्हा के रहने वाले अविनाश कुमार के रूप में की गई है।

दो पक्षों के बीच गोलीबारी, बच्ची हुई घायल

गांव में चल रही गोली छत पर खड़ी मासूम के पैर में लगी, सभी आरोपी गांव छोड़ फरार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार की शाम दो पक्षों में गोलीबारी हुई। गोली लगने से एक बच्ची घायल हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत हेगनपूरा गांव का है। जख्मी बच्ची अनिल कुमार की (12) वर्षीय पुत्री अंजलि कुमारी है। घायल बच्ची को लेकर परिजन बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। परिजन ने बताया कि देर शाम गांव में एक ही जाति के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हो रही थी। बच्ची छत पर थी, तभी एक गोली उसके पैर में लगी। वह दर्द से छटपटाने लगी। इसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

तीन माह से दोनों पक्षों के बीच विवाद थाः ग्रामीणों का कहना है कि आपसी रंजिश में गांव के ही गुड्डू पासवान और मतंग पासवान के बीच गोलीबारी की घटना हुई है। पिछले तीन महीने से दोनों के बीच वर्चस्व और पूर्व का विवाद था। वहीं नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना हुई है। गोली लगने से एक बच्ची जख्मी हो गई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद सभी बदमाश गांव छोड़कर फरार हो गए है।

अनियंत्रित ऑटो पलटा, एक की मौत

● पेंटिंग का काम खत्म कर लौट रहे थे घर, हादसे में 6 लोग मामूली रूप से हुए जख्मी



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत चण्डी बाजार स्थित अस्पताल के समीप की है। मृतक की पहचान चण्डी थाना क्षेत्र के हसनी गांव निवासी हरिचरण पासवान के (56) वर्षीय पुत्र लालदेव पासवान के रूप में की गई है। लालदेव पासवान पेंटिंग करने का काम करते थे। वह काम निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी बीच सड़क हादसे का शिकार हो गए। मृतक के परिजन ने बताया कि लालदेव पासवान थरथरी से ऑटो पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी बीच चंडी बाजार स्थित रेफरल अस्पताल के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जिसके कारण पहिए के नीचे दबकर लालदेव पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रास्ते में इलाज के लिए ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई। ऑटो पर सवार करीब आधा दर्जन लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए।

जांच की जा रही हैः मामले में चण्डी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

नक्सलियों के डर से नहीं बदलेंगे 6 मतदान केंद्र

पुलिस अधिकारियों की बैठक में लिया गया निर्णय, CRPF अधिकारी ने हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

निज संवाददाता। गया

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए शुक्रवार को मगध के विभिन्न जिलों के पुलिस अधिकारियों के बीच बैठक हुई। बैठक में प्राइमरी इन्फॉर्मेशन के आदान-प्रदान का मसला केंद्रित रहा। खासकर नक्सल गतिविधियों और आपराधिक तत्वों की जानकारी शेयर किए जाने और तैयारियों पर चर्चा हुई है। इस बैठक में CRPF के अधिकारी ने भी चुनाव की हर चुनौती को आसानी से हल करने और जिला पुलिस की हर संभव मदद करने की बातें कही। SSP आशीष भारती ने बताया कि पूर्व में सुरक्षा के दृष्टिकोण से डुमरिया प्रखंड अंतर्गत 01. बूथ संख्या-09 प्राथमिक विद्यालय अनवरण, सलैया को औरंगाबाद जिला के ढिबरा तथा 02. बूथ संख्या-04 मध्य विद्यालय, खरदाग 03. बूथ संख्या-13 प्राथमिक विद्यालय, तारचुआ 04. बूथ संख्या-03 मध्य विद्यालय, अम्बावार, 05. बूथ संख्या-247 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जटही (कोठिलवा) एवं बांकेबाजार प्रखंड अंतर्गत 06. बूथ संख्या-340 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नवादा, (मतदान केन्द्र 02 से 06) को गया जिला में ही अन्य जगहों पर स्थित मतदान केन्द्रों में स्थानांतरित किया जाता रहा है, जिसके कारण कई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते थे। लेकिन इस बार सभी छह बूथ संख्या तय स्थानों पर ही मतदान होंगे। इस बार उन्हें शिफ्ट नहीं किया जाएगा। इन सभी छह बूथों पर मतदान कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। गया पुलिस उक्त मतदान केन्द्रों का मतदान अपने निर्धारित स्थान पर स्थित मतदान केन्द्रों पर करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

दरभंगा, गया...राजगीर से आनंद विहार के लिए स्पेशल गाड़ी

निज संवाददाता। पटना

होली के बाद ट्रेन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। अतिरिक्त होली स्पेशल के फेरों में वृद्धि की गई है। साथ ही दरभंगा, गया और राजगीर से आनंद विहार के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

नई दिल्ली/आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेनः गाड़ी सं. 02365 राजगीर-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल- राजगीर से 2 अप्रैल को 20.00 बजे खुलेगी। 22.10 बजे पटना रूकेगी। अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03255 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल- पटना जंक्शन से 4 और 7 अप्रैल को 22.20 बजे खुलेगी और अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । गाड़ी सं. 03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल- 1 से 10 अप्रैल तक (कुल 05 फेरे) प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को गया से 14.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 05.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03227 आरा-आनंद विहार स्पेशल- आरा से 3 और 10 अप्रैल को 15.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 07.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

संक्षिप्त समाचार

बारिश व आंधी तूफान के आसार, दो दिनों से मंडरा रहे हैं बादल

अररिया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण शनिवार व रविवार को रोहतास सहित दक्षिण बिहार कई जिलों में बारिश व आंधी तूफान की संभावना है। जिसको लेकर किसान के माथे पर परेशानी दिखने लगी है। पश्चिम बंगाल बिहार व अन्य राज्यों में दो दिनों तक मूसलाधार बारिश, वज्रपात व तेज रफ्तार की हवा चलने की पूर्वानुमान है। मौसम में परिवर्तन होने का आसार शुक्रवार को भी देखने को मिला जब दिन भर मौसम शुष्क रहा और आसमान में बादल छाए रहा। ऐसे तो बीते दो दिनों से पूर्वी हवा चलने के कारण आसमान में बादल मंडरा रहा है। जिससे किसान काफी चिंतित है। अगर मौसम विभाग का पूर्वानुमान सत्य होता है सबसे अधिक गेहूं की खेती करने वाले किसान प्रभावित होंगे।

गंदगी से बजबजा रहा जगदीशपुर का झंझरिया पोखरा

आरा। 25 दिनों के बाद 23 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव मनाया जाएगा। तब 1857 के क्रांति के महायोद्धा बीर बांकुड़ा कुंवर सिंह के शौर्य व वीरता की गाथा लोग गाएंगे। कुंवर सिंह का स्मृतिशेष प्रशासनिक उदासीनता के कारण आज अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा है। ऐतिहासिक झंझरिया पोखरा व खान साहब पोखरा के चारों तरफ गंदगी व कचरे का अंबार लगा है। पोखरे के समीप लोग मल मूत्र त्याग रहे हैं। मीट मछली सहित अन्य दुकानों से निकलने वाले कचरे व गंदगी को पोखरे के अंदर फेंका जा रहा है।

राष्ट्रीय साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित मीरा सिंह "मीरा'

बक्सर। हजार बर्क़ गिरे लाख आंधियां उठे वह फूल खिल के रहेंगे जो खिलने वाले हैं - कवियत्री मीरा सिंह "मीरा" के ऊपर सटीक बैठता है। अपने शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए साहित्य साधना में भी सतत लीन रहीं हैं। सतत संघर्षशील और प्रयासरत रहने का पर्याय है मीरा। जिले के लिए गर्व की बात है कि हिंदी साहित्य, शिक्षा, कला और समाज सेवा के क्षेत्र में बहुआयामी विशिष्ट योगदान देने के लिए इन्हें संस्कृति साहित्य मंच इंदौर (मध्यप्रदेश) की ओर से राष्ट्रीय साहित्य रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि मीरा सिंह "मीरा" पहले महारानी उषारानी बालिका मध्य विद्यालय डुमरांव तदोपरांत एसटीईटी देकर महारानी उषारानी बालिका उच्च विद्यालय डुमरांव और अब बीपीएससी परीक्षा में सफल होकर राजापुर हाईस्कूल अर्जुनपुर, सिमरी में सेवा दे रही हैं। सम्मान समारोह 3 मार्च को भोपाल में आयोजित था, लेकिन उसमें शामिल नहीं हो सकी। प्रमाणपत्र, स्मृति चिह्न, सफेद मोतियों का माला, दो पुस्तकें एवं शाल रजिस्टर्ड डाक से प्राप्त की। अबतक निज व्यय से चार किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। फिलहाल में राजस्थान के चर्चित साहित्यकार दीनदयाल शर्मा द्वारा अनुदित "राजस्थानी बाल बत्तीसी" जिसमें देश के बत्तीस चुनिंदा बाल साहित्यकारों की पांच पांच बाल कविताएं हैं, इनकी भी पांच बाल कविताएं शामिल हैं।

समाजसेवी मिथलेश पाठक ने कहा पार्टी का हर निर्णय मंजूर, बक्सर से भाजपा ने नहीं दिया टिकट

बक्सर। बक्सर में समाज सेवी के तौर पर काम करन वाले भाजपा नेता मिथलेश पाठक ने अपने समर्थकों का भ्रम दूर करने के लिए प्रेस वार्ता किया। इसमें उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। उनका जो भी निर्णय है वह मंजूर है। पार्टी का नेतृत्व कुछ ही लोग करते है और बाकी सभी लोग कार्यकर्ता होते है। गांव का नेतृत्व भले ही हम समाज सेवी करते है, लेकिन एक जुट होकर काम करना होगा। ऐसा नहीं करते है तो आपस में मतभेद के कारण जनता का नुकसान हो जाता है। मालूम हो कि भाजपा ने अपने पुराने गोपालगंज वैकुंठपुर के पूर्व विधायक सह मंत्री प्रभारी मिथलेश तिवारी पर भरोसा दिखाया है। इसके बाद गुजरात के व्यवसायी सह बक्सर निवासी मिथलेश पाठक के समर्थकों की ओर से निर्दलीय मैदान में उतरने की बात कही जा रही थी।

भाजपा नेता अश्विनी चौबे फूट-फूटकर रोए, लोग कह रहे- टिकट कटने से दुखी हैं

बक्सर। BJP ने पिछले दिनों बिहार की 17 सीटों पर लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इस सूची में 4 पुराने चेहरों का टिकट काटा गया था। इनमें से एक नाम अश्विनी चौबे का था। बताया गया कि उनके खिलाफ क्षेत्र में भारी एंटी इनकंबेसी थी और इस कारण उन्हें बेटिकट कर दिया गया। अश्विनी चौबे की जगह भाजपा ने मिथलेश तिवारी को बक्सर से उम्मीदवार बनाया है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में अश्विनी चौबे फूट-फूटकर रोते दिखाई देते हैं। दावा किया जा रहा है कि बक्सर से टिकट कटने से दुखी अश्विनी चौबे इतने भावुक हो गए कि फूट-फूटकर रोने लगे। इस दावे से जुड़े ट्वीट्स हमें कई वेरिफाइड और नॉन वेरिफाइड एक्स अकाउंट्स पर देखने को मिले। RJD से जुड़े आलोक चिक्कू नाम के एक वेरिफाइड यूजर ने ट्वीट किया- अश्विनी चौबे के एक एक आंसू का बदला लेगा ब्राह्मण समाज, भाजपा ने अश्विनी चौबे का टिकट काटकर बिहार के ब्राह्मणों का अपमान किया है। ब्राह्मण समाज स्वाभिमानी समाज है वो ऐसी पार्टी को कभी वोट नहीं करेगा जिसने उसके प्रिय नेता को सार्वजनिक जगह पर रोने को मजबूर कर दिया हो।

मिशन दक्ष और विशेष कक्षा के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

आरा। शहर के हित नारायन प्लस टू विद्यालय में शनिवार को मिशन दक्ष एवं विशेष कक्षा के तहत विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर अहसन ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बता दे कि मिशन दक्ष एवं विशेष कक्षा के तहत विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 148 शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। मौके पर डीईओ अहसन, डीपीओ एसएसए चंदन प्रभाकर, विद्यालय प्राचार्य योगेंद्र सिंह, सर्व शिक्षा से शेखर आनंद, मिथलेश कुमार, ज्योटोशना, विजय सिन्हा, सर्वजीत कुमार सिंह, मधुसूदन प्रसाद वर्मा, लेखा पदाधिकारी अनंत भानु, धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक : डीएम

आरा। स्वच्छ, निष्पक्ष भयमुक्त चुनाव कराना हमारी जिम्मेवारी है। शाहाबाद में सबसे बेहतर मतदान भोजपुर में हो इसके लिए हम लोग लगातार प्रयासरत हैं। मतदान का प्रतिशत बढ़े इसके लिए स्वीप कोषांग, जीविका, हमारे पदाधिकारी व कर्मी समेत अन्य लगातार लोगों को जागरूक कर रहे है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राजकुमार ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 2160012 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1148102, महिला मतदाताओं की संख्या 1011877, तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 33, सेवा मतदाताओं की संख्या 17879 और युवा मतदाताओं 18 से 19 आयु वर्ग की संख्या 23635 है। 85 वर्ष से अधिक आयु के निर्वाचकों की संख्या जिले में 20522 है। 85 प्लस आयु के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाएगी। वही पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की मदद के लिए सभी मतदान केंद्र पर एक वालंटियर प्रतिनियुक्त किए जाएंगे। डीएम ने आगे बताया कि लोकसभा चुनाव एवं अगिआंव विधानसभा उपचुनाव से संबंधित मतदान कर्मी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। मतदान व मतगणना के लिए कर्मियों का पहला प्रशिक्षण एक अप्रैल से 27 अप्रैल तक महाराजा कॉलेज आरा में एवं दूसरा प्रशिक्षण 21 से 26 मई तक निर्धारित है। आगे कहा कि चुनाव में नगद नही दिया जाएगा, सभी तरह का भुगतान कैशलेश होगा। और यह खर्च जिला स्तर पर ही होगा। वही उन्होंने कहा कि जिनकी ड्यूटी चुनाव में लगाई जाएगी यदि वह ड्यूटी नहीं करते हैं तो उन पर एफआईआर होगा।

युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के नगर थाना क्षेत्र के खलासी मुहल्ले में एक युवक ने पंखे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई हैं। हालांकि युवक के पास से कोई सुसाइट नोट बरामद नहीं हुआ है। हालांकि युवक के दोस्त ने बताया की नौकरी चले जाने से वह डिप्रेशन में था। युवक बक्सर में किराए के मकान में रहता था। किराए के मकान में ही फांसी लगाकर आत्महत्या किया है।पुलिस द्वारा युवक के परिजनो को इस घटना की सूचना दे शव को फंदे से उतार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान पटना निवासी महेश कुमार के पुत्र राजा कुमार शर्मा(29) के रूप में हुई है।

गेट तोड़कर निकाली लाशः वह अपने एक मित्र गोविंदा कुमार पिता सुनील कुमार निवासी बिहटा के साथ 6 महीना पूर्व बक्सर में एमआई कंपनी की सर्विस एंड रिपेयर की फ्रेंचाइजी लेकर काम करता था। बक्सर नगर थाना क्षेत्र के खलासी मुहल्ले में दोनों दो कमरे किराए पर लेकर रह रहे थे। इसी बीच शुक्रवार को कंपनी की फ्रेंचाइजी सर्विस कंपनी के द्वारा वापस ले ली गई। जिसके बाद दोनों युवक देर शाम किराए के कमरे में पहुंचे और रात में खाना खाकर अपने अपने कमरे के सोने चले गए। सुबह काफी देर तक राजा ने गेट नही खोला तो गोविंदा उठा और राजा का गेट खटखटाने लगा तो अंदर से कोई आवाज नहीं आया।

नौकरी जाने से डिप्रेशन में थाः जिसके बाद इसकी सूचना गोविंदा ने मकान मालिक को दी। काफी आवाज देने और दरवाजा पीटने पर जब गेट नहीं खुला तो गेट तोड़ कर जब देखा गया तो अंदर राजा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद घटना की सूचना नगर थाने की दी गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। वही दोस्त गोविंदा ने कहा की नौकरी जाने के कारण वह काफी परेशान चल रहा था। आशंका जताया जा रहा है की नौकरी जाने के डिप्रेशन से युवक ने फंखे में फंदा लगाकर झूल आत्महत्या कर लिया। वहीं कई लोगों के द्वारा मामला प्रेम-प्रसंग का भी होने का आशंका जताया जा रहा है।

मामले की जांच में जुटी पुलिसः नगर थाने के सब-इंस्पेक्टर जयप्रकाश सिंह ने बताया कि विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। परिजनों को सूचना दे दी गई है उनके पहुंचने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

टिकट मिलने के बाद आरण्य देवी पहुंचे आर के सिंह, पत्नी-बेटे संग की पूजा

निज संवाददाता। आरा

एनडीए समर्थित भाजपा से लगातार तीसरी बार आरा लोकसभा सीट से टिकट मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री आरके सिंह आरा पहुंचे। जहां आरके सिंह का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। आरके सिंह ने बताया कि एक बार फिर से भाजपा से टिकट मिला है और इस बार फिर से जीत की हैट्रिक ही नहीं बल्कि जितना पिछली बार से जीते थे उससे कई ज्यादा वोट से जीतेंगे। आरा की जनता बहुत स्नेह, प्यार करती है। लोगों के प्रति प्रेम इतना है आप लोग देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं आरा का हूं और 1975 से ही मैं आरा का हो गया हूं। अब मां आरण्य देवी की कृपा रही तो तीसरी जीत होगी और पिछले बार से ज्यादा का मारजिंग होगा।

पूरे भोजपुर जिले में भ्रमण करेंगेः आरके सिंह शनिवार को पूरे भोजपुर जिले में भ्रमण करेंगे। वे कायमनगर, धरहरा, रामगढिया, आरण्य देवी स्थान, गोपाली चौक, मठिया मोड़, महावीर स्थान रमना आरा, शहीद भवन मोड़, जज कोठी मोड़, पकड़ी चौक, कतीरा मोड़, धोबीघटवा, जीरो माइल, उदवंतनगर, गड़हनी बाजार, चरपोखरी, पीरो, जितौरा, जगदीशपुर नगर, नयकाटोला, दांवा, बिहिया, बिहिया चौरास्ता, गजराजगंज, भाजपा जिला कार्यालय बामपाली में भ्रमण समाप्त करेंगे।

मां की प्रतिमा देकर उन्हें जीत की अग्रिम बधाई दीः आरा आते ही आरके सिंह ने सबसे पहले अपनी पत्नी शीला सिंह और बेटे समीर सिंह के साथ मां आरण्य देवी में जाकर पूजा-अर्चना की। आरण्य देवी के महंत संजय बाबा ने पूजा कराया। इसके बाद संजय बाबा और आरण्य देवी मंदिर के सदस्यों ने मां की प्रतिमा देकर उन्हें जीत की अग्रिम बधाई दी। उसके बाद सड़क भ्रमण करते हुए गोपाली कुआं पहुंचे। जहां उनपर फूलों की बारिश हुई।

एक दिन में गांव के तीन लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के मनकी गांव में एक ही दिन में तीन लोगों की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। जबकि अन्य दो लोगों का इलाज पटना में चल रहा है। घटना की सूचना पर डीएम और एसपी जांच के लिए पहुंचे है।डीएम ने कहा कि संदेहास्पद स्थिति में तीन लोगों की मौत हुई है और फिलहाल घटना की जांच की जा रही है। हालांकि तीनों का दाह संस्कार बिना पोस्टमॉर्टम के कर दिया गया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि बुधवार की रात 5 लोगों की तबीयत अचानक खराब हो गई। इसमें गांव के निवासी सुधीर चौधरी उम्र 30 साल के पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं बुधवार को शत्रुधन साह उम्र 50 साल की भी मौत हो गई। इसके बाद गुरुवार को सतेंद्र चौधरी की मौत हो गई। जबकि दो लोग हरेंद्र सिंह उर्फ काली यादव उम्र 40 साल और दामोदर यादव को पटना रेफर किया गया। इधर तीन मौत के बाद भी परिजनों ने किसी को कुछ सूचना दिए बिना दाह संस्कार कर दिया। वही इस संबंध में एसपी मनीष कुमार ने कहा कि परिजनों ने दाह संस्कार कर दिया है और कारणों का स्पष्ट अंदाजा नहीं लग रहा है। जांच की जा रही है आगे जो भी होगा बता दिया जाएगा। इसके अलावा परिजन कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। बता दे कि जांच के लिए डीएम अंशुल अग्रवाल, एसपी मनीष कुमार, डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, एसडीपीओ डुमरांव, ब्रह्मपुर बीडीओ, सीओ व कई थानेदार पहुंचे थे।

झड़प और फायरिंग मामले में चार को किया गिरफ्तार, गाड़ी लगाने को लेकर हुआ था विवाद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना अंतर्गत गड़हनी में रोडवेज के विवाद को लेकर हुए झड़प और फायरिंग के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसे लेकर एक पक्ष से आनंद कुमार सिंह ने पांच नामजद समेत 20 से 25 अज्ञात, दूसरे पक्ष से मोहम्मद शकील ने भी पांच नामजद समेत 10 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक की कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक पक्ष से मोहम्मद समीर, बदरुद्दीन मियां और शकील अहमद उर्फ मुन्ना मियां है। जबकि दूसरे पक्ष से आनंद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना के तुरंत ही बाद डीएसपी राहुल सिंह ने गड़हनी पहुंचकर पूरे मामले की जांच की।

गाली-गलौज करते मारपीट शुरू कर दीः आनंद कुमार सिंह ने प्राथमिकी में कहा है कि रात 8:30 बजे वह अपने घर में थे। इस दौरान 20 से 25 की संख्या में लाठी और हथियार से लैस आरोपियों ने हमला कर दिया। गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उनके पुत्र आर्यन मियां पर फायरिंग की गई। प्राथमिकी में राजन मियां, डिस्को, मोहम्मद समीर, बशीरुद्दीन मियां और मुन्ना मियां को नामजद और अज्ञात को आरोपित किया गया है। दूसरी ओर शकील अहमद ने प्राथमिकी में कहा है कि रात में जब वह नमाज पढ़ कर लौट रहे थे की आर्यन सिंह समय दस अज्ञात लोगों ने घेरकर मारपीट की। इसके बाद वे जान बचाकर वहां से भाग निकले। घर पर आने के बाद हथियारबंद तत्वों ने गाली–गलौज करते हुए फायरिंग की। जिसमें आनंद सिंह, रमन सिंह, पंकज सिंह और जितेश कुमार को नामजद आरोपित किया गया है।

गली में गाड़ी ले जाने को लेकर हुआ था विवादः चार-पांच दिन पहले मुस्कान नामक एक व्यक्ति के ड्राइवर और छोटू नामक एक व्यक्ति के भतीजे के बीच गली में गाड़ी ले जाने के दौरान आपस में हाथापाई हुई थी। इसके बाद गुरुवार की रात दूसरे पक्ष के 10 से 15 लोग छोटू के दरवाजे पहुंच गए। विवाद के दौरान किसी ने दौरान फायरिंग कर दी थी जिससे मौके पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। एसपी ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक टीम का गठन किया गया है। जल्द सभी गिरफ्तार होंगे।

अनुकम्पा आश्रित शिक्षक मायूस, धरना पर बैठे

निज संवाददाता। बक्सर

नियुक्ति की आस लगाए अनुकम्पा आश्रित शिक्षक पूरी तरह से मायूस नजर आ रहे हैं। क्योंकि उन्हें आश्वासन के सिवाय अभी तक कुछ नही मिला। ऐसे में उनके घर की माली स्थिति पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। बता दें कि नियुक्ति पत्र के मांग को लेकर पिछले साल से धरना प्रदर्शन करने वाले आखिरकार जिला परिषद प्रशासन की टाल-मटोल रवैये से थक हार कर मौन बैठ गए हैं। करे भी तो क्या। 10 वर्षों से नौकरी के आस में अनुकम्पा आश्रित गुहार पर गुहार लगा रहें हैं। जहां उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। बता दें कि जिले के 114 शिक्षक अनुकम्पा आश्रित हैं। जिन्हें बहाल करने को लेकर जिला परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी सह डीडीसी डॉ महेंद्र पाल द्वारा न केवल सूची बनवाई गई, बल्कि नियुक्ति को लेकर लिस्ट भी बनवाया। किन्तु नियुक्ति नहीं की। कलेक्ट्रेट गेट पर कर चुके हैं धरना- प्रदर्शन नौकरी की मांग पर अड़े शिक्षक अनुकम्पा आश्रितों ने कई बार कलेक्ट्रेट गेट को जाम तक किया। जहां स्थानीय पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद हट गए। इसके बाद धरना प्रदर्शन तक भी किया। बावजूद कोई पहल नहीं की गई। 2023 में जारी हुआ था नियुक्ति का शेड्यूल मालूम हो कि डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल द्वारा बहाली का शिड्यूल जारी करते हुए 7 अगस्त 2023 को नियुक्ति पत्र देने को कहा था। किंतु 7 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचने पर अभ्यर्थियों को मालूम चला कि यहां नियुक्ति प्रक्रिया को शिक्षा विभाग से मार्गदर्शन मांगने का हवाला देकर रोक दिया गया है। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग से मार्गदर्शन भी आ गया। बावजूद कोई पहल नही किया गया। हालांकि डीडीसी ने उन्हें आश्वस्त किया था कि शीघ्र नियुक्ति की प्रक्रिया को शुरू की जाएगी। आश्रितों ने बताया कि अधिकारियों ने कहा था कि एक साथ 114 की बजाए शिक्षा विभाग द्वारा सभी तरह से योग्य व अनुशंसा के बाद पार्टवाइज उन्हें नियुक्त की जाएगी।

सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत, बेटे संग स्कूटी से कर रही थी सफर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा बिंद टोली के समीप सड़क हादसे में जख्मी वृद्ध महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में शनिवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम है। मृतका गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवास स्व.जगलाल तिवारी की 70 वर्षीया पत्नी निर्मला तिवारी हैं। इधर मृतका के बेटे सुजीत तिवारी ने बताया कि वह 26 मार्च को बेंगलुरु से अपनी मां के साथ अपने ससुराल जगदेवनगर आया था। 27 मार्च बुधवार की सुबह वह अपनी मां के साथ स्कूटी से अपने गांव बीरमपुर जा रहा था। उसी दौरान धनपुरा बिंद टोली के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने सामने से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी। हादसे में वह आंशिक रूप से जख्मी हो गया था। जबकि उसकी मां गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। निजी अस्पताल में ले जाया गया था जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया था। जहां दो दिन चले इलाज के बाद उन्हें शुक्रवार की सुबह इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया।

16 वी बार प्रिंस कुमार ने किया रक्तदान

निज संवाददाता। आरा

एसीएमओ डॉ केएन सिंहा की निगरानी में एक व्यक्ति ने 16वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले प्रिंस कुमार, कोईलवर थाना के मछुआ बाग गांव के निवासी हैं। डॉ सिन्हा ने पीड़ित मानवता की सेवा में उनके लगातार हो रहे योगदान की काफी प्रशंसा की। प्रिंस कुमार ने कहा कि मैं साल में एक या दो बार स्वस्थ रहने पर रक्तदान करता रहूंगा और यहां एक कृतिमान बनाने का मेरा लक्ष्य है। डॉ केएन सिंहा ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति साल में दो बार रक्तदान कर सकता हैं, इससे किसी तरह की हानि नहीं होती है। बल्कि स्वास्थ्य भी ठीक रहता है, कई तरह के बीमारी जैसे हार्ट, चर्बी, शुगर ब्लड प्रेशर मोटापा आदि में भी रक्तदान बचाव करता है। रक्तदान के बाद जो नया खून बनता है वह और भी ज्यादा ताकतवर होता है। मौके पर लैब टेक्नीशियन संजय कुमार प्रियदर्शी, काउंसलर अनिल कुमार, एएनएम उर्मिला देवी ,गार्ड राजेश सिंह व पंकज कुमार थे।

सगे भाइयों को तलवार से मारकर किया जख्मी, मामूली विवाद में दोनों पर हमला, पीड़ित के परिवार ने थाने में की शिकायत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के लहंग डुमरिया गांव में शुक्रवार को बोझा रखने के विवाद को लेकर सगे भाइयों को तलवार से मारकर जख्मी कर दिया गया। दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में बिहिया थाना क्षेत्र के लहंग डुमरिया गांव निवासी स्व. श्रीनिवास सिंह का 33 वर्षीय पुत्र सुधीर सिंह और 28 वर्षीय पुत्र प्रिंस राज सिंह है।

धान का बोझा रखने को लेकर हुआ विवादः प्रिंस राज सिंह ने बताया कि उक्त लोगों से पूर्व से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। उनके घर के आगे फूलवाड़ी है। वे लोग जबरन धान का बोझा उनके फूलवाड़ी पर रख रहे थे। जब उन्होंने मना किया तो उनके बीच कहासुनी हुई। उसके बाद उक्त लोगों ने दोनों भाइयों को तलवार से मारकर जख्मी कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी प्रिंस राज सिंह ने गांव के ही सगे भाई राजीव सिंह और भीम सिंह पर पीटने का आरोप लगाया है।

पीड़ित परिवार ने थाने में की शिकायतः ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि एक युवक को काफी गंभीर चोटें आई है। दूसरा भी घायल है। आरा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। तलवार से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया था।

भाकपा-माले ने बिहार की तीन लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार किए फाइनल

आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजा राम सिंह, नालंदा से संदीप सौरभ लड़ेंगे चुनाव

राजाराम सिंह (काराकाट)

सुदामा प्रसाद (आरा)

संदीप सौरभ (नालंदा)

- काराकाट से पूर्व विधायक पर पार्टी ने जताया भरोसा
- आरा-काराकाट में है पार्टी का मजबूत जनाधार

निज संवाददाता

पटना। भाकपा-माले ने शनिवार को बिहार की तीन लोकसभा सीट पर अपने कैंडिडेट के नामों का ऐलान कर दिया है। इंडी गठबंधन में भाकपा-माले को आरा, काराकाट और नालंदा लोकसभा सीटें मिली हैं। कल हुए सीट शेयरिंग के बाद पार्टी ने आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजा राम सिंह और नालंदा से संदीप सौरभ को अपना कैंडिडेट बनाया है। वहीं झारखंड की कोडरमा सीट से बगोदर के वर्तमान विधायक विनोद सिंह कोडरमा से प्रत्याशी होंगे। विनोद सिंह अपने पिता महेंद्र सिंह के निधन के बाद 2005 में बगोदर से विधायक बने। इधर अगिआंव उपचुनाव में भाकपा माले ने आरवाइए के राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन को मैदान में उतारा है। मनोज मंजिल को हत्या के केस में सजा होने के बाद उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई थी। इसके बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। शिवप्रकाश रंजन बिहार में छात्र आंदोलन के चर्चित नेता रहे हैं। उन्होंने आइसा के बिहार राज्य सचिव की जिम्मेवारी भी संभाली है। वे भाकपा-माले की राज्य कमिटी के भी सदस्य हैं। बता दें कि आरा और काराकाट में भाकपा-माले का मजबूत जनाधार माना जाता है। भोजपुर जिले में पार्टी के दो विधायक हैं। अगिआंव से मनोज मंजिल और तरारी से सुदामा प्रसाद विधायक हैं। हालांकि अब मनोज मंजिल की सदस्यता खत्म हो गई है। वहीं काराकाट विधानसभा क्षेत्र से अरूण सिंह विधायक हैं। इसी इलाके के ओबरा से राजा राम सिंह विधान सभा चुनाव जीतते रहे हैं। पिछली बार वे हार गए थे। पार्टी ने 3 में से 2 विधायक को टिकट दिया है। इनमें सुदामा प्रसाद और संदीप सौरभ हैं। सुदामा प्रसाद आरा जिले के ही तरारी विधानसभा से भाकपा-माले के विधायक हैं। उन्होंने 2015 में पहली बार तरारी सीट पर जीत हासिल की और फिर 2020 के विधानसभा चुनाव में दोबारा निर्वाचित हुए। वे बिहार विधानसभा में कृषि-उद्योग समिति के सभापति भी हैं। सुदामा प्रसाद अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। वे पार्टी की बिहार राज्य स्थायी समिति के भी सदस्य हैं। वहीं नालंदा से प्रत्याशी संदीप सौरभ फिलहाल पालीगंज से विधायक हैं। वे आइसा और जेएनयूएयू के महासचिव रह चुके हैं। हाल के दिनों में बिहार में चले शिक्षक आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संदीप सौरभ पार्टी की केंद्रीय कमिटी के भी सदस्य हैं। काराकाट से माले प्रत्याशी राजाराम सिंह अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव हैं।1995 और 2000 में वे औरंगाबाद के ओबरा से दो बार विधायक भी रह हैं। साथ ही अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के बिहार-झारखंड के प्रभारी भी हैं। भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो के भी सदस्य हैं।

वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी के सीट शेयरिंग में हाथ खाली, दो से तीन सीटों की रखी थी मांग

निज संवाददाता

पटना। INDI अलायंस में आखिरकार 29 मार्च को सीटों का बंटवारा हो गया। इसमें केवल लालू यादव का दबदबा नजर आया। बिहार में कुल 40 सीटों में से आरजेडी सबसे ज्यादा 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इतना ही नहीं, कांग्रेस के सामने ही पप्पू यादव का पत्ता भी कट गया। कांग्रेस केवल 9 सीटें लेकर सारा तमाशा चुपचाप देखती रही। वामदलों को भी 5 सीटों पर संतोष करना पड़ा। यहां एक नाम और भी था, जिसे सीट शेयरिंग से बड़ी आस थी। वो वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी हैं। जिन्होंने दो से तीन सीटों की मांग रखी थी, मगर इनकी दाल नहीं गली। इससे पहले मुकेश सहनी की बातचीत एनडीए से भी चली थी, पर वहां भी हाथ खाली रह गए। पॉलिटिकल एक्सपर्ट अरूण पांडेय कहते हैं कि मुकेश सहनी दोनों गठबंधन से सौदेबाजी करते आए हैं, लेकिन कहीं भी उनकी बात नहीं बनी। अभी लालू यादव ही सबसे बड़े सौदेबाज हो गए हैं। उनकी यही शर्त थी कि सहनी अपनी पार्टी का विलय राजद में कर लें, तभी उनको सीट दी जा सकती है।

कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति से प्राप्त किया सम्मान

पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को मिला देश के सबसे बड़े सम्मान भारत रत्न सम्मान

- 100वीं जयंती के एक दिन पहले हुई थी घोषणा
- कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के बाद बिहार में बदल गई थी सत्ता
- समस्तीपुर जदयू में खुशी की लहर

राष्ट्रपति से भारत रत्न सम्मान प्राप्त करते-करपूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर

निज संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर के लाल और पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को देश के सबसे बड़े सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। शनिवार को दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में समारोह आयोजित किया गया। इसमें देश के 5 विभूतियों को यह सम्मान मिला है। बिहार के लिए भी आज का दिन ऐतिहासिक हुआ। पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत मिले भारत रत्न सम्मान को उनके बेटे सह जदयू के राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्राप्त किया। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने से पूरे बिहार में खुशी की लहर है। कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती के एक दिन पहले ही 23 जनवरी 2024 को उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा राष्ट्रपति कार्यालय से कर दी गई थी। खुद पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार समेत अन्य नेताओं ने इसका स्वागत किया था। कर्पूरी ठाकुर के योगदान को सदैव याद किया जाता है। पक्ष और विपक्ष के तमाम नेताओं ने उन्हें भारत रत्न दिए जाने के फैसले का स्वागत किया है। बता दें कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के ठीक 1 दिन बाद कर्पूरी जयंती समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा परिवारवाद का मुद्दा उठाया गया था। इसके बाद जदयू और राजद में तलखी बढ़ी थी। बिहार में अगले एक सप्ताह के दौरान सत्ता का परिवर्तन हो गया था। जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष डॉ.दुर्गेश राय ने भारत के महामहिम राष्ट्रपति भारत के माननीय प्रधानमंत्री बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सम्मान बिहार के 13 करोड़ लोगों के भावना का सम्मान है। बधाई देने वालों में उजियारपुर की पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी मुख्यालय प्रभारी सुबोध कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी अनस रिजवान, धर्मदेव कुशवाहा, कृष्णदेव पासवान, मनीष कुमार, डॉ ज्योति निर्मला, संजीत कुशवाहा,अशरफी सहनी, अरुण पासवान, कौशल सिंह कुशवाहा, प्रमोद मिलिंद, डॉ अमित कुमार मुन्ना,रविंद्र ठाकुर, रजा अहमद, राजकुमार साह, जमील अख्तर, सुजित कुमार, वरुण साह आदि ने आभार व्यक्त किया।

पुलिस ने नेपाली नागरिक सहित 13 अपराधियों को किया गिरफ्तार, 20 किलो गांजा बरामद

निज संवाददाता

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)। मोतिहारी में पुलिस ने कई थाना क्षेत्र से नेपाली नागरिक सहित 13 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। लोक सभा चुनाव को लेकर एसपी कांतेश मिश्रा ने विशेष अभियान चला कर वारंटी और नशीले पदार्थ का तस्करी करे वालों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया है। सीकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार ने बताया कि विशेष टीम बना कर अनुमंडल के अलग अलग थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से एक नेपाली नागरिक गांजा लेकर भारत आ रहा है। इसके बाद जब जांच की गई तो टीम को उसके पास से 20 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह नेपाल के बारा जिला के सिमरौनगढ़ का रहने वाला। उसका नाम दिनेश कुमार है और वह गांजा लेकर भारत आया था। इसके अलावा सफी मोहम्मद, फिरोज अहमद, मोहन साह, सुरेंद्र राय, तेजा राय, चन्दन साह, भूषण कुमार, चन्दन मंडल, धर्मेन्द्र कुमार, प्रभु राय, नीक राज किशोर, राकेश कुमार, ललन ठाकुर शामिल है।

अपराध की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नि.सं.)। मोतिहारी में पुलिस ने लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी पिपरा थाना क्षेत्र में जमा हुए है और लूट की योजना बना रहे है। सूचना मिलते ही चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर अपराधियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया। इसके बाद एसडीपीओ ने पिपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार के साथ छापेमारी कर लूट अपराधियों को देसी कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद थाना में कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

प्रथम चरण की तिथि 12 से 15 फरवरी तक, द्वितीय चरण 19 से 21 फरवरी तक की गई थी निर्धारित

1308 शस्त्र के लाइसेंस सीवान में होंगे रद्द, तीन मौके मिलने के बावजूद भी नहीं कराया भौतिक सत्यापन

निज संवाददाता

सीवान। सीवान जिला प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी में जुटा हुआ है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी का शास्त्र का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया था। जिला प्रशासन द्वारा तीन-तीन बार शस्त्र का भौतिक सत्यापन करने का शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी को मौका दिया गया। इसके बावजूद जिला भर के कुल 1308 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी ने अपने आग्नेय शस्त्र का भौतिक सत्यापन नहीं कराया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने भौतिक सत्यापन नहीं करने वाले सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी का आग्नेयास्त्र के लाइसेंस को रद्द करने का निर्देश दिया है।

बता दें कि शस्त्र सत्यापन के लिए प्रथम चरण की तिथि 12 फरवरी से 15 फरवरी तक, द्वितीय चरण की तिथि 19 फरवरी से 21 फरवरी तक निर्धारित की गई थी जिसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि जिला में सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी निर्धारित समय सीमा के अन्दर अपने शस्त्र का सत्यापन शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेंगे। जिसके आलोक में 2503 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों के द्वारा अपने शस्त्र का सत्यापन कराया गया। इस तिथि तक जिन्होंने शस्त्र का सत्यापन नहीं कराया था, उन्हें जिला दण्डाधिकारी सीवान द्वारा तृतीय एवं अंतिम मौका 18 से 20 मार्च तक दिया गया ताकि शेष अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा सत्यापन कराया जा सके। द्वितीय चरण की निर्धारित अवधि में शस्त्र का सत्यापन नहीं कराने वाले शस्त्रधारियों से शस्त्र दण्डाधिकारी सिवान द्वारा शीघ्र शस्त्र का सत्यापन कराते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गयी। जिसके आलोक में 19 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब दिया गया कि उनके शस्त्र को संबंधित थाना/गन हाउस में जमा किया जा चुका है। 36 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों के विरूद्ध किसी न किसी मामले में केस दर्ज होने के कारण उनके शस्त्र को संबंधित थानों में जमा करने का निर्देश दिया गया। अंतिम चरण के बाद भी 1308 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों द्वारा अपने शस्त्र का सत्यापन नहीं कराया गया है। जिसके आलोक में जिला दण्डाधिकारी सिवान द्वारा उनके शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है।

लाखों की संपति जलकर राख, घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल

आग लगने से दो साल के मासूम की जिंदा जलकर मौत, पांच घर जले

निज संवाददाता

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी में शुक्रवार की रात अगलगी में एक मासूम की झुलस कर मौत हो गई है। घटना जिले के पुपरी थाना क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव की है। एक साथ पांच भाइयों को फूंस वाले घरों में आग लग गई। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। हालांकि आग कैसे लगी इसका खुलासा नहीं हो सका है। बताया जा रहा कि उसी घर में एक किराना दुकान भी था, जो जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए। वहीं, पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके अलावा अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी। सूचना के बाद अग्निशमन यंत्र मौके पर पहुंची। इससे पहले गांव के लोग जैसे तैसे गांव आग पर काबू पाने की कोशिश की। अग्निशमन विभाग के पहुंचने पर पूरी तरह आग पर काबू पाया। मृतक बच्चे की पहचान दो वर्षीय मो. रिजवान के रूप में की गई है। उसके परिजन मो.सब्बाश अंसारी ने बताया कि खाना खाकर सभी सोए हुए थे। अचानक आग लग गई और देखते ही देखते उसके चारों अन्य भाइयों के घर भी जल गए। जिसमें एक दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। लाखों की संपति जलकर राख हो गया।

दो पक्षों में मारपीट में एक की मौत, दो घायल

निज संवाददाता

सहरसा। सहरसा में जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना बसनही थानां क्षेत्र के हिंगवा गांव की है। बताया जा रहा है की 4 कट्ठा जमीन को लेकर दोनों पक्ष में बीते शुक्रवार को मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष के दो लोग जख्मी हो गए। जिसमें एक कि मौत हो गयी है। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आज शनिवार को सदर अस्पताल भेज मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर गांव में पंचायत चल रहा था। इसी दौरान दोनों पक्षों में मारपीट होने लगा। जिसमें एक पक्ष के योगेंद्र मंडल की मौत हो गयी और दो व्यक्ति जख्मी हो गया।

जख्मी का नाम राम सुरेश मंडल,और शंभु कुमार बताया जा रहा है। दोनो जख्मी अभी सदर अस्पताल में भर्ती है। बसनही थानाध्यक्ष संतोष कुमार निराला ने बताया कि जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई है। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई है। मामला दर्ज कर लिया गया है साथ ही साथ घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भूमि विवाद को लेकर मारपीट की घटना की सुचना पर पहुंची थी पुलिस टीम

पुलिस टीम पर हमला, दो कर्मी घायल पुलिस ने तीन को लिया हिरासत में

निज संवाददाता

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)। मोतिहारी में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना की सुचना पर पहुंची, पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस घटना में दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। वहीं पुलिस टीम पर हमला होने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन हमलवारों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दरोगा टोला निवासी शंभू प्रसाद का जमीन नंदपुर में है। जिसमें कुछ लोग जबरन रास्ता निकाल रहे थे। इसी मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, इसी दौरान शनिवार की सुबह उन्होंने फोन कर बताया कि उनके जमीन पर फिर से सड़क बनाने का काम कराया जा रहा है। जिसके बाद सीओ ने एक अंचल कर्मी और थाना का चौकीदार को भेजा गया, लेकिन उन लोगों ने उनकी बात को नहीं माना तो क्यूं आर टी प्रभारी के साथ जवान गए। जहां ग्रामीणों ने उन पर पथराव कर दिया। जिसमें क्यू आर टी प्रभारी सहित दो पुलिस कर्मी घायल हो गए, जिसके बाद थाना से भारी संख्या में पुलिस बल लेकर पहुंचे, और तीन को हिरासत में ले लिया। जिनसे पूछताछ किया जा रहा है। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि दूसरे के जमीन से जबरन रास्ता निकालने को लेकर पूर्व से विवाद चला आ रहा है। इसी को लेकर आज टीम पहुंची थी। इसी दौरान पुलिस पर पथराव किया गया। जिसमें दो पुलिस कर्मी घायल हो गए है। वहीं तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

हत्या केस में माले विधायक अमरजीत कुशवाहा और सत्यदेव बरी, 11 साल बाद कोर्ट का फैसला

निज संवाददाता

सीवान। सीवान के चर्चित 2013 के चिल्हमरवा केस में शनिवार कोर्ट का फैसला आ गया है। 11 साल बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए माले नेता और जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा, दरौली विधायक सत्यदेव राम को बरी कर दिया गया है। साथ ही बाकी आरोपियों को भी कोर्ट ने बरी कर दिया है। बरी होने के बाद अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि सब जानते हैं कि हम लोगों को इस मामले में राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया था। 11 साल से न्याय की प्रक्रिया चल रही थी। आज हमको न्याय मिला है। आज कोर्ट का फैसला आया है। हम सब लोगों को रिहा कर दिया गया है। बरी होने के बाद सत्यदेव राव ने कहा कि जुलाई 2013 की घटना में दबंग, राजनेता और आपराधिक छवि के लोगों ने मुझपर और अमरजीत पर आरोप लगाया। 11 साल से हम लोगों को परेशान किया जा रहा। आज न्यायालय ने हम लोगों को न्याय दिया है। गरीब गुरबों की आवाज को दबाने के लिए ये साजिश की गई थी। बता दें कि दोनों विधायकों सहित 10 पर नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ हत्या, फायरिंग सहित कई धाराओं में केस दर्ज था। फैसले को लेकर विधायक सत्यदेव राम ने कहा कि कोर्ट के फैसले को सौ बार नमन है। हम दोनों नेताओं को जेल में बंद कर गरीबों की आवाज दबाने की कोशिश थी, जो नाकाम हो गई। जुलाई 2013 में दो गुटों के बीच चिल्हमरवा केस जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसे लेकर दोनों गुटों के बीच जमकर झड़प हुई थी। इस दौरान बमबारी और गोलीबारी भी हुई थी।

समस्तीपुर में 10 किलो गोल्ड लूट का मास्टरमाइंड भोपाल से गिरफ्तार

निज संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर के रिलायंस ज्वेलर्स में 8 करोड़ की लूट के मामले में पुलिस ने मास्टर माइंड रविरंजन सिंह उर्फ रामी उर्फ रम्मी उर्फ रमिया को गिरफ्तार कर लिया है। 28 दिन पहले इस लूट को अंजाम दिया गया था। समस्तीपुर पुलिस की मदद से एसटीएफ की विशेष टीम ने भोपाल के इंद्रपुरी से ये गिरफ्तारी की है। वो भोपाल में किराए का फ्लैट लेकर रह रहा था। रविवार तक पुलिस इसे लेकर समस्तीपुर पहुंचेगी। हालांकि जिला पुलिस अभी रमिया की गिरफ्तारी को लेकर कुछ भी बोलने से परहेज कर रही है। रमिया बिहार के साथ ही झारखंड में कुछ सालों के दौरान हुए सोनालूट कांड में शामिल रहा है। इसकी तलाश झारखंड पुलिस भी लंबे समय से कर रही थी। रमिया पर बिहार सरकार ने 3 लाख रुपए का इनाम भी रखा था। रमिया बेउर जेल में बंद गैंगस्टर पुल्लू ठाकुर और मोकामा के सुबोध सिंह के साथ मिलकर देश के कई राज्यों में सोना लूटकांड को अंजाम दे चुका है, लेकिन पिछले कई साल से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। बताया गया है कि रमिया भोपाल के इंद्रपुरी में किराए का फ्लैट लेकर रह रहा था। इसे आसपास के लोग बड़ा कारोबारी मान रहे थे। नाम भी बदल रखा था। रमिया की गिरफ्तारी से सोना लूट गिरोह के अन्य बदमाशों के करीब पुलिस के पहुंचने में आसानी होगी। रिलायंस ज्वेलर्स शो रूम लूट मामले में जिला पुलिस की स्पेशल टीम के साथ ही राज्य एसटीएफ की टीम बेउर जेल में बंद पुल्लू ठाकुर और मोकामा के सुबोध सिंह से कई बार पूछताछ कर चुकी है।

हथियार के साथ मुखिया और वार्ड सदस्य गिरफ्तार

निज संवाददाता

सहरसा। सहरसा के बनमा इटहरी थानां क्षेत्र में रसलपुर गांव से पुलिस ने छापेमारी कर मुखिया और वार्ड सदस्य को गिरफ्तार करते हुए हथियार बरामद किया है। दोनों के पास से 1 देसी दुनाली बंदूक, 1 देसी राइफल 1 देसी कट्टा, 25 जिंदा कारतूस दुनाली बंदूक की, 28 देसी राइफल का कारतूस आधि सामान बरामद किया है। डीएसपी धीरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी मुखिया का नाम अजय यादव है। वहीं दूसरे आरोपी वार्ड सदस्य का नाम जय राम यादव है। दोनों गांव के ही निवासी है। उन्होंने आगे बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया जाएगा। इसके अलावा इनका आपराधिक इतिहास होने की बात सामने आ रही है। उसकी जांच भी की जा रही रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

विचार-मंथन

संपादकीय

जेल से सरकार

कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्थापित परंपरा से अलग जाते हुए जेल से सरकार चलाने का जो फैसला किया है, उसने एक नए विवाद और नए विमर्श को जन्म दिया है। विवाद इसलिए कि पूर्व में जब भी ऐसी परिस्थिति पैदा हुई, तो संबंधित मुख्यमंत्री ने हिरासत में लिए जाने से पहले अपना त्यागपत्र सौंप दिया। उन मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे राजनीतिक शुचिता और सांविधानिक गरिमा की रक्षा के नैतिक दबाव से प्रेरित रहे। मगर, केजरीवाल के रुख ने विरोधियों को उन पर हमले का मौका मुहैया करा दिया है। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री पूछताछ के लिए ईडी की हिरासत में हैं, तो उनके पास लेखन सामग्री कहां से आई कि वह अपने मंत्रियों को निर्देश जारी कर रहे हैं? अब उन्होंने इस मामले की जांच कराने की मांग कर डाली है। बुधवार को भी सीएम केजरीवाल को कोर्ट से राहत नहीं मिली थी। जाहिर है, आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, केजरीवाल और उनकी पार्टी के मौजूदा रुख के पीछे जहां दिल्ली व देश के मतदाताओं तक यह पैगाम पहुंचाना है कि सलाखों के पीछे भी आपके हितों के लिए मुख्यमंत्री सक्रिय हैं, तो वहीं भाजपा व एनडीए का पूरा प्रयास उनके इस कदम को अनैतिक ठहराने का है। राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों से परे इस प्रकरण ने देश और समाज के आगे विमर्श का एक गंभीर मुद्दा पेश किया है, क्योंकि संविधान इस संदर्भ में मौन है। संविधान यही कहता है कि मंत्रियों की एक परिषद होगी, जो शासन संबंधी फैसले लिया करेगी और मंत्रिपरिषद का मुखिया मुख्यमंत्री होगा। मंत्रिपरिषद की बैठक की सदारत के लिए मुख्यमंत्री की उपस्थिति की भी बाध्यता नहीं है, काबीना का वरिष्ठतम मंत्री यह दायित्व निभा सकता है। ऐसे में, सरकार के दैनंदिन कार्यों में फौरी तौर पर कोई खास व्यवधान नहीं आने वाला। फिर जेल मैनुअल भी विचाराधीन कैदियों को सप्ताह में एक दिन मुलाकात का मौका देता है और यह भी प्रावधान है कि सभी कैदी पंद्रह दिनों में एक बार अपने रिश्तेदारों, साथियों, कानूनी सलाहकारों को पत्र लिख सकते हैं। ऐसे में, यह सवाल स्वाभाविक है कि यदि यह मामला लंबा खिंचता है।

चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी

(ललित गर्ग)

मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

> *यह वक्त मतदाता के जागने एवं विवेक से मतदान करने का भी है। वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। नेताओं के गलत, बेबुनियाद एवं तथ्यहीन बयानों कर सत्यता को जाने बिना उन पर विश्वास कर मतदाता लोकतंत्र को कमजोर करता है।*

पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी। हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है। बेलगाम भाषा से क्षणिक प्रचार और सुर्खियां बटोरना सम्भव है लेकिन अतीत में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो ये दर्शाते हैं कि ऐसे नेताओं को जनता भी कुछ समय बाद ही भूल जाती है। नेताओं को हर हालत में भाषा की मर्यादा एवं शालीनता को बनाए रखना चाहिए। भले ही चुनाव का वक्त आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है और खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन यह सब करते हुए भाषा की शालीनता एवं कड़वे बोल से बचने की जरूरत है।

ये गर्मी कुछ कहती है

बढ़ती गर्मी आम आदमी के लिए एक सामान्य खबर हो सकती है, लेकिन इसको सामान्य दृष्टिकोण से देखना आने वाले बड़े खतरों की तरफ से मुंह मोड़ने जैसा है। वर्ल्ड मीटिअरलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि पिछले 10 सालों में धरती का तापमान औसत से ज्यादा ही रहा है। 2024 में तापमान के और ज्यादा बढ़ने की आशंका है। इसका असर धरती के समूचे मौसम चक्र और कालांतर में मनुष्य के जीवन चक्र पर पड़ेगा और सब कुछ उलट-पलट कर रख देगा। इसके चलते कहीं बेमौसम बारिश और कहीं भयानक गर्मी पड़ने की आशंका है। दुनिया विकास के नाम पर संसाधनों का दोहन करते हुए जिस तरह आगे बढ़ रही है, अंदेशा है कि सन 2050 तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसके बाद अगले पचास सालों में दुनिया का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। आंकड़ों से यह पता चलता है कि औद्योगिकीकरण से पहले के काल की तुलना में 2023 में धरती का औसत तापमान 1.45 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है।सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मनुष्य उतनी तेजी से अपना व्यवहार और बर्ताव नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनाई गई सीमाओं को नहीं मानता। मौसम का संकेत मौसम की चेतावनी पूरी धरती के लिए, अर्थात इस धरती पर रहने वाले, पलने वाले, फलने-फूलने वाले, हर चल-अचल के लिए है। इसलिए पर्यावरण के बारे में वर्ल्ड लीडरों की भाषणबाजी से ज्यादा प्रत्यक्ष रूप से अपने आचरण में ठोस बदलाव की जरूरत है। इस बात को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि अगर मौसम के बदलने की रफ्तार तेज है तो हमें भी अपने कार्बन उत्सर्जन के मानकों और उद्देश्यों को तेजी से नए सिरे से निर्धारित करना होगा। न सिर्फ कार्बन उत्सर्जन, बल्कि मीथेन और नाइट्रेड ऑक्साइड भी नई चुनौती है। चीन के बाद भारत ही सबसे ज्यादा मीथेन का उत्सर्जन करता है। इसकी बड़ी वजह हमारा पशुधन है। पशुधन को बचाते हुए मीथेन को नियंत्रित करना होगा। विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाज़ारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा।

अरविंद और आप का संकट

(शशि शेखर)

अपना 77वां वसंत जी रहे आजाद भारत में यह आम चुनाव नई रंगत लिए होगा। ऐसा पहली बार होगा, जब दो मुख्यमंत्री, एक उप-मुख्यमंत्री, सांसद और मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में सलाखों के पीछे होंगे। इनके अलावा दर्जनों ऐसे हैं, जो या तो जेल काट चुके हैं, या जाने की तैयारी में हैं। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वायदाशुदा नीति का नतीजा है, या फिर प्रतिपक्ष को कमजोर करने की रणनीति? वैचारिक तौर पर विभाजित वैश्विक समाज में ऐसे सवालों के उत्तर देना आसान नहीं, क्योंकि लोगों ने सत्य की श्वेत-श्याम छवि को अपने पसंदीदा रंगों के चश्मों से देखना शुरू कर दिया है। यही वजह है कि किसी ऐसे मामले की जांच के लिए घटनाओं को परत-दर-परत जांचना जरूरी है। आम आदमी पार्टी से शुरू करते हैं। पिछले दशक के प्रारंभिक वर्षों में अरविंद केजरीवाल सत्य के 'योद्धा' के तौर पर उभरे थे। उन्होंने भारतीय राजस्व सेवा की चमक-दमक वाली नौकरी छोड़कर एनजीओ और आरटीआई के जरिये आसपास बिखरी बुराइयों से जूझने का संकल्प किया था। अन्ना के आंदोलन ने उन्हें नए अवसर और नई ऊंचाई प्रदान की थी। वह उनके मंच से जब अपनी अति साधारण आवाज में गाते- इंसान का इंसान से हो भाईचारा, यही पैगाम हमारा, तब राजनीतिक भ्रष्टाचार और कदाचार से ऊबे हुए लोग उन पर रीझ-रीझ जाते। उन दिनों वह और उनके साथी कहते थे कि हमें राजनीति से मतलब नहीं है। हम तो सिर्फ सच्चाई, भाईचारे, और इंसाफ के लिए लड़ रहे हैं। उनके प्रशंसक उस वक्त आश्चर्यचकित रह गए, जब केजरीवाल ने राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा कर डाली। आम आदमी पार्टी की स्थापना के वक्त उनका तर्क था कि सियासत के सागर में उतरे बिना उसे साफ करना संभव नहीं। राजनीति की शुरुआत भी उन्होंने गैर-पारंपरिक तरीके से की। वह कभी ऑटो रिक्शा वालों के बीच जा बैठते, तो कभी मेहनतकशों के किसी और वर्ग की ओर रुख कर लेते। हालांकि, पहले चुनाव के बाद सत्ता के लिए उन्होंने उसी कांग्रेस का सहारा ले लिया, जिस पर वह कल तक भ्रष्टाचार के बेहद तीखे आरोप लगाते थे। आम आदमी पार्टी यह चुनाव भी कांग्रेस के साथ लड़ने जा रही है। इस दौरान उनके कुछ पुराने साथियों को उनकी कथनी और करनी में भेद नजर आने लगा। कई शुरुआती साथियों ने या तो पार्टी छोड़ दी या वे बाहर कर दिए गए, लेकिन केजरीवाल अपने रास्ते पर बढ़ते रहे। उनमें निर्बल और निम्न मध्यमवर्गीय मतदाताओं को समझने की अद्भुत क्षमता है। बिजली और पानी के बिलों में रियायत देकर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के लोगों का दिल जीता। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया। दिल्ली की जनता ने भी लगातार दो चुनावों में जबरदस्त बहुमत देकर उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने पंजाब में सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की और गुजरात विधानसभा के चुनावों में 12.92 प्रतिशत मत पाकर राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा भी हासिल कर लिया। सवाल उठता है, कामयाब आंदोलन और सफल सियासत के बावजूद उनका यह सफर कारागार के सीखचों के पीछे कैसे जा पहुंचा? क्या महंगी चुनाव व्यवस्था इसकी वजह है, जहां हर पार्टी को ज्ञात-अज्ञात स्रोतों से आर्थिक मदद की दरकार होती है? अगर ऐसा है, तो फिर उनमें और औरों में क्या फर्क रह जाता है? वह जिस तथाकथित आबकारी घोटाले में गिरफ्तार किए गए हैं, वह भी आश्चर्यजनक है। उन्होंने अपने साथियों के साथ अनोखी आबकारी नीति का निर्माण किया था। इसके तहत दिल्ली में अंग्रेजी शराब बेहद सस्ती हो गई थी। क्या कमाल है? एक तरफ नीतीश कुमार बिहार में शराबबंदी करके हुकूमत बचा रहे थे, तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी सुरा की नई रसधार बहाकर लोकप्रियता तलाश रही थी। इसी बीच आम आदमी पार्टी में पुराने आंदोलनकारियों की जगह नए चेहरे लेने लगे थे। विजय नायर उनमें से एक थे। वह पता नहीं कहां से आए और मीडिया सेल के प्रभारी बना दिए गए।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5325

6			4	2				
8		4	9				7	3
3						4	5	
			8	7			9	
	8						2	
	3			6	1			
	2	5						7
9	6				5	8		2
				3	9			4

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5324

3	5	8	9	1	6	2	4	7
4	6	2	7	5	3	1	9	8
1	9	7	4	8	2	5	3	6
8	4	9	1	6	7	3	5	2
7	1	5	2	3	4	8	6	9
2	3	6	8	9	5	4	7	1
9	2	3	5	7	1	6	8	4
5	8	1	6	4	9	7	2	3
6	7	4	3	2	8	9	1	5

वर्ग पहेली 5325



संकेत: बाएं से दाएं
1. 9 मई 1866 को इस प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी का जन्म हुआ था इन्हें महात्मा गांधी अपना राजनीतिक गुरु मानते थे (8)
7. [illegible], आला, [illegible] (3)
8. [illegible], आकार (3)
9. निम्न कुल, [illegible], कुलहीन (4)
11. निशान, चिह्न, इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने दोहरी भूमिका निभाई थी (3)
13. यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है (2)
14. पुरुष, मर्द (2)
15. [illegible] (2)
17. [illegible] से आया हुआ, [illegible] (4)
18. भोजन आदि के लिए दिया गया निमंत्रण (2)
19. जो भाग में लिया हो, जो दांव पर लगा हो (2)
20. ब्राह्मणों की दृष्टि से वह व्यक्ति जो उनसे अपने धार्मिक कृत्य करवाता है, यज्ञ कराने वाला (4)
21. [illegible] प्राप्त, जिसका [illegible] हो (3)

ऊपर से नीचे
1. गोधूलि बेला, आरंभिक सायंकाल (3)
2. [illegible] वाला, [illegible] के पकने की विधि (2)
3. अनियमित, अनित्य, [illegible] (4)
4. नाथूराम गोडसे के छोटे भाई ([illegible]) जिन्हें महात्मा गांधी की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास मिला था (3)
5. पत्र, चिट्ठी (2)
6. [illegible] को अंग्रेजी में यह कहते हैं (2)
10. [illegible], देव (2)
12. पराजित होना, शिकस्त खाना (3)
13. [illegible], सहायता करने का भाव या क्रिया (5)
15. [illegible], [illegible], वैमनस्य (4)
16. [illegible], प्रतिध्वनि, [illegible] की आवाज (2)

वर्ग पहेली 5324 का हल

आज का राशिफल

मेष
आज का दिन काफी बिजी और दौड़भाग वाला रहेगा। आज आपको अपने बच्चों के करियर को लेकर काफी चिंता हो सकती है। ऑफिस में आपके संबंध सभी लोगों के साथ बहुत ही बेहतर रहेंगे। बच्चों के करियर की चिंता आपको काफी भागदौड़ करा सकती है। आज कार्यस्थल में साथियों का और घर में अपने से छोटे सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

वृष
आज भाग्य साथ देगा और आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। ऑफिस में हर तरह की रुकावटों और अड़चनों का सामना आपको करना पड़ सकता है। आपको एसएमएस के जरिए कोई काम की जानकारी मिलेगी। जायदाद के बारे में किसी डॉक्यूमेन्ट पर साइन करने से पहले सावधानी से काम करें। वरना परेशानी हो सकती है।

मिथुन
आज दिन शानदार बीतेगा और आज आपको कोई खोई हुई वस्तु मिल सकती है। आज आपको पहले से उधार दिया गया पैसा वापस मिल सकता है। खास बात यह है कि इसके अलावा भी दिन भर आपको कई सरप्राईज मिलते रहेंगे और आपके घर में खुशियों का आगमन होगा।

तुला
आज लाभ का दिन है। आज आपके प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं। कमाई में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन साथ ही खर्च के बहाने भी मिल जाएंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग लोगों की नजरों में चढ़ जाएंगे। आपका पॉजिटिव मूड खराब से खराब माहौल में भी ताजगी भर देगा।

वृश्चिक
आज भाग्य साथ देगा और आज आपका दिन चुस्ती से भरा होगा। सहयोगियों से आपको हर संभव मदद मिलेगी। कार्यक्षेत्र में बदलाव के तौर पर आप अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने की कोशिश करेंगे और कामयाब भी होंगे। आपकी आर्थिक समस्याओं का समाधान मिल सकता है। किस्मत आपका साथ देगी।

धनु
आज भाग्य साथ देगा और आज सोसाइटी में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। आपके घर में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है। आपके प्रेमी को किसी बात से समझौता करना पड़ सकता है लेकिन कुछ फायदों को देखते हुए इसमें कोई नुकसान भी नहीं है। विरोधियों का सिर नीचा करने में आपको कामयाबी मिलेगी।

कर्क
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपकी कारोबार से जुड़ी सफलता प्राप्त होगा। आज आपका दिन कई रंग बदलेगा। आपको मिलेजुले परिणाम मिलेंगे। नए काम में कुछ रुकावट महसूस करेंगे। दिन बीतने के साथ साथ काम बनते नजर आएंगे। घर के छोटे सदस्यों के करियर की चिंता खत्म होगी। रुटीन के कामों में कुछ तब्दीली आएगी।

सिंह
आज का दिन सफलता से भरा होगा। बढ़ते खर्च को काबू में करना काफी कठिन लगेगा लेकिन थोड़ी सी इच्छाशक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों के सपॉर्ट से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को फाइनलाइज कर सकेंगे। रोमांटिक अफेयर्स में मजबूती आएगी। आपके धन में वृद्धि होगी। और किस्मत आपका साथ देगा।

कन्या
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको आर्थिक लाभ होगा। जो काम आप करेंगे वह समय से पूर्ण होगा। आप एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं। थोड़ा घूमना फिरना पड़ सकता है। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्य सफल होंगे।

मकर
आज का दिन आर्थिक सफलता से भरा होगा और आज आपके कुछ उद्देश्य पूर्ण होंगे और आपका भाग्य साथ देगा। ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा। आपको हर मामले में अपने जीवनसाथी से सपॉर्ट मिलता रहेगा। जूनियर्स से कहासुनी हो सकती है। किसी मामले में दूसरों से कोई चर्चा न करें।

कुंभ
आज का दिन सम्मान से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। ऑफिस के माहौल को जिंदादिल बनाने की आपकी कोशिश कामयाब हो सकती है बशर्ते आपके सहयोगी आपका सपॉर्ट करें। आज आपको जो भी मिलेगा वह सिर्फ आपकी मेहनत का ही नतीजा होगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

मीन
आज का दिन लाभकारी होगा। आज आपको इम्तहान देना पड़ सकता है। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे वह आपके लिए अच्छा होगा। आज आपको घूमने फिरने का मौका मिलेगा और इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है। बिजनस में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। आपके धन में वृद्धि होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

सविमं गुमला ने अपने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

गुमला। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। परीक्षा प्रमुख प्रशांत रंजन ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह ने पुरस्कार प्राप्त करने वालों की सराहना की। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुई। कक्षा षष्ठ से अनिमा, कक्षा सप्तम से मानवी सिंह, कक्षा अष्टम से प्रवीण, कक्षा नवम से लक्ष्मी, कक्षा एकादश विज्ञान से आर्या शाह व कक्षा एकादश वाणिज्य से प्रिंस प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा विद्यालय की गतिविधियां जैसे वंदना विभाग के लिए श्याम सिंह, आन्वी, अपूर्वा, अपूर्वी प्रसाद को पुरस्कृत किया गया।

पूर्वी सिंहभूम जिले के 5631 किसानों ने बेचे अपने धान

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के 5631 किसानों ने अभी तक अपने धान सरकारी समर्थन मूल्य पर बेचे हैं। इन्होंने मिलकर कुल पांच लाख 94 हजार पांच सौ क्विंटल से अधिक धान बेच दिए हैं। इस प्रकार अब जिला अपने निर्धारित लक्ष्य मात्र छह हजार क्विंटल ही पीछे रह गया है। आश्चर्यजनक ढंग से जिले के 22,748 किसान निबंधित हैं जिनमें से मात्र 5631 ही धान बेचने के लिए आगे आए हैं। इन किसानों को 33.15 करोड़ रुपए पहली किस्त जबकि 16.36 करोड़ रुपए दूसरी किस्त के रूप में भुगतान किया जा चुका है। हालांकि जिन लैम्पस के माध्यम से धान की खरीद की जा रही है, वहां से चावल मिल तक धान भेजने की रफ्तार धीमी है। इसके कारण किसानों को अपने धान की दूसरी किस्त मिलने में इंतजार करना पड़ रहा है।

कमरों की संख्या कम होने क्लास रूम के बगल में बनाया जाता है एमडीएम

गुमला। जिले के लगभग 15 सौ प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन होता है। प्राथमिक विद्यालयों में कमरों की संख्या कम होने की वजह से वर्गकक्ष के बगल के ही कमरों में एमडीएम बनाया जाता है। मिडिल स्कूलों में रसोई घर वर्ग कक्ष से कुछ दूरी पर होती है। आग पर काबू पाने के लिए विभाग द्वारा दशकों पूर्व अग्निशामक यंत्र दिए गए थे, जो अब एक्सपायरर्ड हो चुके हैं। अग्निशामक यंत्र अब मात्र दिखावे के लिए हैं। प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में छात्र अनुपात में गैस सिलेंडर की व्यवस्था की गई है। एक से सौ विद्यार्थियों में एक व उससे अधिक में दो सिलेंडर की वयवस्था विभाग द्वारा की गई है। विद्यालय में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उसकी संपूर्ण जवाबदेही प्रभारी प्रधानाध्यापक की होती है, जबकि विद्यालय के अधिकतर संयोजिका, रसोईया अपनी मनमानी करते हैं।

मुख्तार अंसारी की मौत स्वाभाविक नहीं : बाबर खान

जमशेदपुर। ऑल इंडिया माइनोरिटी सोशल फ्रंट के केंद्रीय महासचिव सह झामुमो के नेता बाबर खान ने कहा कि 2005 से जेल में बंद मुख्तार अंसारी की मौत स्वभाविक नहीं है। उन्होंने बयान जारी कर कहा है कि अंसारी ने पहले ही खुलासा किया था कि उन्हें मारने के लिए धीमा जहर दिया जा रहा है। इसलिए यह मामला संदिग्ध बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश की सरकार के कार्यकाल में लगातार न्यायिक हिरासत में एक खास समुदाय के लोगों की मौतें हो रहीं हैं, जो किसी से छिपा नहीं है। इसलिए अदालत को ऐसे मामलों को देखना चाहिए। दूसरी ओर, उन्होंने मानगो के गांधी मैदान से नववर्ष यात्रा निकालने की घोषणा का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पहली बार संवेदनशील गांधी मैदान से जुलूस निकालने की अनुमति प्रशासन को किसी कीमत पर नहीं देनी चाहिए।

आठ साल से फरार वारंटी गया जेल

धनबाद/अलकडीहा। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर बोर्रागढ़ से वारंटी त्रिलोचन निषाद को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। वह 2016 से फरार चल रहा था। तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने कहा कि त्रिलोचन पर रंगदारी, सरकारी काम में बाधा डालने के साथ-साथ कई मामले दर्ज है। तिसरा थाना कांड संख्या 29/16 के तहत त्रिलोचन अभियुक्त था। तीसरा थाना में 353 के तहत मामला दर्ज है। और भी कई थानों में इस पर मामला दर्ज है। इसकी तलाश काफी दिनों से थी। पहले वह नॉर्थ तीसरा में रहता था। बाद में विस्थापन होने के बाद वह बेलगढ़िया चला गया था।

झारखंड में इस बार भाजपा के लिए कई सीटों पर मुश्किल चुनौती

रांची। झारखंड में पिछले तीन लोकसभा चुनावों में दबदबे के बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आंतरिक कलह, टिकट वितरण को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी और कुछ इलाकों में आदिवासी विरोध के कारण इस बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ सकता है। राज्य में 14 लोकसभा सीटों पर 13 मई से चार चरणों में मतदान होगा। पिछले चुनाव में भाजपा ने झारखंड में 14 में से 11 सीटों पर जीत हासिल की थी।

भाजपा अपने सहयोगी दल ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे पर हुए समझौते के अनुसार 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि आजसू गिरीडीह लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। एक भाजपा कार्यकर्ता ने कहा, %तीन प्रत्याशियों को छोड़कर भाजपा ने उन लोगों को टिकट दिए हैं जो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर या पहले पार्टी में शामिल हुए हैं। इससे पुराने नेताओं के बीच खराब संकेत गया है। हमें धनबाद निर्वाचन क्षेत्र से बाघमारा के विधायक ढुलू महतो के नामांकन से धक्का लगा है। पार्टी ने मौजूदा सांसद पशुपति नाथ सिंह का टिकट काट दिया है। इससे हमारे कार्यकर्ताओं और ऊपरी जाति के मतदाताओं के एक वर्ग ने बगावत कर दी है।%

पहले झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) का हिस्सा रहे महतो पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह 2014 में भाजपा में शामिल हुए। बहरहाल, किसी भी वरिष्ठ भाजपा नेता ने इस पर टिप्पणी नहीं की है लेकिन कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा, %भाजपा उधार के नेताओं पर चुनाव लड़ रही है। ऐसे फैसले के बाद उसके कार्यकर्ता ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। भाजपा घबराई हुई है।%

भाजपा ने दुमका सीट से अपने प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सुनील सोरेन को हटाकर सीता सोरेन को उम्मीदवार बना दिया है जो 20 मार्च को भाजपा में शामिल हुईं। सीता तीन बार की विधायक और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं। सुनील ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झामुमो अध्यक्ष को 47,590 मतों से हराया था। एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने नाम न उजागर करने की शर्त पर कहा, सुनील को शुरुआत में पुनः नामित किया गया था लेकिन उनकी जगह सीता सोरेन को प्रत्याशी बनाया गया है। सुनील की उम्मीदवारी वापस लेने के बाद पार्टी के वफादार कार्यकर्ताओं में असंतोष है। ऐसी अटकलें हैं कि झामुमो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिष्ठित दुमका सीट से खड़ा कर सकती है जो अभी जेल में हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के एक मामले के संबंध में 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री के तौर पर इस्तीफा दे दिया था। भाजपा ने हजारीबाग में मौजूदा सांसद जयंत सिन्हा के स्थान पर स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल को नामित किया है। जयंत सिन्हा पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा के बेटे हैं जो नरेन्द्र मोदी सरकार के आलोचक रहे हैं। पार्टी के एक अन्य नेता ने बताया कि हजारीबाग में प्रत्याशी बदले जाने से सिन्हा के वफादार कार्यकर्ता नाराज हैं।

भाजपा नेता ने यह भी बताया कि पार्टी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि 'कोयला और शराब कारोबार को लेकर जायसवाल की छवि ठीक नहीं है' और सिन्हा के परिवार की इस निर्वाचन क्षेत्र में पकड़ है। कांग्रेस ने भाजपा के मांडू से विधायक रहे जय प्रकाशभाई पटेल को प्रत्याशी बनाया है जो हाल में कांग्रेस में शामिल हुए हैं। भाजपा के एक नेता ने कहा कि पटेल के पास अच्छे-खासे वोट हैं, खासतौर से क्षेत्र में महतो और कुर्मी समुदायों के बीच और उनके पिता टेक लाल महतो एक सांसद हैं तथा मतदाताओं पर परिवार का प्रभाव भी है।खूंटी लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद अर्जुन मुंडा के लिए मुकाबला आसान नहीं होने जा रहा है क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी जीत का अंतर महज 1,445 वोट था।

झारखंड की गिरीडीह सीट से आजसू ने प्रत्याशी का किया ऐलान, चंद्र प्रकाश चौधरी को दिया टिकट

गिरीडीह। झारखंड के गिरिडीह लोकसभा सीट से आजसू ने एक बार फिर चंद्रप्रकाश चौधरी को मैदान में उतारा है। पार्टी की आज संसदीय बोर्ड की बैठक में विचार विमर्श के बाद उनके नाम पर सहमति बनी। भाजपा ने गठबंधन के तहत गिरिडीह की सीट आजसू के लिए छोड़ी है। इससे पहले 2019 के चुनाव में चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह में चुनाव जीता था।

संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी ने जनता की सेवा के साथ गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का विकास किया है। विकास का एजेंडा लेकर हम फिर जनता के बीच जाएंगे और निःसंदेह जनता फिर एक बार हमें मौका देगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करने के लक्ष्य को हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन का उद्देश्य राष्ट्र एवं राज्य के व्यापक हित में काम करना है। जबकि इंडी गठबंधन नेतृत्व विहीन है। इंडी गठबंधन के पास देशहित में कोई एजेंडा नहीं है। चुनावों में जनता उन्हें सिरे से नकारने वाली है।

बता दें कि इन लोकसभा चुनावों

को लेकर झारखंड में आजसू और भाजपा का गठबंधन हुआ है। इस गठबंधन के तहत भाजपा को 13 सीटें और आजसू को एक सीट मिली है। इसमें गिरीडीह सीट आजसू के हिस्से में आई है। आजसू ने इस सीट से अपने प्रत्याशी का भी ऐलान कर दिया है। आजसू ने चंद्रप्रकाश चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है।

पिचले लोकसभा चुनावों की बात करें तो भाजपा ने 11 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जेएमएम, कांग्रेस और आजसू ने भी एक-एक सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा और आजसू ने सभी 14 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी गीता कोड़ा को भी इसबार टिकट दिया है। वो राज्य में कांग्रेस की इकलौती सांसद थीं लेकिन अब उन्होंने भाजपा का हाथ थाम लिया है।

मतदान में हिस्सेदारी और खरीदारी में सतर्कता पर महिला सम्मेलन

जमशेदपुर। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान में महिलाओं की भागीदारी और एक ग्राहक के रूप में उनकी जागरूकता विषय पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत स्वर्ण जयंती आयोजन समिति द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को लक्ष्मीनगर उत्क्रमित विद्यालय में किया गया। इसमें लगभग 50 महिलाओं की भागीदारी रही। जिलाध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा कि महिलाएं जब भी सोने के आभूषण खरीदें, उसकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। सिर्फ खरीदारी न करें, बल्कि एक जिम्मेदार खरीदार बनें।

अपनी बात रखते हुए डॉ. अनीता शर्मा ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए हमें अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए मतदान में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। साथ ही एक ग्राहक के तौर पर भी हमें बाजार की नब्ज को समझकर खरीदारी करनी चाहिए। प्रांत सचिव डॉ. कल्याणी कबीर ने कहा कि आत्म नियंत्रण और इस बात की समझ बहुत जरूरी है कि हमारे लिए कौन सी वस्तु आवश्यक है। कई बार हम बिना सोचे-समझे बाजार जाते हैं, जिससे हमें नुकसान उठाना पड़ता है और हमारे घर का बजट असंतुलित हो जाता है। डॉ. रजनी रंजन ने कहा कि अंधानुकरण नहीं करें। संयमित उपभोग की आदत डालें। सम्मेलन का संचालन किया ऋचा कुमारी ने। स्वागत भाषण और विषय प्रवेश अंशु कुमारी ने कराया। कार्यक्रम की समन्वयक रजनी झा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। सम्मेलन में विद्यालय की शिक्षिका बेला कुमारी सिन्हा को उनकी समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सचिव चंचल लकड़ा, शिक्षक उपेंद्र कुमार और राहुल यादव भी शामिल हुए।

झारखंड में गर्मी का टॉर्चर शुरू, रांची का पारा 35 पार; दो दिन बारिश-वज्रपात के आसार

रांची। राजधानी रांची समेत राज्य में तेजी से गर्मी बढ़ रही है। शुक्रवार इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। आनेवाले समय में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। दो जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका है। न्यूनतम तापमान में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। शुक्रवार को मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री और जमशेदपुर का 40.1 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि, जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी का अधिकतम तापमान 35.5 और न्यूनतम 20.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की वृद्धि हुई है। अधिकतम अपने सामान्य तापमान से चार डिग्री अधिक होने के करीब है। जबकि, न्यूनतम तापमान भी

सामान्य से दो डिग्री के अधिक होने के करीब है। मौसम विभाग के मुताबिक, रांची समेत राज्य के विभिन्न भागों में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है। शनिवार और रविवार को राजधानी और राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के बादल छाने और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

24 घंटे में दो डिग्री बढ़ा पारा: रांची में पिछले 24 घंटों के मुताबिक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में करीब दो डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। दोनों तापमान सामान्य की तुलना में करीब दो डिग्री अधिक चल रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के अलावे राज्य के समीपवर्ती राज्य ओड़िशा के उपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इसके प्रभाव से शनिवार और रविवार को मौसम बदलाव होगा। विभाग के मुताबिक, राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 40.0 डिग्री के करीब है। जबकि, न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि कर रहे हैं। राज्य में दोनों तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा, राजधानी समेत पूरे राज्य में दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री और वृद्धि होने का अनुमान है।

झारखंड के जमशेदपुर में भीषण हादसा, धूं-धूं कर जलने लगे स्क्रैप गोदाम

जमशेदपुर। झारखंड के जमशेदपुर के बर्मा माइंस की लाला बाबा फाउंड्री स्थित दो स्क्रैप गोदाम में शुक्रवार रात 8 बजे आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि 22 दमकल की गाड़ियों की मदद से रात 11 बजे तक काबू पाया नहीं जा सका। इस अग्निकांड में भारी नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल पाया है। रबर होने के चलते लपटों पर काबू पाने में अग्निशमनकर्मियों को काफी मशक्कत उठानी पड़ी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक आग की लपटें उठीं तो लगा कि वे लोग ही आग पर काबू पा लेंगे। इसलिए तत्काल किसी को सूचना नहीं दी गई। लेकिन 10 मिनट में ही हवा से लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग राधे-राधे स्टील इंटरप्राइजेज और उसके ठीक बगल स्थित पंकज अग्रवाल के गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही बर्मामाइंस पुलिस के अलावा टाटा स्टील अग्निशमन विभाग के अधिकारी सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे। रबर की आग थी लिहाजा उसपर काबू पाना आसान नहीं था। पंकज अग्रवाल के गोदाम में पहुंची आग पर रात के लगभग 10 बजे तक काबू पाया नहीं जा सका।

राधे-राधे स्टील इंटरप्राइजेज का गोदाम भाजपा नेता कृष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा का है। उन्होंने कहा कि आग के नुकसान का अनुमान अभी नहीं लगाया जा सकता। लेकिन, इसमें पुराने रबर सहित अन्य सामान थे, जो स्क्रैप के रूप में थे। आग को बुझाने में झारखंड के अलावा टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टिनप्लेट के दमकलों की मदद ली गई।

जानकारी के मुताबिक, आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 22 गाड़ियां भेजी गई हैं। खबर लिखने तक आग को कंट्रोल नहीं किया जा सका है। इस भीषण हादसे के बाद गोदाम का सारा स्टॉक जलकर खाक हो गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि रबर के स्क्रैप के कारण आग नहीं बुझ रही है।

धनबाद से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे सरयू राय?

धनबाद। पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय अब भी धनबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने पर मंथन कर रहे हैं। परिस्थितियों का आकलन कर रहे हैं। शुक्रवार को धनबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस में राय ने कहा कि धनबाद से चुनाव लड़ने के लिए मरे नहीं जा रहे हैं। वैसे यदि धनबाद की जनता कहेगी तो बिल्ली के गले में घंटी बांधने को तैयार भी हैं।

राय ने कहा कि उनके लोग धनबाद में लोगों से बात कर रहे हैं। धनबाद भाजपा के भी काफी लोगों से पुराना संपर्क है। यदि लोग चाहेंगे तो लोकसभा का चुनाव लड़ भी सकते हैं। सरयू राय धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुलू महतो के खिलाफ खूब बोले। आय से अधिक संपत्ति, मनी लॉन्ड्रिंग, कोयला क्षेत्र में रंगदारी तक के आरोप लगाए।

राय ने कहा कि वे भाजपा के नए लोकसभा उम्मीदवार के खिलाफ ईडी-सीबीआई, आयकर जैसी एजेंसियों को लिखेंगे। जांच की मांग करेंगे। जांच नहीं हुई तो कोर्ट भी जाएंगे। राय ने कहा कि उनके समर्थक सह मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के साथ भाजपा प्रत्याशी ने सख्त लहजे में फोन पर बात की। यह सूचना मिली तो कृष्णा अग्रवाल से मिलने आया। कृष्णा अग्रवाल से कहा कि गलत का विरोध करने वालों के साथ सदैव खड़ा हूं। मौके पर विजय झा सहित कई लोग मौजूद थे।

...तो कांग्रेस प्रत्याशी का इंतजार कर रहे हैं सरयू

सरयू राय ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने को लेकर फिलहाल गोलमोल जवाब दे रहे हैं। वैसे करीबी बताते हैं कि राय कांग्रेस प्रत्याशी का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद अपना पत्ता खेलेंगे। हालांकि इसी सवाल पर सरयू राय ने कहा कि ऐसी बात नहीं है। चुनाव लड़ना होगा तो लड़ेंगे। कांग्रेस से कौन उम्मीदवार होगा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

गुमला जिले में गर्मी शुरू होते ही गहराया जल संकट

गुमला। झारखंड के गुमला जिले में भी अब गर्मी की मौसम आते ही जल संकट की विकट स्थिति उत्पन्न हो जाती है। लगातार दो वर्षों से मॉनसून के दौरान कम बारिश के कारण जिले में जल संकट गहरा सी गई है और जल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। जिससे यहां जल संकट की गंभीरता अधिक महसूस की जा रही है। फलस्वरूप अप्रैल से जिले के कई इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मच जाती है। गुमला जिले में मॉनसून के दौरान औसतन 11सौ मिमी बारिश होती है,लेकिन इसके संरक्षण के लिए अब तक कोई सम्यक कदम नही उठाये गये हैं। जिससे जिले का भूगर्भ जलस्तर लगातार नीचे गिर रहा है। यही वजह है कि अप्रैल ही शहर के कई मुहल्लों के जल स्तर का लेबल नीचे चला जाता है। जिस कारण कई चापाकल बेकार हो जाते हैं। जिससे लोगो को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गुमला जिले की आबादी तकरीबन12 लाख के आस-पास है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ो के मुताबिक प्रति व्यक्ति दो सौ लीटर पानी की आवश्यकता होती है। लगातार इस जिले की आबादी बढ रही है। उसके अनुपात में जल की उपलब्धता नही है। जिले में कोयल ,लावा, शंख प्रमुख नदियां है। जो गर्मी के मौसम आते ही पूरी तरह से सुख जाती हैं। वहीं भूमिगत जल के अधिकाधिक दोहन और मॉनसून में होने वाली बारिश की पानी को बचाने के लिए कारगर योजनाओं के अभाव में जिले में का जल स्तर लगातार गिर रहा है।

कांग्रेस-राजद में बनी सहमति, पलामू और चतरा में राजद उतारेगा उम्मीदवार; एक-दो दिन में फाइनल होंगे नाम

पलामू। महागठबंधन ने झारखंड के चतरा और पलामू सीट की उलझनें सुलझा ली है। राजद ने झारखंड की दो सीटों पलामू और चतरा पर प्रत्याशी देने का ऐलान कर दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि झारखंड में चतरा और पलामू संसदीय सीट राजद को मिलेगा तभी बिहार में कांग्रेस के हिस्से में दो सीट बढ़ाई जाएगी। पलामू और चतरा दोनों सीटों पर इस बार राजद अपना उम्मीदवार देगा।

सूत्रों के अनुसार राजद पलामू से ममता भुइयां को टिकट दे सकता है। दूसरी ओर चतरा की स्थिति एक-दो दिन में स्पष्ट कर ली जाएगी। कई नेताओं के नाम पर चर्चा हो

रही है। गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, अरुण सिंह, सुधीर सिंह, ब्रह्मदेव प्रसाद, नीलम यादव और बलवंत यादव के नाम में से किसी एक पर राजद सुप्रीमो लालू यादव मुहर लगा सकते हैं।

बगोदर विधायक विनोद सिंह कोडरमा सीट से भाकपा माले की ओर से लोकसभा के उम्मीदवार बनाए गए हैं। भाकपा-माले के झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त, पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद और केंद्रीय कमेटी के सदस्य शुभेंदू सेन शनिवार को रांची स्थित राज्य कार्यालय में विनोद सिंह के नाम की आधिकारिक घोषणा करेंगे।

प्रत्याशी चयन को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक जल्द : राजद ने झारखंड की दो सीटों चतरा और पलामू में उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर दी है। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस को भी शेष सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा करनी है। इस मुद्दे पर जल्द ही कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की दिल्ली में बैठक होगी। इसके बाद उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया जाएगा। इससे पहले कांग्रेस झारखंड की तीन सीटों खूंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत और हजारीबाग से जयप्रकाश भाई पटेल को उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

गांडेय विस से दिलीप वर्मा भाजपा प्रत्याशी : भाजपा ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए दिलीप कुमार वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद नाम का ऐलान हुआ। डॉ सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद गांडेय सीट खाली हुई थी। दिलीप वर्मा वर्तमान में प्रदेश भाजपा के मंत्री हैं। वे जेवीएम के विलय के बाद भाजपा में आए थे।

संक्षिप्त समाचार

पति को जान से मारेगा, उसे 50 हजार रुपये दूंगी... पत्नी ने लगाया व्हाट्सएप स्टेटस, उड़े घरवालों के होश

आगरा , एजेंसी। आगरा के बाह क्षेत्र में विवाद के बाद मायके रह रही पत्नी ने व्हाट्सएप पर पति को मारने वाले को 50 हजार रुपये इनाम देने का स्टेटस लगाया। यह देख पति दहशत में आ गया। उसने पत्नी और उसके दोस्त पर धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई है।

युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 9 जुलाई 2022 को भिंड के एक गांव की युवती के साथ हुई थी। शादी के बाद अकसर विवाद होने लगा और 5 महीने बाद दिसंबर 2022 से पत्नी मायके में रह रही है। पत्नी ने भिंड में भरण-पोषण का वाद दायर कर दिया है। 21 दिसंबर 2023 को तारीख से लौटते समय ससुरालियों ने धमकी दी कि कोर्ट आए तो जान से मार देंगे। अब पत्नी ने अपने व्हाट्सएप पर उसे मारने वाले को 50 हजार रुपये देने का स्टेटस लगाया है।

इस पर लिखा है कि मेरी मर्जी के खिलाफ शादी हुई है। पति को मारने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। युवक ने आरोप लगाया कि पत्नी के संबंध मायके के पड़ोसी किरायेदार से हैं। उसने भी उसे मोबाइल पर फोन कर जान से मारने की धमकी दी है। उसे पत्नी के मायके वालों और उसके दोस्त से जान का खतरा है। बाह के प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

नगर के सबसे बड़े हेरोईन तस्कर की 15 करोड़ 64 लाख की संपत्ति कुर्क, धंधे में परिवार भी करता था सहयोग

मिर्जापुर, एजेंसी। मिर्जापुर के सबसे बड़े हेरोईन और मादक पदार्थ के तस्कर महेश सोनकर की लगभग 15 करोड़ की संपत्ति को जिला प्रशासन ने शनिवार को कुर्क कर दिया। नगर में उसका कई जगह पर मकान है। पुलिस प्रशासन उसके मकान और वाहनों को कुर्क किया। जिसकी कीमत 15 करोड़ 64 लाख रुपये है। जिले के महुवरिया निवासी महेश सोनकर पिछले तीन दशक से इलाके से हेरोईन, गांजा आदि मादक पदार्थ की तस्करी करता है। इसमें इसका पूर परिवार शामिल हो गया था। मादक पदार्थ की कमाई से महेश सोनकर ने करोड़ों रुपये कमाया। जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा 19 मार्च को महेश सोनकर के खिलाफ गिरोहबंध व असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई का आदेश दिया।

गैंग लीडर नगर के महुवरिया विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी महेश सोनकर द्वारा मादक पदार्थ गांजा, हेरोईन आदि की बिक्री से अपनी मां, भाई, बहन व पिता के नाम पर जमीन, मकान, दुकान, आरओ प्लांट, वाहन आदि क्रय किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत 15 करोड़ 64 लाख रुपये है।

सीओ सिटी मनोज गुप्ता ने बताया कि इस संपत्ति को मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के द्वारा शनिवार को कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है। बताया कि इसमें विश्वकर्मा कॉलोनी महुवरिया में जमीन व मकान, आरओ प्लांट, विश्वकर्मा कॉलोनी महुवरिया में तीन दुकान, उसके ऊपर दो मंजिला मकान, विश्वकर्मा कालोनी, मोहल्ला शुक्लहा कोतवाली कटरा में दो मंजिला दुकान, ग्राम हरिहरपुर चुरीराम कोतवाली देहात में स्थित जमीन जिसमें झोला बनाने की फैक्ट्री व तीन मशीने लगी हैं। दो मंजिला आवासीय भवन, सीमेन्ट की ईट निर्मित कारखाना लगवाया है। कटरा कोतवाली रतनगंज में दुकान व मकान, कंतित में जमीन, महुवरिया मोहल्ले में मकान, भरुहना बैंक कालोनी में दो मंजिला रिहायशी मकान, चार पहिया लोडर गाड़ी, एक बाइक को कुर्क किया गया।

शत्रु संपत्ति पर भी किया था मुख्तार अंसारी ने कब्जा

लखनऊ , एजेंसी। माफिया मुख्तार अंसारी का दबदबा सिर्फ पूर्वांचल में ही नहीं था बल्कि लखनऊ में भी उसने अपनी पैठ बना रखी थी। मुख्तार ने अपनी पहुंच का दुरुपयोग कर शत्रु संपत्ति पर भी कब्जा कर लिया था। मामला उजागर होने के बाद 27 अगस्त 2020 को हजरतगंज कोतवाली में तत्कालीन प्रभारी लेखपाल सुरजन लाल ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

एफआईआर के मुताबिक जियामऊ इलाके की एक निष्क्रांत जमीन पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए और अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर मुख्तार और अन्य ने अवैध रुप से मकान का निर्माण कराया। इन्होंने एक साजिश के तहत मकान का नक्शा पास कराया और करोड़ों की सरकारी को हड़प लिया था। इस मामले में मुख्तार के अलावा उसके बेटे मऊ से विधायक अब्बास अंसारी और उमर अंसारी भी आरोपी हैं।

इस प्रकरण में मुख्तार पर आरोप तय हो चुका था। मुख्तार ने अपने कई करीबियों के नाम बेनामी संपत्ति खरीद रखी थी। हाल में ही अवैध रूप से बने एफआई टॉवर और अस्पताल पर बुलडोजर भी चलाया गया था। यही नहीं, कुछ दिन पहले एसटीएफ ने नागालैंड से राइफल का फर्जी लाइसेंस बनवाने के आरोप में विधायक अभय सिंह के साले संदीप सिंह को गिरफ्तार किया था। छानबीन में पता चला था कि नागालैंड के चीफ सेक्रेटरी से एनओसी लेकर लाइसेंस को मुख्तार अंसारी के पते (107बी, दारुलशफा) पर ट्रांसफर कराया था। इस मामले में भी मुख्तार की भूमिका की जांच की जा रही थी।

साक्ष्य के अभाव में बरी हो गया था मुख्तार

तीन अप्रैल, 2000 को लखनऊ जेल में कारापाल समेत अन्य पर हमला करने के मामले में मुख्तार साक्ष्य के अभाव में बरी हो गया था। इस मामले की एफआइआर लखनऊ के तत्कालीन कारापाल एसएन द्विवेदी ने आलमबाग कोतवाली में दर्ज कराई थी। इसके मुताबिक पेशी से वापस आए बंदियों को जेल में दाखिल कराया जा रहा था। इनमें से एक बंदी चांद को पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के साथी मारने लगे। बीच बचाव करने पर मुख्तार और उनके साथियों ने जेल अधिकारियों पर पथराव कर दिया था। एमपी एमएलए कोर्ट ने 23 साल पुराने मामले में साक्ष्य के अभाव में मुख्तार के अलावा उसके चार साथियों को भी बरी कर दिया था। दरअसल, अभियोजन की ओर से पांचों पर लगे आरोप प्रमाणित नहीं किए जा सके थे।

मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में है विधायक बेटा, फरार है पत्नी

मुख्तार अंसारी के खिलाफ मार्च 2021 में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस भी दर्ज कराया था। इसके बाद नवंबर 2021 में बांदा जेल जाकर ईडी के अफसरों ने मुख्तार से पूछताछ भी की थी। ईडी की टीम ने इस मामले में मुख्तार के दोनों बेटे, भाई अफजल अंसारी, सिबगतुल्लाह अंसारी व भतीजे के बयान दर्ज किए थे। इस मामले में मुख्तार का विधायक पुत्र जेल में बंद है। यही नहीं, मुख्तार का साला भी इसी प्रकरण में जेल में बंद है। दरअसल, मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशा अंसारी, बेटा अब्बास और विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम कई रजिस्ट्री कराई गई थी। इसी मामले में मुख्तार की पत्नी वांछित है और लंबे समय से फरार है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी अब्बास अंसारी, शरजील रजा और विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

डिप्टी एसपी शैलेंद्र सिंह की आपबीती: मेरे ऊपर मुख्तार से पोटा हटाने का था दबाव, नहीं करने पर देना पड़ा इस्तीफा

लखनऊ , एजेंसी। मुलायम सिंह यादव की अल्पमत की सरकार किसी भी कीमत पर मुख्तार अंसारी को बचाना चाहती थी। मेरे ऊपर मुख्तार पर दर्ज मुकदमे से पोटा हटाने का दबाव था। मैंने इंकार किया तो आईजी जोन, डीआईजी रेंज और एसटीएफ के एसएसपी का तबादला कर दिया। इतना दबाव डाला गया कि अच्छी नौकरी से इस्तीफा देना पड़ा। मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बाहर आने पर कहीं नौकरी नहीं करने दी। कोई किराए का मकान तक नहीं देता था। यह दास्तां है एसटीएफ की वाराणसी यूनिट के पूर्व डिप्टी एसपी शैलेंद्र सिंह का, जिन्होंने मुख्तार को लाइट मशीन गन बेचने आए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया था। उनकी इस बहादुरी का इनाम देने के बजाय सरकार खुलकर मुख्तार के समर्थन में आ गयी थी।

माफिया मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में मौत के बाद शैलेंद्र सिंह ने कहा कि उस दौरान मुख्तार का भय चरम पर था। उसे सरकार का खुला समर्थन हासिल था। मऊ दंगे में हथियार लेकर घूमने पर किसी की विरोध या कार्रवाई करने की हिम्मत तक नहीं हुई। मैंने यूपी में पहली बार एलएमजी बरामद कराई थी। मुख्तार को जेल भेजने के लिए पोटा लगाया था, जो उस दौर का सबसे सख्त कानून था। हालांकि तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव मुख्तार को किसी भी कीमत पर बचाना चाहते थे। अत्यधिक दबाव में मजबूरीवश मुझे इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि मैंने अपनी बात जनता को बताई कि किस तरह आपकी चुनी हुई सरकार माफिया के निर्देश पर काम कर रही है। मैंने अपनी टीम के साथ एलएमजी बरामद की थी। मेरी ड्यूटी थी कि जनता के लिए कहर बनने वाले ऐसे तत्वों को रोका जाए। वहीं मुख्तार की मौत को लेकर उठ रहे सवालों पर शैलेंद्र ने कहा कि जेल में किसी को जहर देना आसान नहीं होता है। कोई भी अधिकारी अपनी नौकरी को फंसाना नहीं चाहेगा। यदि यह मामला अदालत में जाता है तो मुख्तार के परिजनों को कोई राहत नहीं मिलेगी। शैलेंद्र ने कहा कि जब हम नौकरी में आते हैं तो पब्लिक सर्वेंट बोला जाता है।

केजीएमयू में सस्ती होंगी जांचें, नई मशीनें लगने के बाद नए सिरे से तय होगा जांच शुल्क

लखनऊ, एजेंसी। केजीएमयू प्रशासन इस साल अपनी सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन लगाएगा। इससे जांचें सस्ती होंगी। अभी पीपीपी मॉडल पर लगी मशीनों से मरीजों की जांच होती है। नई मशीनें लगने के बाद नए सिरे से जांच की दरें तय होंगी, जो पहले के मुकाबले कम होंगी।

कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि केजीएमयू को हर साल सरकार से औसतन 50 से 80 करोड़ रुपये का बजट मशीनों, उपकरणों के लिए मिलता था। यह रकम इतनी कम होती थी कि किसी एक विभाग को 10 करोड़ रुपये देना तक संभव नहीं था। इस पर सरकार से ज्यादा बजट की मांग की गई थी। इस बार बजट में इस मद में 300 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। इससे अब सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन लगाई जा सकेगी। अभी तक ये मशीनें पीपीपी मॉडल पर संचालित हो रही हैं। शासनादेश जारी होने के बाद खरीद की प्रक्रिया शुरू होगी।

शुल्क एसजीपीजीआई के बराबर: केजीएमयू में जो नए टेस्ट शुरू होते हैं, उनका शुल्क एसजीपीजीआई के समान रखा जाता है। एसजीपीजीआई की स्थापना पेड हॉस्पिटल के रूप में हुई है। वहीं, केजीएमयू की स्थापना पूर्णतः सशुल्क अस्पताल के रूप में नहीं है। इसके बावजूद दोनों के जांच शुल्क में समानता रखी जा रही है। इसके चलते मरीजों को महंगी जांच दर का भुगतान करना पड़ता है।

सरकारी संस्थान, फिर भी महंगा इलाज: केजीएमयू सरकारी संस्थान है। इसके बावजूद यहां का इलाज सामान्य मरीजों की जेब पर भारी पड़ रहा है। यहां भले ही 50 रुपये में छह माह के लिए पर्चा बनता हो, लेकिन इलाज कराने में मरीजों की हालत खराब हो जाती है।

संस्थान में सरकार की ओर से जो निशुल्क दवाएं मिलती हैं, उनके लिए महीने भर से ज्यादा का इंतजार करना पड़ता है। एचआरएफ की व्यवस्था भी गड़बड़ होने से मरीजों को रियायती दर पर सभी दवाएं नहीं मिल पाती हैं। पीपीपी मॉडल पर होने वाली जांच का शुल्क काफी महंगा है।

निर्माणाधीन मकान में सोने गए बुजुर्ग का शव मिला, हत्या की आशंका

गोरखपुर , एजेंसी। गोरखपुर के गुलरिहा इलाके के कर्महा उर्फ करमहिया गांव में बृहस्पतिवार रात एक बुजुर्ग का शव निर्माणाधीन मकान से 250 मीटर दूर मिला। गर्दन, सिर के आगे और पीछे चोट के निशान मिले हैं। बुजुर्ग का छोटा बेटा निर्माणाधीन मकान पर सोने गए पिता को खाना पहुंचाने गया तो वह बिस्तर पर नहीं मिले। मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छोटे बेटे ने जमीन के विवाद में हत्या की आशंका जताई है। गुलरिहा पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, इलाके के कर्महा उर्फ करमहिया गांव निवासी कोदई (65) के तीन बेटे सुरेंद्र, दिनेश और जालंधर हैं। तीनों मिलकर खेत में मकान बनवा रहे हैं। बृहस्पतिवार शाम काम समाप्त होने के बाद कोदई निर्माणाधीन मकान पर सोने चले गए। रात 8:30 बजे छोटा बेटा जालंधर पिता को खाना पहुंचाने गया तो वह बिस्तर पर नहीं मिले। वह खाना रखकर आसपास ढूंढते हुए घर चला आया और दोनों भाइयों को सूचना दी। दूसरा भाई दिनेश पिता को ढूंढने निकला तो मध्य रात्रि निर्माणाधीन मकान से करीब 250 मीटर दूर धोती से ढका शव देखा। पिता का शव देख दिनेश ने भाइयों को बुलाया। इसके बाद रात 12:30 बजे डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची गुलरिहा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिनेश ने गुलरिहा पुलिस को तहरीर दी है।

वहीं, छोटे बेटे जालंधर ने हत्या की आशंका जताई है। उसका आरोप है कि पटीदारों से 10 डिसमिल जमीन का विवाद कई वर्षों से चल रहा है। इसको लेकर कई बार थाने पर समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलाया गया था। पुलिस ने विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों पर शांति भंग की कार्रवाई भी की थी। आरोप लगाया कि इसी विवाद में उसके पिता की हत्या कर दी गई है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नर्सिंग की छात्रा की फंदे पर लटकी मिली लाश

आगरा , एजेंसी। आगरा के नगला पदी (न्यू आगरा) में शुक्रवार शाम को नर्सिंग की छात्रा अंजू (22) का शव फंदे से लटका मिला। वह इटावा की रहने वाली थी। आगरा में किराये पर रहकर एसएन मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई कर रही थी। फोन रिसीव नहीं करने पर सहेली ने फोन कर मकान मालिक को जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। सुसाइड नोट नहीं मिला है।

एसीपी सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि मृतका अंजू पुत्री राजाराम इटावा के बसरेहर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। 1 साल से आगरा में रहकर एसएन मेडिकल कालेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। नगला पदी में बघेल मंदिर के पास किराये पर सोनू के मकान में रहती थी। पहली मंजिल पर कमरा है।

पुलिस के अनुसार शनिवार शाम को सोनू को अंजू की सहेली ने फोन किया। बताया कि अंजू फोन रिसीव नहीं कर रही है। अनहोनी की आशंका जाहिर की। इस पर मकान मालिक ने कमरे में जाकर देखा। वह खिड़की से बंधे दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से जांच की। कमरे की तलाशी में सुसाइड नोट नहीं मिला। मृतका के परिजन को सूचना दी गई है। एसीपी ने बताया कि जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। परिजन से बात की जाएगी। काल डिटेल खंगाली जाएगी।

परिजन से ली जाएगी जानकारी

पुलिस ने बताया कि छात्रा ने कमरे के दरवाजे की अंदर से कुंडी नहीं लगाई थी। सिर्फ ईंट लगाकर दरवाजा बंद कर दिया था। मकान मालिक पहुंचा तो दरवाजा खुल गया। कमरे में छात्रा का मोबाइल रखा हुआ था। मोबाइल लॉक है। पुलिस मोबाइल को खुलवाने के प्रयास में लगी है। उधर, क्षेत्र के लोगों ने बताया कि छात्रा 1 साल से वहां रह रही थी। आसपास के लोगों से ज्यादा बात नहीं करती थी। वर्तमान में पढ़ाई पूरी होने पर एसएन मेडिकल कॉलेज से इंटर्नशिप कर रही थी। परिवार के लोग कभी कभार ही मिलने आते थे। पुलिस परिजन के आने का इंतजार कर रही है।

बस अड्डे की जमीन से हटवाया अतिक्रमण, डिपो बनाने की कवायद तेज

संत कबीर नगर, एजेंसी। जिले में परिवहन निगम के डिपो बनाने की कवायद तेज हो गई। शुक्रवार को निगम के कर्मियों ने तहसील प्रशासन के साथ जमीन से कब्जा हटवाया। इस दौरान पंचायत भवन व शौचालय को तोड़ा गया, जबकि 27 लोगों को नोटिस देकर एक सप्ताह में जमीन खाली करने को कहा गया है। इसके बाद बस डिपो बनाने की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

वर्ष 1997 में जिले का सृजन हुआ। इसके बाद से ही बस डिपो की स्थापना के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अब प्रशासन ने खलीलाबाद-बस्ती मार्ग पर मीरगंज के पास चार एकड़ जमीन परिवहन निगम के नाम खतौनी में दर्ज करा दी है। साथ ही सीमांकन भी कराया गया है।

इस जमीन में कुछ लोगों का अवैध कब्जा है और शौचालय व पंचायत भवन भी बना हुआ है। जिससे बस डिपो की स्थापना में बाधा खड़ी हो रही थी।

इसे देखते हुए शुक्रवार को एसडीएम शैलेश दूबे, एआरएम आयुष भटनागर, नायब तहसीलदार खलीलाबाद व बस स्टेशन प्रभारी टीएन दूबे के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान शौचालय और पंचायत भवन को ध्वस्त करा दिया।

साथ ही करीब 27 लोगों को नोटिस देकर एक सप्ताह के भीतर कब्जा हटाने के निर्देश दिए। लोगों ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर कब्जा हटा लेंगे। इसके बाद बस डिपो की स्थापना के लिए प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

रिंग रोड के करीब बनेगा बस डिपो: लोगों की सहूलियत और शहर में जाम की समस्या न हो, इसको देखते हुए भुवरिया-पायलपार रिंग रोड के पास ही मीरगंज में बस डिपो बनाया जाना है। जमीन चिह्नित करने के साथ ही करीब चार एकड़ जमीन प्रशासन ने परिवहन निगम के नाम पर खतौनी में दर्ज करा दी है।

एमजी रोड पर वाहन की गति रखें 50 से कम, नहीं तो कटेगा चालान

आगरा, एजेंसी। आगरा के एमजी रोड पर 50 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक गति में वाहन दौड़ाना लोगों को भारी पड़ सकता है। स्मार्ट सिटी के कैमरों को अपग्रेड कर दिया गया है। तेज गति पर चालान काटे जाएंगे। एक से दूसरे चौराहों पर आने वाले वाहन की गति का आकलन कर कार्रवाई की जाएगी। शनिवार से ट्रायल भी शुरू हो रहा है। एमजी रोड पर वाहनों की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है। लेकिन, मार्ग सुनसान और खाली होने पर चालक वाहनों को दौड़ाने लगते हैं। कई बार हादसे भी हो चुके हैं। रात के समय ज्यादा घटनाएं होती हैं। रात में 11 बजे नो एंट्री खुलने का समय होता है। पिछले दिनों निर्धारित गति से अधिक पर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई के लिए योजना बनाई गई थी।

डीसीपी यातायात सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि एमजी रोड और माल रोड पर कैमरे लगे हुए हैं। कई बार चालक मार्ग को खाली देखकर वाहन दौड़ाने लगते हैं। 43 चौराहों पर स्मार्ट सिटी के तहत लगे कैमरों से चालान काटे जाते हैं। इनको एकीकृत कर दिया गया है। शनिवार से ट्रायल कराया जा रहा है। ट्रायल पूरा होने पर निर्धारित गति से अधिक पर वाहन चलाने पर चालान काटे जाएंगे। 2 हजार रुपये का शमन शुल्क भरना होगा।

ई-रिक्शा और ऑटो बने हैं जाम की बड़ी वजह: शहर के प्रमुख चौराहे से लेकर एमजी रोड तक पर ई रिक्शा और ऑटो जाम की प्रमुख वजह बने हुए हैं। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने की वजह से यह वाहन चौराहे के पास ही खड़े होते हैं। इससे जाम लगता है। पूर्व में चौराहे से 50 और 100 मीटर पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। लेकिन, इस नियम का पालन नहीं हो पा रहा है। एमजी रोड पर भी ई-रिक्शा चलने की वजह से यातायात धीमी गति से चलता है। इससे वाहनों की कतार लगती है।

ब्लिंक मोड पर चलेगा शहर के अंदरूनी चौराहों पर ट्रैफिक: शहर के बोदला, शाहगंज, लोहामंडी, करकुंज, चिम्मन चौराहा, सिकंदरा, मारुति एस्टेट, साकेत कॉलोनी आदि पर ट्रैफिक लाइट लगी हुई हैं। लेकिन, रेड लाइट और ग्रीन लाइट का पालन नहीं होता है। इसको देखते हुए इन चौराहे और तिराहे पर ट्रैफिक लाइट ब्लिंक मोड पर रहेगी। ब्लिंक मोड में रेड और ग्रीन लाइट नहीं होती हैं। सिर्फ लाइट जलती-बुझती है। यातायात संचालन के लिए यातायात पुलिसकर्मी लगेंगे। दबाव होने पर पुलिसकर्मी वाहनों को निकाल सकेंगे।

शवों का सौदा: पोस्टमार्टम के लिए रुपये मांगने का मामला पहुंचा कोर्ट

आगरा , एजेंसी। आगरा में पोस्टमार्टम के लिए रुपये मांगने के मामले में अधिवक्ता ने सीएमओ और पोस्टमार्टम करने वाले अज्ञात लोगों के नाम से सीजेएम सुधा यादव की कोर्ट में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थनापत्र की सुनवाई के बाद कोर्ट ने थाने से आख्या मांगकर 2 अप्रैल को सुनवाई की तारीख नियत कर दी।

वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने सीजेएम सुधा यादव की कोर्ट में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। इसमें बताया गया कि 11 फरवरी को न्यू आगरा थाना क्षेत्र के न्यू लॉयर्स कॉलोनी निवासी तरुण चौहान ने मां बृजेश चौहान और बेटे कुशाग्र की हत्या के बाद खुदकुशी कर ली थी।

पोस्टमार्टम हाउस पर शाम 5 बजे तक शवों का पोस्टमार्टम नहीं किया गया। जल्दी पोस्टमार्टम करने को कहा तो साफसफाई के नाम पर 2000 रुपयों की मांग की गई। बिना रुपये दिए पोस्टमार्टम नहीं होने की धमकी दी।

संक्षिप्त समाचार

मंडी विवाद पर फिर भड़की कंगना, अब राहुल गांधी पर बोला हमला

मंडी, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश की मंडी से चुनावी मैदान में उतरी कंगना रनौत ने यहां चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। शुक्रवार को यहां पहले उन्होंने रोड शो किया उसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। दरअसल मंडी सीट से बीजेपी की तरफ से उम्मीदवार के तौर पर उनके नाम की घोषणा होने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने उनको लेकर एक भद्दा पोस्ट किया था। अब उन्होंने इस मामले में राहुल गांधी को भी आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुद कहते हैं कि वो हिंदुओं की शक्ति में नष्ट करना चाहते हैं तो कांग्रेस से और उम्मीद भी क्या की जा सकती है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस मंडी से उनका नामांकन स्वीकार नहीं कर पाई है। वे घटिया राजनीति करने लगे हैं। उनके नेता राहुल गांधी हिंदुओं में शक्ति को नष्ट करने की बात करते हैं। उनके प्रवक्ता मंडी की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते हैं। मंडी का नाम ऋषि मांडव के नाम पर रखा गया है। मंडी वह स्थान है जहां ऋषि पराशर तपस्या में बैठे थे। मंडी हर साल महाशिवरात्रि पर सबसे बड़ा मेला आयोजित करती है और वे मंडी की महिलाओं के खिलाफ ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। लेकिन उनसे और क्या उम्मीद की जा सकती है

उन्होंने न्यूज एजेंसी से भी बात करते हुए राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला और कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि वह शक्ति को नष्ट करना चाहते हैं। उनके लिए ऐसे भाषण कौन लिखता है...मैं चाहती हूं कि मंडी के लोग उन लोगों को जवाब दें जिन्होंने महिलाओं के बारे में अभद्र बातें की हैं। भारत के लोगों ने मुझे हमेशा आशीर्वाद दिया है और मंडी के लोग भी

बिहार में बंटवारे में कांग्रेस को कई ऐसी सीटें जहां 1984 के बाद नहीं मिली जीत

पटना, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार में महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। इसमें कांग्रेस पार्टी को कई ऐसी सीटें दी गई हैं जहां से 1984 के बाद पार्टी को जीत नहीं मिली। विरोधी दल बीजेपी ने भी सीट बंटवारे पर तंज कसा है। बिहार में कांग्रेस की सबसे मजबूत सीट किशनगंज है। इस सीट पर लगातार कांग्रेस को जीत मिलती रही है। पिछले चुनाव 2019 में भी यहां से कांग्रेस के मो. जावेद को जीत मिली थी। कटिहार सीट पर कांग्रेस को कई बार जीत मिली थी। 1980, 1984, 1996, 1998 में कांग्रेस को जीत मिली थी। 2014 में भी कांग्रेस छोड़ कर तारिक अनवर ने एनसीपी से यहां जीत दर्ज की थी। माना जा रहा है इस बार कांग्रेस की ओर से तारिक अनवर फिर मैदान में उतरेंगे। सासाराम सीट कांग्रेस का गढ़ माना जाता रहा है। यहां से कांग्रेस के जगजीवन राम लगातार कई बार सांसद रहे। अंतिम बार 2004 और 2009 में कांग्रेस की मीरा कुमार को यहां से जीत मिली थी। कभी कांग्रेस का गढ़ रहा भागलपुर में पिछले तीन दशक से कांग्रेस को जीत नहीं मिल सकी है। यहां से अंतिम बार 1984 में भागवत झा आजाद ने लोकदल के जागेश्वर मंडल को हरा कर जीत दर्ज की थी। 2009 में कांग्रेस ने सदानंद सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन हार हुई थी। 1991 में भी कांग्रेस के सदानंद सिंह को चुनचुन यादव ने बड़े अंतर से हराया था।

मुजफ्फरपुर से 1984 में कांग्रेस के ललितेश्वर प्रसाद शाही को जीत मिली थी। इसके बाद से यहां कभी कांग्रेस को जीत नहीं मिल सकी थी। महागठबंधन की बात करें तो यहां से 1998 में राजद की आरे से जय नारायण प्रसाद निषाद को जीत मिली थी। समस्तीपुर से 1984 में कांग्रेस के रामदेव राय को लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। इसके बाद से जनता दल, राजद, जदयू और लोजपा को जीत मिलती रही।

5 दशक में पहली बार चौधरी परिवार की बागपत से दूरी

उत्तर प्रदेश की 3 विरासत सीटों पर नया प्रयोग

नईदिल्ली, एजेंसी। 2024 का लोकसभा चुनाव कई नए मुकाम गढ़ने और राजनीतिक परंपराओं को तोड़ने वाला चुनाव बन गया है। ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब 1977 के बाद से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जाट बहुल सीट बागपत से चौधरी चरण सिंह के परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा। इसी तरह गांधी परिवार की राजनीतिक विरासत बन चुकी पीलीभीत सीट पर भी उस खानदान का कोई शख्स चुनाव नहीं लड़ने जा रहा है, क्योंकि बीजेपी ने वरुण गांधी को टिकट देने से इनकार कर दिया है। बागपत और पीलीभीत की ही तरह बरेली सीट का भी हाल है, जहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार का पत्ता साफ कर दिया गया है।

बिना चौधरी के बागपत सीट

बागपत जाटों का गढ़ रहा है और इसे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के परिवार की विरासतवाली सीट माना जाता रहा है। चौधरी साहब ने यहां से तीन बार 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर, 1980 और 1984 में लोकदल के टिकट पर चुनाव जीता था। उनके बाद 1989 और 1991 में उनके बेटे चौधरी अजित सिंह ने जनता दल के टिकट पर जीतकर इस राजनीतिक विरासत को संभाला। 1996 में अजित सिंह ने कांग्रेस से बागपत सीट जीती लेकिन 1998 के चुनावों में वह भाजपा के सोमपाल शास्त्री से चुनाव हार गए।

इसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल बनाई और 1999 में इस सीट को कब्जाने में कामयाब रहे। उन्होंने 2004 और 2009 में भी इस सीट पर जीत दर्ज की लेकिन 2014 में वह सत्यपाल सिंह से चुनाव हार गए। 2019 में अजित सिंह ने बेटे जयंत चौधरी के लिए छोड़ दी लेकिन जूनियर चौधरी सीट नहीं बचा सके। अब जयंत राज्यसभा के सांसद हैं। जुलाई 2022 में ही वह पुराने साथी अखिलेश यादव के सहयोग और समर्थन से राज्यसभा पहुंचे हैं। जहां जुलाई 2028 तक का कार्यकाल शेष है। ऐसे में उन्होंने अपनी पारिवारिक और परंपरागत विरासत वाली बागपत सीट पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजकुमार सांगवान को उतारा है।

मेनका ने सींचा था पीलीभीत को

1984 में अमेठी संसदीय सीट से अपने जेठ और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी से 2.7 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से हारने के बाद गांधी परिवार की दूसरी बहू मेनका गांधी ने पीलीभीत की ओर रुख कर

लिया था। उन्होंने पहली बार जनता दल के टिकट पर पीलीभीत से 1989 का संसदीय चुनाव जीता। धीरे-धीरे उन्होंने पीलीभीत को इस कदर सींचा कि वह उनकी पारंपरिक सीट बन गई। हालांकि, 1991 में वह बीजेपी के परशुराम से पीलीभीत का चुनाव हार गई थी लेकिन मेनका ने हार नहीं मानी थी। उन्होंने 1996 में जनता दल के टिकट पर दोबारा लड़कर यह सीट भाजपा से छीन ली।

इसके बाद उन्होंने 1998 और 1999 का लोकसभा चुनाव पीलीभीत से ही निर्दलीय जीता। 2004 में मेनका गांधी भाजपा में शामिल हो गईं। इसके बाद उन्होंने 2004 का चुनाव भाजपा उम्मीदवार के तौर पर जीता। 2009 में उन्होंने इस सीट को अपने 29 वर्षीय बेटे वरुण गांधी के लिए छोड़ दी और खुद आंवला शिफ्ट हो गईं। तब वरुण ने राजनीतिक एंट्री लेते हुए कांग्रेस के वीएम सिंह को 2.8 लाख वोटों के अंतर से हराया था। तब वरुण को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे।

2014 के चुनावों में मेनका फिर पीलीभीत लौट आईं और बेटे वरुण को सुल्तानपुर से उतारा। दोनों ने जीत दर्ज की। उस वक्त भाजपा की लहर थी और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे। 2019 में फिर मां बेटे ने सीट बदली और मेनका सुल्तानपुर जबकि वरुण पीलीभीत से चुनाव लड़े और जीत गए। इस बार भाजपा ने मेनका को सुल्तानपुर से तो उतारा लेकिन वरुण गांधी को उनकी ही पारिवारिक विरासत वाली सीट पीलीभीत से बेटिकट कर दिया गया। इस बार पीलीभीत से कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को उतारा गया है।

बरेली में भी गंगवार हुए पैदल

बरेली सीट भी भाजपा नेता संतोष गंगवार की पारंपरिक सीट रही है। कुर्मी समुदाय से आने वाले गंगवार ने सबसे पहले 1989 में इस सीट पर कब्जा किया था। तब उन्होंने कांग्रेस की बेगम आबिदा अहमद को हराकर पहली बार यहां जीत दर्ज की थी। 2009 को छोड़ दें तो संतोष गंगवार ने 1989 से लगातार 2019 तक यहां से जीत दर्ज की है। 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह एरोन से वह चुनाव हार गए थे। गंगवार अटल सरकार में भी मंत्री थे। उन्हें नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में भी बतौर कपड़ा, संसदीय मामलों के मंत्री के रूप में शामिल किया गया था। बाद में उन्हें वित्त मंत्रालय और फिर श्रम और रोजगार मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया।

75 साल से ऊपर के हो चुके गंगवार को इस बार भाजपा ने टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह बरेली सीट से पूर्व विधायक छत्रपाल सिंह गंगवार को उतारा गया है। सिंह बहेरी सीट से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने 2007 में पहली बार सपा के अताउरर्हमान को हराकर वह सीट जीती थी। हालांकि, 2012 में वह 18 वोट से चुनाव हार गए थे। 2017 में उन्होंने फिर वहां से जीत दर्ज की लेकिन 2022 में फिर से हार गए थे।

अरविंद केजरीवाल पर ईडी का चौतरफा वार

दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में चार्जशीट दायर

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन चौतरफा बढ़ती ही जा रही हैं। शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को अब कोई राहत भी नहीं मिल पाई कि अब प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाला केस में चार्जशीट फाइल कर दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट सोमवार को ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले सकती है।

ईडी की इस चार्जशीट में रिटायर्ड मुख्य इंजीनियर जगदीश अरोड़ा और ठेकेदार अनिल अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है। बता दें कि दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में ही ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी समन जारी किया था, लेकिन वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे।

जल बोर्ड घोटाले का पैसा आप नेताओं को दिया गया: इससे पहले फरवरी में आम आदमी पार्टी के नेताओं के 12 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। ईडी के मुताबिक, जल बोर्ड घोटाले का पैसा आम आदमी पार्टी के नेताओं को दिया गया था। यह पैसा आप के इलेक्शन फंड के लिए भी दिया गया। ईडी के मुताबिक, इस घोटाले में दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन चीफ इंजीनियर जगदीश अरोड़ा ने यह बात जानते हुए भी कि कंपनी टेक्निकल एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा नहीं करती है, 38 करोड़ रुपये के ठेके एमएस एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर को दिए थे।

जगदीश अरोड़ा ने रिश्वत का पैसा आप तक पहुंचाया: जगदीश अरोड़ा ने ही रिश्वत का पैसा आगे आम आदमी पार्टी से जुड़े लोगों तक पहुंचाया। इसी मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने 18 मार्च को केजरीवाल को किया था तलब: गौरतलब है कि, ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजकर 18 मार्च को तलब किया था। हालांकि, केजरीवाल ईडी के समन को भी दरकिनार करते हुए पेश होने से इनकार कर दिया था। आम आदमी पार्टी (आप) ने इसे केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की बैकअप योजना करार दिया था।

किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं रामलीला मैदान की इंडिया रैली: कांग्रेस

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर 31 मार्च को आप और इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में महारैली है। इस रैली के जरिए विपक्ष अपनी ताकत दिखाएगा। हालांकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का कहना है कि यह रैली किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं है। इसमें सारे नेता शामिल हैं, सारी पार्टियां शामिल हैं। ये किसी व्यक्ति नहीं बल्कि संविधान को बचाने के लिए है।

रैली को लेकर जयराम रमेश ने कहा, मैं बिलकुल स्पष्ट कर देना चाहता हूं। इंडिया गठबंधन की रैली है। किसी एक व्यक्ति के लिए रैली नहीं है। इसमें सारी पार्टिया, सारे नेता शामिल हैं। ये किसी व्यक्ति को बचाने के लिए नहीं है। ये संविधान को, लोकतंत्र को, निष्पक्ष चुनाव को बचाने की रैली है। हम खुद को मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहते हैं। लेकिन जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या हो रही है रोज, उसके खिलाफ यह रैली है। 4-5 मुद्दे हैं जिन पर यह रैली आयोजित की गई है। हमें हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल और कई अन्य लोगों को भी नहीं भूलना चाहिए, जिन्हें निशाना बनाया गया है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, झारखंड में जब भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंची तो हेमंत सोरेन जी की गिरफ्तारी हुई। तो हेमंत सोरेन हैं, अरविंद केजरीवाल जी हैं, कई मंत्री हैं अलग-अलग राज्यों में दिल्ली में भी मंत्री हैं। झारखंड, तमिलनाडु के भी कई मंत्रियों को निशाना बनाया गया। तो कल की रैली को लोकतंत्र के नजरिए से देखा जाना चाहिए ना कि किसी एक पार्टी या एक व्यक्ति के तौर पर।

झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन कल की रैली में मौजूद रहेंगे, और भी नेता होंगे। चंपाई जी को निमंत्रण देने खुद राहुल जी गए थे।

'आप' नेताओं ने घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया: आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने शुक्रवार को 31 मार्च को होने वाली पार्टी की महारैली के लिए घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया और साथ ही जेल में बंद अपने नेता अरविंद केजरीवाल के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से कैंडल मार्च की अगुवाई की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था।

स्वामी गौतमानंद ने रामकृष्ण मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला

कोलकाता, एजेंसी। स्वामी गौतमानंद ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला, जिसका मुख्यालय हावड़ा जिले के बेलूर में है। सबसे वरिष्ठ ट्रस्टी स्वामी गौतमानंद, जो आध्यात्मिक और शैक्षणिक संस्थान के उपाध्यक्ष थे, ने 26 मार्च को 16वें अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद (95) के निधन के बाद इसके कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। स्वामी गौतमानंद मूल रूप से तमिलनाडु के निवासी हैं, हालाँकि उनका पालन-पोषण मुख्यतः कर्नाटक में हुआ। वह रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की दिल्ली इकाई में एक भिक्षु के रूप में शामिल हुए। बाद में, उन्होंने स्वामी विवेकानन्द द्वारा प्रचारित मानव सेवा की सीख का अनुसरण करते हुए पूरे देश की यात्रा की। सबसे वरिष्ठ ट्रस्टी होने के अलावा, वह रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की चेन्नई इकाई के दैनिक मामलों को भी संभाल रहे थे।स्वामी गौतमानंद, जो लगभग 80 वर्ष के हैं, ने अपने प्रेरक भाषणों से लाखों भक्तों का दिल जीत लिया है।स्वामी स्मरणानंद के निधन के बाद वह चेन्नई से कोलकाता पहुंचे।अगले अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा होने तक वह कार्यवाहक अध्यक्ष बने रहेंगे।

आप ने फिर लगाए गंभीर आरोप, पूछा- ये रिश्ता क्या कहलाता है

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को खिलाफ आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोला हुआ है। आप लगातार प्रेस कॉन्फ्रेस कर मामले पर अरविंद केजरीवाल और अपना पक्ष रख रही है। शनिवार को भी दिल्ली सराकर में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और आरोप लगाया कि कथित शराब घोटाले से जुड़े वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और उनके बेटे राघव मगुंटा रेड्डी का सीधे एनडीए से संबंध है। इसकी जांच भी ईडी द्वारा की जानी चाहिए।

सौरभ भारद्वाज ने कहा, एक सांसद होने के नाते एमएसआर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिले। वो भी अपने परिवार के ट्रस्ट की जमीन के सिलसिल में, जिसमें मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जमीन उपराज्यपाल के अधीन आती है। आप अपना आवेदन दे दीजिए। मैं उसको फॉरवर्ड कर दूंगा। वो दिल्ली में ट्रस्ट के लिए जमीन चाहते थे, जिस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जमीन उपराज्यपाल का अधीन है। इसके बाद 16 सितंबर 2022 को एमएसआर के यहां छापा पड़ता है। जब इनका बयान लिया गया तो उन्होंने यही कहा कि मैं जमीन के सिलसिले में अरविंद

केरीवाल से मिलने गया था। सौरभ भारद्वाज ने कहा, इसके बाद इनके बेटे राघव मगुंटा रेड्डी को 10 फरवरी 2023 को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें पांच महीने तक जेल में रखा गया जिसके बाद एमएसआर टूट गए और 16 जुलाई 2023 को इन्होंने अपना बयान बदल लिया और पहली बार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान दिया। इसके बाद 18 जुलाई को उन्हें बेल मिल गई और अक्टूबर में सरकारी गवाह बनकर उन्होंने माफीनामा ले लिया। सौरभ भारद्वाज ने कहा, अब एनडीए के घटक दल टीडीपी ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है। यानी पीएम मोदी और बीजेपी अब अरविंद केजीवाल के खिलाफ मुख्य गवाह के परिवार के लिए लिए वोट मांगेंगे। ये रिश्ता क्या कहलाता है।

कैलाश गहलोत को समन पर क्या बोलीं आतिशी: उधर दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को ईडी का समन भेजे जाने के बाद आतिशी ने कहा कि किसी भी गिरफ्तारी का जांच से कोई लेना-देना नहीं है। अगर जांच से लेना होता तो भाजपा की भी जांच हो रही होती। यह पूरी जांच दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए। आम आदमी पार्टी को चुनाव को रोकने की जांच है। आज कैलाश गहलोत को बुलाया है। कल मुझे बुलाएंगे और हो सकता है कि परसों सौरभ भारद्वाज को ईडी द्वारा समन जारी कर बुलाया जाए। उसके बाद एक-एक कर हमारे विधायकों को बुलाया जाएगा।

उन्होंने कहा, यह चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश है। क्योंकि केंद्र की सरकार ने देख लिया है कि हर षड्यंत्र के बाद भी वो हमें चुनाव में हरा नहीं सके। इसलिए जांच के लिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार नहीं किया गया है। बल्कि सरकार को अस्थिर करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। मौजूदा समय में लोकतंत्र पर प्रहार किया जा रहा है। विपक्ष के खातों के सीज किया जा रहा है और इनकम टैक्स विभाग नोटिस दे रहा है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतंत्र में अंतिम प्रहार है।

पीएम मोदी बिहार के विकास के लिए संकल्पित हैं : रविशंकर प्रसाद

पटना, एजेंसी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं आम जनमानस को लाभान्वित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार के विकास के लिए संकल्पित हैं। प्रसाद ने वीडियो गीत मोदी संग बिहार लॉन्च करने के बाद पत्रकारों से कहा कि आज प्रत्येक देशवासी महसूस कर रहा है कि मोदी सरकार देश की तरक्की की गारंटी है। मोदी सरकार देश की खुशहाली की गारंटी है। मोदी सरकार हर गारंटी की पूरी होने की गारंटी है। प्रसाद ने कहा कि हम सभी को मिलकर फिर से मोदी सरकार बनानी है ताकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार के विकास के लिए संकल्पित हैं। बिहारवासी भी उन्हें 40 लोकसभा सीट देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साहित हैं। इससे पहले एक बार फिर पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित होने के बाद दिल्ली से पटना आने पर प्रसाद का पटना हवाई अड्डे पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

टीएमसी ने पीएम मोदी पर शेयर किया ऐसा कार्टून कि मच गया बवाल, बीजेपी नेता हमलावर

कोलकाता, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस की ओर से शेयर किए गए एक कार्टून को लेकर पश्चिम बंगाल की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे लेकर सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी की आलोचना की है। इस कार्टून में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक सीढ़ी को लात मारते हुए दिखाया गया है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी के दूसरे सीनियर नेता खड़े हैं। टीएमसी ने एक्स पर कार्टून को शेयर करते हुए लिखा, बंगाल के द्वार किलेबंद हैं। ममता बनर्जी यहां पहरा दे रही हैं! भाजपा के जमींदार जो रेंगकर अंदर आने की कोशिश कर रहे हैं, वे खुद को लड़खड़ाते हुए पाएंगे।

कार्टून में पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय भी दिख रहे हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य ने इसे लेकर टीएमसी पर निशाना साधा है। उन्होंने इस पोस्ट को दुर्भाग्यपूर्ण और नुकसान पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्टून बंगाल का नाम खराब कर रहा है। भट्टाचार्य ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आजाद भारत में ऐसे बदनाम और अपमानित करने वाला कार्टून कभी बना होगा। ऐसा मुख्यमंत्री जो देश के संघीय ढांचे के बारे में बात करता है, वह देश के प्रधानमंत्री को लात मार रहा है। क्या यह पॉलिटिकल पार्टी है? इससे तो पश्चिम बंगाल का नाम खराब हो रहा है।

प्रधानमंत्री को लात मारते हुए दिखाया, यह अपमानजनक: भाजपा नेता ने एक्स पर कहा कि यह देखना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। टीएमसी ने राजनीति को इस स्तर तक गिरा दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों का राजनीति के प्रति सम्मान पहले ही खत्म हो चुका है। अगर इस तरह के अपमानजनक हमले जारी रहे तो टीएमसी लोगों का सम्मान लगातार खोती जाएगी।

अमित शाह पर कमेंट कर बुरा फंसे सिद्धारमैया के बेटे, भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया के खिलाफ भाजपा ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई। इसमें आरोप लगाया गया कि यतींद्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करने के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। भाजपा की राज्य इकाई ने इसे लेकर निर्वाचन आयोग को पूर्व विधायक के खिलाफ पत्र लिखा है। इसमें कहा गया, 'यह हमारे नेताओं पर निजी हमला है। यतींद्र सिद्धारमैया ने पूरी तरह से निंदनीय बयान दिया है। यह पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह पर निजी हमला है।'

यतींद्र ने गुरुवार को कहा था, उन पर (अमित शाह पर) गुजरात में हत्या का आरोप है। उनकी आपराधिक गतिविधियों की पृष्ठभूमि रही है। लेकिन अब, वह देश में एक उच्च पद पर हैं। इस पर भाजपा नेताओं ने कहा कि मैसूर से लोकसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने पर यतींद्र की निराशा ने उन्हें ऐसे बयान देने के लिए प्रेरित किया। भाजपा नेताओं ने कहा, सिद्धारमैया ने यतींद्र को मैसूरु से टिकट देने का वादा किया था, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया। वह निराश हैं और यही कारण है कि वह यह सब कह रहे हैं। वह एक छोटा बच्चा है और उसे राजनीति में कोई अनुभव नहीं है। जितना अधिक ये लोग भाजपा और उसके नेतृत्व के खिलाफ बात करते हैं, भाजपा उतनी ही मजबूत होगी।

पिता के नाम पर राजनीति में आए यतींद्र: भाजपा नेता

भाजपा नेता सी टी रवि ने कहा, यतींद्र अपने पिता के नाम पर राजनीति में आए। अमित शाह ऐसे नहीं हैं। उन्होंने बूथ स्तर पर बूथ अध्यक्ष के रूप में काम किया और फिर शीर्ष पर पहुंचे। वह अपने पिता के नाम पर राजनीति में नहीं आए। कुछ लोग अपने पिता के नाम पर सत्ता में आने पर इस तरह का व्यवहार करते हैं। इसके अलावा, भाजपा नेताओं ने यतींद्र की टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ चुनाव आयोग और पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की भी घोषणा की। उन्होंने सिद्दारमैया से भी आग्रह किया कि अगर वह निष्पक्ष और संतुलित सरकार बनाए रखना चाहते हैं तो अपने बेटे के खिलाफ कार्रवाई करें। भाजपा नेता एन रविकुमार ने कहा, यतींद्र ने गृह मंत्री अमित शाह के लिए बहुत अनुचित शब्दों का इस्तेमाल किया है। हम चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराएंगे और हम पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराएंगे।

आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा छक्के अब कोहली के नाम

80 प्लस की पारी खेलकर वॉर्नर को भी पीछे छोड़ा

नईदिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली ने केकेआर के खिलाफ नाबाद 83 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 59 गेंदों का सामना किया और इस दौरान 4 छक्के और इतने ही चौके भी जड़े। कोहली की इस पारी के दम पर आरसीबी का स्कोर 182 रन तक पहुंचा। इस सीजन में कोहली का यह बैक टू बैक अर्धशतक था।

कोहली ने अपनी पारी के दौरान 4 छक्के लगाए और इसके दम पर वह आरसीबी की तरफ से आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने साथ ही साथ नाबाद 83 रन की पारी खेलकर उन्होंने इस मामले में डेविड वॉर्नर को भी पीछे छोड़ दिया। आरसीबी की तरफ से कोहली से पहले आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज क्रिस गेल थे, लेकिन कोहली ने केकेआर के खिलाफ 4 छक्के लगाकर अपने छक्कों की संख्या 241 कर ली और गेल को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 239 सिक्स लगाए थे। इस लिस्ट में 238 छक्कों के साथ एबी डिविलियर्स तीसरे नंबर पर हैं जबकि 67 छक्कों के साथ मैक्सवेल चौथे स्थान पर हैं।

कोहली ने वॉर्नर को पीछे छोड़ा

कोहली ने 83 रन की पारी खेली और आईपीएल में सबसे ज्यादा 80 प्लस की पारी खेलने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। इस लीग में कोहली ने 16वीं बार ये कमाल किया जबकि वॉर्नर ने ऐसा 15 बार किया था और वह तीसरे नंबर पर चले गए। इस लीग में सबसे ज्यादा बार 80 प्लस की पारी 17 बार क्रिस गेल ने खेली थी।

आईपीएल में सर्वाधिक 80+ स्कोर

17 - क्रिस गेल
16 - विराट कोहली
15 - डेविड वॉर्नर
12- शिखर धवन
11 -जोस बटलर

आईपीएल में आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा छक्के

241-विराट कोहली
239 - क्रिस गेल
238 - एबी डिविलियर्स
67 -ग्लेन मैक्सवेल
50 - फाफ डु प्लेसिस
35 - दिनेश कार्तिक
31 - रॉस टेलर
30- रॉबिन उथप्पा

RCB इस बार भी क्यों नहीं जीत पाएगा खिताब

पूर्व इंग्लिश दिग्गज ने बताई इस टीम की सबसे बड़ी कमी

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2024 में शुक्रवार को आरसीबी का सामना केकेआर के साथ हुआ, लेकिन इस मैच में घरेलू मैदान पर भी फॉफ डुप्लेसिस की टीम को 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पिछले 3 मैचों में यह इस टीम की दूसरी हार थी जबकि केकेआर के खिलाफ आरसीबी का स्कोर बुरा नहीं था और इस टीम ने 182 रन बनाए थे।

आरसीबी के गेंदबाज इस स्कोर को डिफेंड कर पाने में सफल नहीं रहे थे। आरसीबी की इस बार के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने साफ तौर पर कहा कि ये टीम इस सीजन में भी चैंपियन नहीं बन पाई और उन्होंने इसका कारण भी बताया। आईपीएल के पिछले 16 सीजन में आरसीबी ने एक बार भी चैंपियन बनने का स्वाद नहीं चखा है और माइकल वॉन का फिर से इस तरह का बयान देना इस टीम के लिए अच्छा संकेत तो नहीं ही है। वॉन का मानना है कि इस सीजन में आरसीबी की गेंदबाजी आक्रमण जिस तरह की है उससे तो यह टीम चैंपियन नहीं बन पाएगी। केकेआर के हाथों 7 विकेट से मिली हार के बाद वॉन ने आरसीबी के लेकर एस्ट पर एक पोस्ट डाला और उसमें लिखा कि आरसीबी की टीम अपनी मौजूदा गेंदबाजी यूनिट की वजह से आईपीएल खिताब नहीं जीत सकती। बेंगलुरु घरेलू मैदान पर 183 रनों का बचाव करने में विफल रही, कोलकाता ने 7 विकेट और 19 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। माइकल वॉन के अलावा पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान ने भी इस टीम की गेंदबाजी को लेकर सवाल उठा दिए।

आईपीएल 2024 के बीच प्रियांक पांचाल ने रचाई शादी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेटर प्रियांक पांचाल ने एक निजी समारोह में स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट कालना शुक्ला से शादी की। प्रियांक ने शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए अपनी खुशखबरी के बारे में फैंस से साझा किया। एक ओर जहां आईपीएल 2024 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है तो दूसरी ओर डोमेस्टिक क्रिकेट में रन मशीन कहे जाने वाले प्रियांक पांचाल ने शादी कर ली है। गुजरात क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट कालना शुक्ला से धूमधाम से शादी रचाई। उन्होंने अपने खास दिन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। प्रियांक ने तस्वीरों के साथ लिखा- वादों से भरे दिलों के साथ, हम प्यार की खूबसूरत यात्रा में अपने पथ पर शामिल होते हैं। हमारी कहानी को शेयर करने के लिए उत्साहित हूं। प्रियांक और कालना। तस्वीरों में वे शादी के मंडप में दिख रहे हैं।

पिछले साल की थी सगाई

टीम गुजरात के पूर्व कप्तान प्रियांक पांचाल ने पिछले साल अहमदाबाद स्थित की खेल मनोवैज्ञानिक कालना शुक्ला से सगाई की थी। उस समय प्रियांक ने अपने प्यार के बारे में कहा था- कालना और मैं एक-दूसरे को कुछ

सालों से जानते हैं और एक साथ इस नई यात्रा को शुरू करना एक अद्भुत एहसास है। हमारे परिवार हमारे लिए खुश हैं।

कालना के बारे में खुलकर किया था प्यार का इजहार

कालना की किस बात को वह सबसे ज्यादा पसंद करते हैं, इस बारे में बात करते हुए प्रियांक ने कहा- मैं प्रशंसा करता हूं कि वह अपने काम के प्रति बहुत सतर्क रहती हैं। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में खेल मनोवैज्ञानिक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब हम एक-दूसरे को जानने लगे, तो उन्होंने मेरी काफी मदद की। जैसे आप शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए जिम में प्रशिक्षण लेते हैं, वैसे ही अपने दिमाग को प्रशिक्षित करना भी महत्वपूर्ण है।

इस दिन हुई प्रियांक पांचाल और कालना की शादी

रिपोर्ट की मानें तो शादी दो दिवसीय समारोह में संपन्न हुई। 28 मार्च को शादी और रिसेप्शन हुआ। प्रियांक को इंटरनेशनल टीम में सिलेक्शन हुआ, लेकिन वह अभी तक भारत के लिए किसी भी फॉर्मेट में डेब्यू नहीं कर सके हैं।

प्रियांक पांचाल का क्रिकेट करियर

क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 120 मैचों में 45.52 की औसत से 8423 रन बनाए हैं, जबकि 27 शतक और 33 अर्धशतक उनके नाम हैं। वह उन चुनिंदा प्लेयर्स में शामिल हैं, जिनके नाम तिहरा शतक है।

स्टार्क की IPL में फिर हुई कुटाई तो आइसलैंड क्रिकेट ने उड़ाई खिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क आईपीएल 2024 में अब तक उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।

कोलकात नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा स्टार्क दो मैचों में बिलकुल बेअसर नजर आए। वह गेंद से महंगे साबित हो रहे हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के विरुद्ध 53 जबकि शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 47 रन लुटाए। वह आठ ओवर में 100 रन खर्च कर चुके हैं और कोई विकेट नहीं लिया। उनका इस दौरान इकॉनमी रेट 12.50 का रहा। स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। उन्हें केकेआर ने नीलामी में 24 करोड़ 75 लाख में खरीदा था ताकि पेस अटैक मजूबत हों। स्टार्क के छाप नहीं छोड़ने पर फ्रेंचाइजी तो चिंतित होगी ही लेकिन क्रिकेट फैंस भी हैरान हैं। वहीं, आइसलैंड क्रिकेट ने कंगारू पेसर की खिल्ली उड़ाई है। आइसलैंड क्रिकेट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आइसलैंड में एक बीयर से भी ज्यादा महंगा। आइसलैंड क्रिकेट की पोस्ट पर काफी रिएक्शन आ रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, स्टार्क को लेना पैसे की बर्बादी नजर आ रहा है।

AIFF मेंबर ने की महिला फुटबॉलर्स से मारपीट

इंडियन विमेंस लीग-2 की घटना, एक्जिक्यूटीव कमेटी के मेंबर के खिलाफ शिकायत दर्ज

नईदिल्ली, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश स्थित क्लब, खाद स्नष्ट की दो विमेंस फुटबॉलर ने AIFF (ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन) की एक्जिक्यूटीव कमेटी के मेंबर दीपक शर्मा के खिलाफ कुछ गंभीर आरोप लगाए हैं। फुटबॉलरों के मुताबिक, शर्मा ने गोवा में चल रहे इंडियन विमेंस लीग 2 के दौरान एक होटल के कमरे में उनके साथ मारपीट की। फुटबॉलरों ने शुक्रवार को AIFF में शिकायत दर्ज कराई। जबकि, हमला गुरुवार को हुआ था।

फुटबॉलर्स के मुताबिक, शर्मा इस बात से नाराज थे कि प्लेयर्स खाना बना रहे है और उन्होंने उनके साथ मारपीट की। शर्मा हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव और ढ्ढस्नस्न कॉम्पिटिशन कमेटी के डेप्यूटी चेयरपर्सन है। फुटबॉलरों ने यह भी कहा कि घटना के समय शर्मा नशे में थे और जब वे हिमाचल प्रदेश से गोवा जा रहे थे तो वह उनके सामने शराब पी रहे थे।

गोवा फुटबॉल एसोसिएशन की शिकायत के आधार पर दीपक शर्मा को मापुसा पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक पलक वर्मा ने

इस घटना के बारे में एनडीटीवी से बात करते हुए बताया, उस दिन, मैं मैच में चोटिल हो गई थी और अपने कमरे में अंडे लेकर आई थी।

रात को करीब 10: 30-11 बजे, मैं एक और खिलाड़ी ऋतिका ठाकुर के साथ किचन में अंडे बना रही थी। उस समय, सर ने हमें अपने कमरे में बुलाया। दूसरी लड़की उनके कमरे में गई और उनसे पूछा गया कि हम क्या कर रहे हैं। बताया कि अंडा तैयार किया जा रहा है। सर ने लड़की को डांटा और फिर मुझे अंदर बुलाया। उन्होंने अभद्र तरीके से पूछा कि मैं अंडा क्यों बना रही हूं।

पलक ने बताया, मैंने उसे समझाया कि खाना खत्म हो गया है और इसलिए मैं कमरे में अंडा बना रही हूं। उस वक्त वह नशे में थे, उन्होंने मुझसे अंडे फेंकने को कहा और मैं रोने लगी और अपने कमरे में आकर दरवाजा पीटने लगी। इतना सुनते ही सर कमरे की ओर भागे और बिना खटखटाए कमरे में दाखिल हो गए। वे आए और हमारे साथ मारपीट की। मेरी रूममेट ने उसे रोका और फिर वह चले गए। IWL-2 विमेंस लीग फुटबॉल की सेंकंड टियर लीग है।

शिकायत करने पर शर्मा की पत्नी ने भी दबाव डाला

पलक बोली, घटना के बाद उनकी पत्नी, नंदिता आईं। वे एक क्लब की मैनेजर भी हैं, उन्होंने हम पर दबाव डाला। उन्होंने हमसे कहा कि हमारे अंदर कोई संस्कार नहीं है। हमने GFA (गोवा फुटबॉल एसोसिएशन) और AIFF में शिकायत दर्ज कराई है। वे जांच के लिए आये थे। उन्होंने शर्मा से कहा कि वह लिखकर दे दें कि हमें कोई नुकसान नहीं होगा। मेरी उम्र 21 साल है. हम पर अपनी शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

पलक ने कहा कि घटना के बाद से वह सो नहीं पाई हैं। वे खेलने में भी सक्षम नहीं हैं क्योंकि वे सही मानसिक स्थिति में नहीं हैं।

कप्तान हार्दिक पांड्या लगातार हो रहे हैं ट्रोल

स्टीव स्मिथ ने बताया उन्हें इस सबसे बचने का उपाय

नईदिल्ली, एजेंसी। हार्दिक पांड्या को जब से मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया है उन्हें स्टेडियम से लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक हर जगह क्रिकेट फैंस की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। हार्दिक पांड्या जहां जाते हैं उन्हें लेकर फैंस तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं और सोशल मीडिय पर तो उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

इस हालात में हार्दिक करें तो क्या करें शायद ही उन्हें कुछ समझ आ रहा होगा, लेकिन अब ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर साथ ही आईपीएल में कमेंट्री पैनल का हिस्सा बने स्टीव स्मिथ ने उन्हें इस सबसे बचने की सलाह दी।

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का मानना है कि हार्दिक पंड्या को इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में मुंबई के अब तक के प्रदर्शन के कारण होने वाली आलोचना और भीड़ के दुर्व्यवहार को नजरअंदाज करने की जरूरत है। रोहित शर्मा से मुंबई की कप्तानी संभालने के बाद से हार्दिक की काफी आलोचना हो रही है। उनकी आलोचना तब और बढ़ गई जब मुंबई ने गुजरात और हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 के अपने पहले दोनों मैच गंवा दिए। स्टीव स्मिथ ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो पर बोलते हुए हार्दिक पांड्या को आईपीएल के बचे हुए सीजन के लिए कुछ सलाह दी और उनसे बाहर होने वाले शोर पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया।

स्मिथ ने कहा कि इस तरह की बातों का कोई मतलब नहीं है और बाहर कोई नहीं जानता कि आप क्या कर रहे हैं और कोई भी बाहर का व्यक्ति उस चेंज रूम में नहीं हैं जहां क्या चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि तो क्या इसका उन पर (हार्दिक) पर कोई प्रभाव पड़ रहा है, हो सकता है कि ये संभव हो।

Wrestling: अब आर-पार के मूड में आया डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। डब्ल्यूएफआई ने शुक्रवार को विशेष आम बैठक (एजीएम) बुलाई और उसमें यह फैसला लिया कि अगर केंद्रीय खेल मंत्रालय उस पर लगाए निलंबन पर विचार नहीं करता है तो वह सरकारी खर्च के बिना काम करना शुरू कर देगा। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुआई वाली नई डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति पर खेल संहिता के उल्लंघन के आरोप के चलते निलंबन लगाया हुआ है।

आईओए ने तदर्थ समिति को किया था भंग

खेल की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया था। इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारत में कुश्ती का दैनिक कार्य देख रही भूपेंद्र सिंह बाजवा के नेतृत्व वाले तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय लिया था। आईओए द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद ही डब्ल्यूएफआई ने अपनी एजीएम आयोजित की थी।

सरकार ने नहीं हटाया डब्ल्यूएफआई से निलंबन

डब्ल्यूएफआई की नई कार्यकारी समिति के अध्यक्ष संजय सिंह को भले ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू और आईओए से राहत मिल गई है, लेकिन केंद्र सरकार से उन्हें अबतक राहत नहीं मिली है। सरकार के अनुसार, डब्ल्यूएफआई ने

नियमों का उल्लंघन किया था और चुनाव संपन्न होने के तीन बाद ही डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया गया था।

सरकार से निलंबन हटाने का अनुरोध करेगा डब्ल्यूएफआई

न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा, एजीएम के दौरान इस बात पर सहमित बनी है कि हम सरकार से निलंबन हटाने का अनुरोध करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने निलंबन हटा लिया है और आईओए ने भी तदर्थ समिति भंग कर दी है इसलिए डब्ल्यूएफआई पर लगाए गए निलंबन को जारी रखने का कोई मतलब नहीं है।

अगर खेल मंत्रालय हमारे अनुरोध पर विचार नहीं करता है और वित्तीय सहायता प्रदान करने के खिलाफ फैसला लेता है तो हम भी सरकार से कोई खर्च लिए बिना अपना काम करेंगे।

डब्ल्यूएफआई ने अपने संविधान में किया संशोधन

एजीएम के दौरान डब्ल्यूफआई ने अपने संविधान में एक अहम संशोधन किया है। इसके अनुसार अब नए पद पर चुनाव लड़ने वाले किसी उम्मीदवार को दो तिहाई बहुमत से जीतने की जरूरत नहीं होगी। डब्ल्यूएफआई के कुछ महीने पहले संपन्न हुए चुनाव में संजय सिंह को अध्यक्ष पद के लिए दो तिहाई बहुमत से चुनाव जीतना जरूरी था क्योंकि वह महासंघ के पिछले कार्यकाल में संयुक्त सचिव थे।

एक नजर

दो एनबीडबल्यू वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह थाना क्षेत्र के नगाईन गांव निवासी मुकेश प्रसाद व लोहड़ी गांव निवासी बासुदेव राम को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि नगाईन गांव निवासी मुकेश प्रसाद व लोहड़ी गांव निवासी बासुदेव राम पर न्यायालय से एनबीडबल्यू वारंट निर्गत था। दोनो आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा थे। गुप्त सूचना मिली कि दोनो व्यक्ति घर पर आए हुए है। गोह पुलिस द्वारा उनके घर पर छापेमारी की गई। दोनो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

शराब के मामले में फरार धंधेबाज गिरफ्तार

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने शराब के मामले में कई महीनो से फरार धंधेबाज को शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि बानरा गांव निवासी अखिलेश पासी के घर जनवरी माह में छापेमारी करते हुए शराब बरामद किया गया था, लेकिन पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज अखिलेश फरार हो गया था। तब से पुलिस लगातार उसे तलाश रही थी। उसे गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

कार से चार पेटी देसी शराब बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार

नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। नबीनगर में एनटीपीसी खैरा थाना की पुलिस ने नारायणपुर से मारुति सुजुकी पर 4 पेटी में लदा कुल-34.56 लीटर देशी टनाका शराब के साथ चालक झारखंड के पलामू के जपला थाना के कामत निवासी मनीष कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। मामले में कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कौशल नगर के ऑफ पोलो रोड को खोलने की मांग

पटना (नि.सं.)। कौशल नगर के ग्रामीणों ने शुक्रवार को ऑफ पोलो रोड को बंद करने के विरोध में आम सभा की। इसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व युवाओं ने ग्रामीणों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह मोहल्ला दलित व वंचितों का है। इस रास्ते को बंद करने से हजारों की आबादी प्रभावित होंगी। इस वजह से इसे तुरंत खोला जाए। उनका कहना है कि अगर इस रास्ते को तुरंत नहीं खोला गया तो आम चुनाव में वोट का बहिष्कार किया जाएगा।

कक्षा 5 व 8 वार्षिक परीक्षा में अनुतीर्ण विद्यार्थियों की विशेष कक्षा एक अप्रैल से

पटना (नि.सं.)। बिहार के शिक्षा विभाग ने प्राथमिक कक्षाओं में असफल हुए छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष पहल शुरू कर रहा है। कक्षा तीन से आठ तक के वार्षिक परीक्षा में जो विद्यार्थी अनुतीर्ण होंगे, उनके लिए एक अप्रैल से 14 मई तक विशेष कक्षाएं स्कूल में चलेंगी। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसके बाद ऐसे बच्चों की विशेष दक्षता परीक्षा 15 मई को ली जाएगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। इस पत्र में कहा गया है कि वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण अगली कक्षा में नामांकित होंगे। वहीं, अनुतीर्ण छात्र-छात्राओं की विशेष कक्षा ली जाएगी। मालूम हो कि एक दिसंबर से कक्षा तीन से आठ तक के पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए मिशन दक्ष अभियान चलाया गया था। इसके तहत 18 मार्च तक स्कूल की छुट्टी के बाद विशेष कक्षा में इन बच्चों को पढ़ाया गया। ताकि, ये अपने कक्षा के अनुरूप ज्ञान हासिल करने में सक्षम हों।

लोकसभा चुनाव 2024 : औरंगाबाद में एक दर्जन प्रत्याशियों के नामांकन रद्द, नौ रह गए मैदान में

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत औरंगाबाद संसदीय सीट से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वाले 21 उम्मीदवारों में एक दर्जन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। नामांकन रद्द होने के बाद अब 9 प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में रह गए है। अभ्यर्थिता रद्द किए गए प्रत्याशियों में दो दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। वही अभ्यर्थिता रद्द किए जाने से क्षुब्ध कई उम्मीदवारों ने एक साजिश के तहत नाम निर्देशन रद्द किए जाने का आरोप लगाया है। औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि शनिवार को उम्मीदवारों द्वारा दाखिल नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा में नाम निर्देशन पत्र में त्रुटि पाए जाने पर 12 प्रत्याशियों की अभ्यर्थिता अस्वीकृत कर दी गई है। जिन उम्मीदवारों का नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत किया गया है, उनमें बीजेजेडी के प्रत्याशी शंभूशरण ठाकुर, राजपा के अजीत कुमार, निर्दलीय सुजीत कुमार सिंह, महेंद्र कुमार, विनोद प्रसाद चौधरी, गौतम कुमार, अनील प्रसाद, अमन कुमार सिंह, अमित शर्मा, सुरेश राम, धीरेंद्र कुमार सिंह एवं शक्ति कुमार मिश्रा शामिल है। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाले विनोद प्रसाद चौधरी ने कहा कि हमारे साथ नाइंसाफी हुई है। इसकी हमें उम्मीद नही थी। यदि हमारे नामांकन में त्रुटि थी, तो हमें सुधार का मौका दिया जाना चाहिए था। ऐसा नही कर लोकतंत्र का गला घोंटा गया है। नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत किए जाने के बाद निर्दलीय सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि वें पटना हाईकोर्ट में रिट दायर करेंगे।

आईडीबी विस्फोट से उड़ा देने की साजिश हुई नाकाम

सुरक्षा बालों ने प्रेशर आईडी को किया डिफ्यूज

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में पुलिस ने लोकसभा चुनाव के दौरान माओवादियों की दहला देने वाली बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने चुनाव को लेकर चलाए जा रहे एंटी नक्सल स्पेशल ऑपरेशन के दौरान छः शक्तिशाली प्रेशर आईइडी बम को बरामद कर डिफ्यूज कर दिया है। नक्सलियों की योजना विस्फोट कर सुरक्षा बलों को उड़ाने की थी। पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और बाधा रहित संपन्न कराने को लेकर पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी दौरान औरंगाबाद एवं गया जिले के सीमावर्ती मदनपुर थाना क्षेत्र में छकरबंधा के दुर्गम जंगली- पहाड़ी इलाके से पुलिस ने छः प्रेशर आईइडी को बरामद कर डिफ्यूज कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस को छकरबंधा के जंगलों में नक्सली गतिविधियों में तेजी और हथियार, गोला-बारुद, विस्फोटकों तथा असलहों को छिपाए जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आलोक में पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से सर्च अभियान को और तेज किया। अभियान की जिम्मेवारी कोबरा बटालियन की डी-205 कंपनी के कमांडेंट कैलाश आर्या को दी गई। इसके बाद सहायक कमांडेंट देवव्रत पांडेय के नेतृत्व में सघन सर्च शुरू किया गया। इस दौरान माओवादियों के ट्रेनिंग सेंटर के रूप में चर्चित रहे करीबा डोभा, सहिया एवं बंदर झूला की पहाड़ियों के पास से तीन प्रेशर आईइडी तथा तीन आईइडी की एक सीरीज समेत कुल छः शक्तिशाली आईइडी बम बरामद किया गया। आईईडी की बरामदगी के बाद कोबरा के बीडीडी स्क्वायड द्वारा सावधानी पूर्वक मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया। कहा कि नक्सलियों की योजना आईइडी बम इंप्लांट कर सुरक्षा बलों को उड़ाने की थी, जो विफल हो गई। एसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद पुलिस बेहद अलर्ट है। शहर से लेकर गांव और जंगली-पहाड़ी इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। एरिया डॉमिनेशन किया जा रहा है। चुनाव को लेकर पुलिस हर तरह की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रही है।

अनुग्रह मिडिल स्कूल में प्रगति पत्रक वितरण समारोह में बोले डीईओ

बच्चों के विकास में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में शनिवार को वर्ग पंचम एवं अष्टम के छात्रों के बीच हाल में संपन्न हुई वार्षिक मूल्यांकन के बाद पीटीएम में डीईओ सुरेंद्र कुमार एवं प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने प्रगति पत्रक वितरित किया। डीईओ ने अभिभावकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के प्रगति में अभिभावकों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। अभिभावकों को बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं भी सौंप दी गयी है। डीईओ ने पेरेंट्स से अपील किया कि वे अनिवार्य रूप से बच्चों के प्राप्त नंबर को देखें और उसे और बेहतर स्कोर करने के लिए प्रेरित करें।हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बड़ी संख्या में आए अभिभावकों को उनके बच्चों की सफलता के लिए बधाई दी और निरंतर बच्चों के संपर्क में रहने का सुझाव दिया। डीईओ एवं हेडमास्टर ने बेहतर करने वाले बच्चों क्रमशः रितिका कुमारी, वीणा कुमारी, राकेश कुमार, स्नेहा कुमारी, किरण कुमारी एवं लवली कुमारी को प्रगति पत्रक प्रदान कर सम्मानित किया एवं आगे भी उन्नयन के पथ पर अग्रसर करते रहने का आशीर्वाद दिया। शेष सभी बच्चों को उनके वर्ग शिक्षक मंजू कुमारी, योगेंद्र पाल एवं मीना कुमारी ने प्रगति पत्र के साथ उत्तर पुस्तिकाएं प्रदान कर नए वर्ग के लिए शुभकामनाएं दी।

बुढ़वा मंगल के आयोजन को ले शांति समिति की बैठक सपन्न

ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने शनिवार को ओबरा थाना के कारा में मंगलवार 02 अप्रैल को मनाए जाने वाले बुढ़वा मंगल को लेकर पुनः आयोजन समिति के सदस्यों के साथ ओबरा थाना में शांति समिति की बैठक की। बैठक में लाइसेंस की शर्तों के बारे में बताया। साथ ही धारा 144 एवं आचार संहिता के नियमो के अनुरूप त्योहार मनाने के बारे में बताया। इसदौरानएसडीपीओनेओबराथानाध्यक्ष के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक भी की।

रामनवमी की तैयारी को लेकर पूजा समितियों की बैठक हुई संपन्न

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। शहर के काली क्लब में रामनवमी को लेकर श्री सरस्वती शुशोभित समिति के बैनर तले शनिवार को सर्वदलीय बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष नवीन सिन्हा ने की। बैठक में शहर के बुद्धिजीवी, सभी संगठन एवं समिति के सदस्यों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी उत्सव और भी भव्य मनाया जाएगा। बैठक में शहर की सबसे प्रचीन समिति श्री सरस्वती सुशोभित समिति के अध्यक्ष नवीन सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष समिति की तरफ से काली क्लब के प्रांगण में 17 अप्रैल को झांकी एवं जागरण का कार्यक्रम एवं 18 अप्रैल को शोभायात्रा निकाला जाएगा, जो राम जानकी ठाकुरबाड़ी से नगर थाना भाया मुख्य बाजार होते हुए सत्येंद्र नगर ब्लॉक में समापन किया जाएगा। वही सत्येंद्र नगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने कहा कि सत्येंद्र नगर में प्रवचन का कार्यक्रम होगा। 17 अप्रैल को आमंत्रण देने हेतु शहर में भ्रमण किया जाएगा। इसके बाद 18 अप्रैल को सत्येंद्रनगर से भी भव्य शोभायात्रा शहर में निकाल जाएगा। बैठक में उपस्थित समिति के सचिव सचिन सिन्हा ने कहा कि रामनवमी पर्व शहर के लिए एक महापर्व के रूप में दिखने लगा है। प्रत्येक वर्ष उसका स्वरूप बढ़ता जा रहा है। इस महापर्व को शहर के हर राम भक्त के साथ-साथ माताओं और बहनो को भी इंतजार रहता है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद यह प्रथम रामनवमी पर्व है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र महाराज को समर्पित किया जाएगा। बैठक में सतेन्द्र नगर रामनवमी पूजा समिति, राम जानकी ठाकुरबाड़ी से विकास कुमार, संस्कार भारती से रंजय अग्रहरि, श्री सरस्वती आराध्य समिति से शिव गुप्ता, कारगिल स्मारक समिति से कृष्ण कुमार पिंटू, सामाजिक कार्यकर्ता शुभेन्दू शेखर सिंह, तत्पर युवा से कुंदन कुमार, सोनू योगी, कुणाल, अतुल एवं समिति के सदस्य रंजीत कुमार, ओमप्रकाश, संजीव कुमार, अदित्य श्रीवास्तव, अजय कुमार, सुजीत कुमार, सुद्धेश्वर पासवान, ऋषि राज, सुजीत, प्रभात, अनिकेत, रोशन, धनंजय, पिंटू एवं पंचम आदि मौजूद रहे।

बच्चों के अभिभावकों के साथ अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने जानकारी दी कि शनिवार को वर्ग अष्टम एवं पंचम के बच्चों के अभिभावकों के साथ अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी में शिक्षकों के द्वारा बच्चों की वार्षिक मूल्यांकन के अधार पर प्रगति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में एक महत्वपूर्ण बात उभर कर आई कि अभिभावक अपने बच्चों की तुलना दूसरे बच्चे से नहीं करें, बल्कि अपने ही बच्चे की दैनिक प्रगति से करें। कल तक बच्चे में जो कमी थी उसमें सुधारात्मक पहल कितना हुई। इस पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। नये सत्र में बच्चों के शैक्षणिक उन्नयन हेतु योजना पर भी चर्चा हुई। वर्ग अष्टम- अ के वर्ग शिक्षिका दिब्या रानी, वर्ग अष्टम-ब के वर्ग शिक्षक निवास शर्मा एवं वर्ग पंचम के वर्ग शिक्षिका ने अपने वर्ग के छात्र- छात्राओं को कुछ उपहार प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की मंगलमय कामना की। इस अवसर पर शिक्षक रामेश्वर प्रसाद, बिनोद कुमार,संतोष कुमार, मनीष कुमार मनी, सुशील कुमार, शिक्षिका निलम कुमारी सिंहा, कौसर प्रवीण अनिता कुमारी, प्रमिला सिंह, सुषमा कुमारी, होमा रफत एवं अभिभावक उपस्थित रहकर अपने विचार रखे। रा. मध्य विद्यालय बसडीहा कला औरंगाबाद में दीक्षांत समारोह सह अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्राथमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान) औरंगाबाद गार्गी कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। बच्चों को वार्षिक मूल्यांकन- 2024 का प्रगति पत्रक प्रदान किया गया। डीपी ने शिक्षकों को मूल्यांकन- के टीप्स देते हुए कहा कि बच्चे जहाँ गलती करते हैं उनके कापी में लाल कलम से घेरा लगाकर उसमें सुधार कर बच्चों को कापी जरूर दिखायें। अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में अभिभावकों को सलाह दी अपने बच्चों को नियमित समय विद्यालय जरूर भेजें। विद्या से बड़ा कोई धन नहीं है। इस कार्यक्रम में वर्ग अष्टम,(सत्र-2023-24) के वार्षिक मूल्यांकन- में उतीर्ण छात्र एवं छात्राओं को प्रगति पत्रक एवं विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र देकर विद्यालय परिवार ओर से भी उनके उज्जवल भविष्य की मंगलमय कामना की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने की एवं संचालन शिक्षक अखिलेश कुमार भारती ने की।

लोकसभा चुनाव को लेकर हस्ताक्षर अभियान का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को समाहरणालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ मा. जिलाधिकारी महोदय द्वारा किया गया। इस अभियान में डीडीसी सर, एडीएम सर, एसडीओ सर, वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शिनी, श्वेता प्रियदर्शी, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीएम स्वास्थ्य, डीपीएम जीविका एवं जिले के अन्य पदाधिकारियों ने मतदान का महत्व बताया. 'एक एक वोट कीमती', 'वोट फॉर डेमोक्रेसी, 'पहले मतदान फिर जलपान', 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' जैसा नारा दिया गया। जिला के स्वीप पीडब्ल्यूडी आइकन श्री सुखराम सिंह ने भी इस हस्ताक्षर अभियान में उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाई। उनके द्वारा कहा गया कि "दिव्यांग साथी आगे आयें, मतदाता का फर्ज निभाएं।

मतदाता जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण का हुआ आयोजन

निज संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला के सभी प्रखण्डों में मतदाता जागरूकता हेतु अलग-अलग गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

आज दाउदनगर में सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर के तहत सीएचओ और एएनएम के नेतृत्व में आशा और ग्रामीणों के साथ मतदाता जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण किया गया। वहीं बीपीएम हसपुरा के नेतृत्व में अहियापुर पंचायत में जीविका दीदियों द्वारा डोर टू डोर अभियान चला कर मतदाताओं को शपथ दिलायी गयी कि हमारे घर के सभी लोग अपना वोट डालें। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोह से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, लेखापाल, बीसीएम, आशा फैसिलिटेटर एवम आशा कार्यकर्ताओं एवम अन्य लोगों ने भाग लिए। बीपीएम गोह की उपस्थति में अनमोल वो पुंदौल बेरका में मतदाता जागरूकता रेली और शपथ कराया गया जिसमें धर्मेंद्र एरिया समन्वयक, संजीव एलएचएस, आशीष बीआरपी, संगीता सीसी, सबिता सुनीता, राधा, कमला, गुरिया, अनिता समेत अन्य जीविका दीदी शामिल हुई।

ख़ग़ौल नाट्य महोत्सव : गबरघिचोर नाटक में पुरुष प्रधान समाज को एक मां ने दिखाया आईना

निजसंवाददाता

खगौल (पटना)। शनिवार को खग़ौल के चर्चित वरिष्ठ रंगकर्मी प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा निर्देशित 'गबरघिचोर' नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से भोजपुरी भाषा के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर ने एक स्त्री के अधिकार न्याय पाने के लिए उसके संघर्ष को निरूपित किया है, जो पुरुष प्रधान समाज के लिए अभिनव उदाहरण है। बता दें कि लगभग 80 साल पहले लिखे इस अति प्रगतिशील नाटक के संदेश को कलाकारों ने बड़ी ही सहजता से मंच पर साकार किया। इस संगीतमय प्रस्तुति को मंच पर जीवंत बनाने में कलाकारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। मंच पर कलाकारों में हौबिन्स कुमार (पंच), अंजलि शर्मा (गलीज बहू), सोनू कुमार (गलीज), रोहन राज (गड़बड़ी), विवेक राज (घिचोर) और दीनानाथ गोस्वामी (जल्लाद) ने दर्शकों की वाहवाही बटोरी। प्रस्तुति की नेपथ्यकर्मियों में अमन कुमार, प्रशांत कुमार, रजनीकांत, कुमारी शिखा, पूजा कुमारी आदि ने कोरस के रूप में एवं श्यामाकांत के गीत संगीत तथा रंजीत दास ने नालवादन से खूब प्रभावित किया। महासचिव प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को महोत्सव के आखिरी दिन प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक 'ट्रिक' एवं प्रबोध जोशी लिखित नाटक 'पागल' का मंचन किया जायेगा।

लोस चुनाव : अनुमंडल स्तरीय सीमा समन्वय की हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। लोकसभा चुनाव को लेकर अनुमंडल स्तरीय सीमा समन्वय बैठक सिंचाई विभाग दाउदनगर के आईबी में किया गया। अरवल, दाउदनगर व रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार, एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, अरवल एसडीपीओ कृति कमल, बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय बैठक में उपस्थित रहे। बताया गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने पर चर्चा की गई। कई चेक पोस्ट बनाए गए हैं। वाहनों की सघन जांच जारी है।वांछित अपराधियों की सूची आदान-प्रदान किया गया है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए संयुक्त रूप से छापेमारी में एक दूसरे के सहयोग करने पर बैठक में चर्चा की गई। दाउदनगर थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान, ओबरा थानाध्यक्ष अजय कुमार, रोहतास जिले के नासरीगंज थानाध्यक्ष अनिल कुमार, कछवां थानाध्यक्ष नितेश कुमार, दाउदनगर बीडीओ योगेंद्र पासवान, सीओ शैलेंद्र कुमार यादव उपस्थित रहे।

छात्रा बरामदगी एवं प्रधानाध्यापक को गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

निज संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज थाना क्षेत्र के एक मध्य विद्यालय की 13 वर्षीय छात्रा को भागने का आरोप प्रधानाध्यापक पर लगाया गया है। इस मामले में छात्रा के पिता ने रफीगंज थाना में प्रधानाध्यापक को आरोपी बनाते हुए शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराया। जिसमे उल्लेख किया है कि 28 मार्च को 13 वर्षीय पुत्री कही बिना बताएं हुए चली गई है। काफी खोज बिन किया।

इसी बीच उसकी सहेलियों से पूछताछ किया गया तो बताई की गांव के ही मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक विशेष बातचीत करते थे। संभावना है कि बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। शनिवार को प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार करने एवं छात्रा को बरामदगी को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। जानकारी मिलते ही रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली ,एस आई कुशो कुमार,परमजीत मंडल, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विद्यालय पहूचे।मामला को शांत कराया और शीघ्र ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।बीइओ ने बताया कि उक्त शिक्षक को निलंबित किया गया है। वरीय शिक्षक को प्रभार दिया गया है। स्कूल सुचारू रूप चलाया जाएगा।

होल्डिंग टैक्स : 99 बकायेदारों की 42 लाख की राशि के चेक बाउंस, निगम भेज रहा नोटिस

निज संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम को चेक के माध्यम से भुगतान करने वाले 99 बकायेदारों के चेक बाउंस हो चुके हैं। इन सभी बकायेदारों को पटना नगर निगम की तरफ से लीगल नोटिस भेजा जा रहा है। लगभग 42 लाख की राशि चेक के माध्यम से लोगों द्वारा जमा की गयी थी, जो बाउंस कर चुकी है। इन बकायेदारों द्वारा 31 मार्च तक राशि जमा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी। 31 मार्च तक संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने पर लोगों को 1।5 फीसदी की पेनल्टी अतिरिक्त देनी होगी। मालूम हो कि इस वित्तीय वर्ष में 23 मार्च तक लोगों ने 102 करोड़ होल्डिंग टैक्स और कचरा शुल्क के रूप में जमा किया था। अवकाश के दिन भी नगर निगम कर्मी वार्डों में टैक्स कलेक्शन के लिए जा रहे हैं। साथ ही लोगों की सहूलियत के लिए रविवार व अवकाश के दिन भी पटना नगर निगम के सभी काउंटर खुले हैं, ताकि वे छुट्टी के दिन भी संपत्ति कर का भुगतान कर सकें। 31 मार्च तक प्रत्येक रविवार व सामान्य अवकाश के दिन भी यह सेवा जारी रहेगी। संपत्ति कर के निर्धारण या पुनर्निधारण के लिए शहरवासी निगम द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 155304 पर कॉल करके अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं। स्लॉट बुक कराए जाने के बाद पटना नगर निगम की टीम उनके घर-प्रतिष्ठान पर जाकर कर निर्धारण व पुनर्निधारण का कार्य करेगी। pmc।bihar।gov।in/ के माध्यम से घर बैठे संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। निगम मुख्यालय व अंचल कार्यालयों में भी जाकर संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। 3।बोरिंग रोड चौराहा व आयकर गोलंबर के पास संपत्ति कर संग्रहण के लिए विशेष काउंटर की व्यवस्था की गयी है। रोज सुबह सात बजे से सुबह 11 बजे तक सभी वार्डों में टीम जाकर संग्रहण कर रही है। 5।पेटीएम, फोनपे, जीपे व अन्य यूपीआइ से भी संपत्ति कर का कर सकते हैं भुगतान। पोर्टल पर उपलब्ध सेल्फ असेसमेंट फॉर्म भरकर स्वयं कर निर्धारण व पुनर्निधारण कर सकते हैं।

मंगलम ENT क्लिनिक
ज्ञानपुरी लेन नं.-2, नियर डॉ. बी.के. सिंह, नागा बिगहा रोड, औरंगाबाद
नोट : यहां कान, नाक एवं गला से संबंधित रोग जैसे :- थायराइड, कान बहना, कम सुनाई देना, कान में दर्द होना, कान के पर्दे में छेद होना, नाक जाम रहना, नाक से पानी आना, साईनस, नाक में मस्सा होना, नाक का हड्डी टेढ़ा होना, गले में दर्द एवं सूजन, गले में कुछ अटकना एवं अवाज से संबंधित बीमारियों का उचित ईलाज होता है।
Cont :- 6206689906
Dr. SUMIT
MBBS, MS (ENT) NMCH
(Gold Medalist)
Ex. resident (Medicine) ANMMCH, GAYA
Ex. Medical Offcer (Bihar Govt.)
Senior Resident (ENT Dept)
नाक, कान एवं गला रोग वशेषज्ञ
Endoscopic & Micoscopic ENT Surgeon
Time :- 10 Am To 8 Pm (Saturday, Sunday & Monday)